**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 26.1 | 14.0 |
| जमशेदपुर | 26.0 | 15.0 |
| डालटनगंज | 22.6 | 16.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *




पेज 8-9

www.lagatar.in | सोमवार, 08 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 261 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## भारत जोड़ो न्याय यात्रा

### 2 से 5 फरवरी के बीच आएंगे राहुल



**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 2 से 5 फरवरी के बीच झारखंड पहुंच सकती है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को यह जानकारी दी. बताया कि यहां यात्रा दो चरणों में होगी. इस दौरान यात्रा 8 दिन में 13 जिलों में 804 किमी की दूरी तय करेगी. ठाकुर ने कहा, राहुल गांधी के बैठक स्थलों और जनसभा वाले स्थानों व मार्ग को अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे जल्द ही सार्वजनिक कर देंगे. ठाकुर ने आरोप लगाया, जब भी हेमंत के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार लोगों के हितों के लिए पहल करती है, केंद्रीय जांच एजेंसियां सक्रिय हो जाती हैं और लोगों के हितों की राह में बाधाएं पैदा करने लगती हैं. इसी लिए, राहुल गांधी ने 8 दिनों तक झारखंड में रहने का फैसला किया है, ताकि यहां के लोगों की आवाज मजबूती से उठाई जा सके. कांग्रेस सोरेन सरकार में गठबंधन सहयोगी है.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,600 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## धनबाद में अवैध कोयला कारोबारियों पर कसा शिकंजा

# 6000 टन कोयला जब्त

**पुलिस कर रही कागजात की जांच**

**शुभम संदेश टीम। धनबाद**



धनबाद पुलिस ने जिले के गोविंदपुर थाना अंतर्गत अंबोना रोड स्थित निशा फूड हार्डकोक भट्ठे में शनिवार रात को छापेमारी कर करीब 6000 टन कोयला बरामद किया है. इस हार्डकोक भट्ठे का संचालन विवेक अग्रवाल एवं सोनू सिंह कर रहे हैं. छापेमारी के बाद पुलिस ने खनन विभाग के अधिकारियों को बुला कर कोयला की मापी कराई. जिला खनन विभाग के अधिकारियों ने भी भट्ठा पहुंच कर मामले को देखा. कोयला बीसीसीएल एवं ईसीएल की कोलियरियों का है. इसका कागजात हार्डकोक भट्ठा मालिकों ने पुलिस को दिखाया है. मालिकों द्वारा दिए गए कागजातों की पुलिस द्वारा जांच की जा रही है. कागजातों की जांच के बाद ही इस मामले में पुलिस अगली कार्रवाई करेगी. फिलहाल पुलिस ने कोयले पर निगरानी के लिए पुलिस बल प्रति नियुक्त कर दिया है. मामले की छानबीन की जा रही है.

**राजगंज के डोमनपुर में भी 100 टन कोयला बरामद :** उधर, राजगंज में भी एसएसपी के निर्देश पर जीटी रोड किनारे रविवार को अवैध कोयले के भंडारण पर छापेमारी कर पुलिस ने 100 टन से अधिक कोयले को जब्त बरामद किया है. डोमनपुर के जोडाआम जीटी रोड के किनारे भोला महतो के द्वारा लंबे समय से अवैध कोयले का भंडारण किया जा रहा था. अचानक हुई कार्रवाई से धंधेबाजों में खलबली मची है. बरामद कोयले को जब्त कर जेसीबी के सहारे हाइवा में लोड कर राजगंज थाना ले जाया जाया गया. हालांकि स्थानीय पुलिस ने अभी कुछ भी बोलने से इन्कार किया है.

### झरिया में छापेमारी, 50 टन अवैध कोयला जब्त



रविवार को झरिया, धनसार पुलिस और सीआईएसएफ की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया. इसके बाद कोयला चोर भाग खड़े हुए, इस दौरान टीम ने 50 टन कोयला जब्त किया. पुलिस को सुचना मिली थी की तालाब के समीप कोयला जमा कर रखा गया है. इसकी जब्ती के लिए पुलिस बीसीसीएल के बस्ताकोला प्रबंधन से पे लोडर व डम्पर लेकर स्थल पर पहुंची थी. छापेमारी का नेतृत्व झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह व धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह कर रहे थे. जब्त कोयला को बस्ताकोला बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया. वहीं छापेमारी के बाद से कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है. बीसीसीएल की ओर से उक्त स्थल पर हाजरी लिपिक एस तिवारी मौजूद थे. वहीं झरिया थाना इंस्पेक्टर संतोष सिंह का कहना है की क्षेत्र मे कोयला का अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा. छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा

## राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव

# सीएम हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन




राजधानी के मोरहाबादी मैदान में सीएम हेमंत सोरेन ने रविवार को 7 से 12 जनवरी तक चलने वाले खादी मेले के उद्घाटन किया. इस मौके पर सीएम ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बापू के विचार, सिद्धांत, उद्देश्य से जुड़ा है. यह सूत काटने से लेकर खादी बुनने तक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ता है. सरकार राज्य के पारंपरिक शिल्पकार एवं हस्त निर्मित कारीगरी, आदिवासी ज्वेलरी, डोकरा आर्ट, जुट क्राफ्ट, हैंडलूम, बस के उत्पाद आदि को बाजार उपलब्ध करने के लिए प्रयासरत है



### बंगाल में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** बंगाल के मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता सत्येन चौधरी की अज्ञात बदमाशों ने रविवार की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना रविवार दोपहर को बहरामपुर के चलटिया में हुई. जानकारी के मुताबिक कुछ लोग बाइक पर आए और नजदीक से टीएमसी नेता को गोली मार दी. इस घटना के बाद सत्यन चौधरी को मुर्शिदाबाद ले जाया गया. सूत्रों ने बताया कि सत्येन कभी अधीर रंजन चौधरी के करीबी हुआ करते थे, लेकिन बाद में वह टीएमसी में चले गए. हाल ही में सत्येन की सत्ताधारी पार्टी से दूरियां काफी बढ़ गई थीं. रविवार दोपहर बदमाशों ने कथित तौर पर नजदीक से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. जिला महासचिव सत्येन चौधरी को हमलावरों ने करीब से गोली मारी. पुलिस जांच में जुटी है. लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही बंगाल में फिर से हिंसा का खूनी खेल शुरू हो गया है. बता दें कि 4 जनवरी को पश्चिम मेदिनीपुर के खेजुरी के पश्चिम भागनबाड़ी गांव में तृणमूल कार्यकर्ता शव मिला था. इसके पहले एक बीजेपी कार्यकर्ता का शव भी मिला था.

### शिंदे और सुकांत समेत 5 सांसद चुने गए संसद रत्न

**नयी दिल्ली।** भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत शिंदे समेत 5 सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है. भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है. इन सांसदों को 17 फरवरी को दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा. संसद रत्न पुरस्कार प्रतिवर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांसदों को, जबकि संसद महारत्न पुरस्कार लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार प्रदान किए जाते हैं. चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी धर्मार्थ न्यास 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के कहने पर इस सम्मान की शुरुआत की थी. इसके संस्थापक और अध्यक्ष के. श्रीनिवासन ने कहा कि ये पुरस्कार व्यापक प्रदर्शन पर आधारित है, जिसके लिए नामांकित व्यक्तियों का चयन कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित निर्णायक समिति ने किया.

## ब्रीफ खबरें

### ईडी पर हमला मामले की जांच के आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को प्राधिकारियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी व तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को तुरंत गिरफ्तार करने तथा आतंकवादियों के साथ उनके कथित संबंधों की जांच करने का निर्देश दिया है.

### दिल्ली में शीतलहर स्कूल-कॉलेज बंद



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए शीतकालीन अवकाश 12 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है. दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को यह जानकारी दी.

### आप नेता संजय सिंह को मिली इजाजत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी से नामांकन पत्र दाखिल करने के सिलसिले में मिलने की अनुमति दे दी है.

### देश में कोविड के 756 नए मामले, 5 की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में बीते कोरोना वायरस संक्रमण के 756 नए मामले सामने आए और पांच संक्रमितों की मौत हो गई. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी. सरकार ने सभी लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है.

### सपा प्रमुख गिरेबान में झांकें: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने उनके भरोसे पर सवाल उठाए थे. माया ने कहा कि उनको मुझ पर बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए.

## पीएम मोदी और भारत पर विवादित टिप्पणी करना मालदीव को भारी पड़ा

# सस्पेंड किए मरियम शिउना समेत 3 मंत्री

**एक्शन**

**एजेंसी। माले**

पीएम नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का मजाक उड़ाने को लेकर उठे विवाद पर मालदीव सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. मालदीव सरकार ने पीएम मोदी और भारत पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर मंत्री मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को निलंबित कर दिया है. राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भी उनके बयानों को निजी बताया है.

भारत ने मालदीव सरकार के साथ मामले को उठाते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज करायी थी. इस पर मालदीव ने सख्त कदम उठाते हुए उप मंत्री मरियम शिउना, उप मंत्री हसन ज़िहान और उप मंत्री मालशा को निलंबित कर दि या है. भारत ने मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना द्वारा पीएम मोदी के सोशल मीडिया पर लिए की गई अपमानजनक टिप्पणी का मामला मोहम्मद मुइज्जू सरकार के समक्ष उठाया है. माले में भारतीय उच्चायुक्त ने मंत्री की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है. मालदीव सरकार ने पीएम मोदी पर अपनी मंत्री की टिप्पणी पर बयान जारी कर कहा है, 'यह उनकी व्यक्तिगत राय है. मंत्री की टिप्पणी मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है'. बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने लक्षद्वीप दौरे की तस्वीरें पोस्ट की थीं और भारतीयों से इस आइलैंड पर घूमने आने की अपील की थी. मालदीव की युवा सशक्तीकरण मामलों की उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी के पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. भारतीय इंटरनेट यूजर्स द्वारा आलोचना करने के बाद शिउना ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी थी.

### मोदी के लक्षद्वीप दौरे से हुआ विवाद



मालदीव के एक मंत्री समेत कई नेताओं द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का मजाक उड़ाने से विवाद पैदा हुआ. मालदीव में उप मंत्री मरियम शिउना ने एक्स पर पोस्ट कर पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी की. उन्होंने पीएम मोदी को 'कठपुतली' भी कहा. हालांकि माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट एक्स से अब उन्होंने अपना यह बयान डिलीट कर दिया है. शिउना के अलावा, एक अन्य मंत्री, जाहिद रमीज़ सहित मालदीव के अन्य अधिकारियों ने भी पीएम मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की तस्वीरों का सोशल मीडिया पर मज़ाक उड़ाया था और कई लोगों ने इसकी तुलना मालदीव से की थी.



इन तीन मंत्रियों को किया गया सस्पेंड.

### मालदीव नेशनल पार्टी ने भी की आलोचना

मालदीव नेशनल पार्टी ने भी अपनी सरकार के मंत्रियों द्वारा दिए गए बयानों की आलोचना की है. एक पोस्ट कर मालदीव नेशनल पार्टी ने कहा, एक सरकारी अधिकारी द्वारा एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष के खिलाफ की गई नस्लवादी और अपमानजनक टिप्पणियों की मालदीव नेशनल पार्टी निंदा करती है. यह अस्वीकार्य है. हम सरकार से इसमें शामिल लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं.

## हेमंत सोरेन की बहन अंजली सोरेन का बड़ा बयान

# जरूरत पड़ी तो कल्पना बन सकती हैं सीएम

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



**बोली बहन**

- हमारी आदिवासी सरकार का किया जा रहा उत्पीड़न
- सीएम का फैसला विधायक दल की बैठक में ही होगा

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेने ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं. बीते दिनों सत्ताधारी झामुमो के विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने अपने पद से इस्तीफा दिया था. इसके बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है कि सीएम हेमंत सोरेन भी अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं और उनकी जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन झारखंड की नयी सीएम बन सकती हैं. अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बहन के बयान ने भी इन चर्चाओं को और हवा दे दी है. बहन ने भी अपनी बात कह दी है.

**क्यों बोलीं सीएम हेमंत सोरेन की बहन :** दरअसल सीएम हेमंत सोरेन की बहन अंजली सोरेन से न्यूज एजेंसी एएनआई ने जब कल्पना सोरेन के सीएम बनने की चर्चाओं को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह सीएम बन सकती हैं. हमारी पार्टी में अन्य लोग भी हैं, लेकिन इसका फैसला पार्टी के विधायक दल की बैठक में होगा. मैं अभी इसकी कोई पुष्टि तो नहीं कर सकती, लेकिन जरूरत पड़ी, तो वह सीएम बन सकती हैं. अंजली सोरेन ने हेमंत सोरेन को ईडी के समन मिलने पर कहा कि एक तरफ हमें ऊपर उठाया जा रहा है और दूसरी तरफ हमारा उत्पीड़न किया जा रहा है. हेमंत सोरेन सरकार एक आदिवासी सरकार है. मैं कह सकती हूं कि आदिवासी होने की वजह से हमें प्रताड़ित किया जा रहा है. केंद्र की सरकार को डर है कि अगर हेमंत सोरेन की सरकार काम करती रहेगी, तो उन्हें आदिवासियों के वोट नहीं मिलेंगे. यही वजह है कि वह यह सब कर रहे हैं.

### कल्पना सोरेन के सीएम बनने की क्यों हैं चर्चाएं

बता दें कि जमीन घोटाले में केंद्रीय एजेंसी ईडी छह बार हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी है, लेकिन हर बार सीएम हेमंत सोरेन किन्ही कारणों से ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं. अब ईडी ने सातवां समन जारी कर खुद सीएम हेमंत सोरेन से पूछा है कि वह खुद बताएं कि कब और कहां मिल सकते हैं. आशंका जताई जा रही है कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए भी ईडी रास्ता तलाश रही है. इसी वजह से ऐसी चर्चा है कि हेमंत सोरेन की जगह उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सीएम बन सकती हैं. हालांकि सीएम हेमंत सोरेन ने खुद इन चर्चाओं को खारिज कर दिया था.

# सीट शेयरिंग को लेकर टकरा रहे घटक दल

- दलों को संतुष्ट करना इंडिया गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती
- नीतीश ने घोषित किये तीन नाम, बिफरी कांग्रेस

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

**विश्लेषण**

2024 लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सियासी दलों के बीच सरगर्मी तेज हो गयी है. चुनावी बिसात पर अपनी मोहरें तय करने सभी दल पूरी शिद्दत से जुटे हैं. बिहार में भाजपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं कि वह अपने सहयोगी दलों 'रालोसपा', 'हम' और लोजपा के दोनों धड़ों के बीच किस तरह सीट शेयरिंग करेगी. इधर बिहार में ''इंडिया'' गठबंधन के घटक दलों ने अपनी बड़ी दावेदारी पेश कर एक -दूसरे पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है. सीट शेयरिंग के एलान के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी, दरभंगा और कटिहार पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर राजद और कांग्रेस पर दबिश बढ़ा दी है.

नीतीश कुमार ने घोषणा कर दी है कि सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर और दरभंगा से संजय कुमार झा जदयू के उम्मीदवार होंगे. दूसरी तरफ कांग्रेस दरभंगा और कटिहार पर अपना उम्मीदवार उतारना चाहती है. दरभंगा से कीर्ति झा आजाद और कटिहार से आपने वरिष्ठ नेता तारिक अनवर को टिकट देने का कांग्रेस अपना मन बना चुकी है. ऐसे में 'इंडिया' गठबंधन के सामने सीट शेयरिंग का ऐसा फार्मूला निकाल पाना टेढ़ी खीर है, जो सभी घटक दलों को संतुष्ट कर सके.

**11 सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी :** बिहार में कांग्रेस ने बड़ी दावेदारी पेश कर 11 सीटों की मांग की है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि इतनी सीटें मिल पाएंगी। कांग्रेस ने जिन सीटों पर दावेदारी पेश की है, उनमें किशनगंज की सिटिंग सीट के अलावा दरभंगा, अररिया, कटिहार, पूर्णिया, चंपारण, सासाराम, बक्सर, भागलपुर, औरंगाबाद और नवादा शामिल हैं. गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने नौ क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन वह 7.9 फीसदी वोट शेयर के साथ एक सीट किशनगंज ही जीत पायी थी. तब जदयू एनडीए में शामिल था.

### 16-16 सीटों पर लड़ सकते हैं राजद और जदयू



ऐसा माना जा रहा है अंततः कांग्रेस बिहार में अपनी ताकत को देखते हुए कम सीटों पर मान जाएगी और इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का फार्मूला राजद-जदयू 16-16, कांग्रेस -6 और वामपंथी दल -02 का होगा. अगर मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी ''इंडिया'' गठबंधन के साथ आएगी, तो राजद और जदयू किसी को अपने कोटे की एक सीट देनी होगी.

# टीपीसी सब जोनल कमांडर आदेश गंझू समेत 5 गिरफ्तार

**संवाददाता। चतरा**

कोयला कारोबारियों और ठेकेदारों के बीच आतंक का पर्याय बने टीपीसी सब जोनल कमांडर आदेश गंझू उर्फ प्रभाकर समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है. चतरा के एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सब जोनल कमांडर आदेश गंझू, पिंटू कुमार गंझू, लालदेव कुमार गंझू और राजेश गंझू नाम के उग्रवादी को गिरफ्तार किया है. इन सभी उग्रवादियों की गिरफ्तारी टंडवा थाना क्षेत्र से हुई है. इनके पास से एक रायफल, दो पिस्टल, आठ जिंदा कारतूस, छह मोबाइल फोन समेत कई अन्य सामान बरामद किया गया है. रविवार को एसपी राकेश रंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी.

**खास बातें**

- एक रायफल, 8 कारतूस, 6 मोबाइल व अन्य सामान जब्त
- कोयला कारोबारियों और ठेकेदारों के बीच था आतंक

**आतंक का पर्याय बना था सभी उग्रवादी :** गिरफ्तार हुए सभी उग्रवादी कोयला कारोबारी और ठेकेदारों के बीच आतंक का पर्याय बना हुआ था. ये सभी उग्रवादियों द्वारा टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया रेलवे पुल निर्माण कंपनी में लगे पोकलेन मशीन को आग लगाने की घटना में शामिल था. इसके आनंद एंड सिरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर पानी टैंकर में आग लगाने और कर्मचारियों के साथ मारपीट करने की घटना में भी शामिल था.

तापमान

22° अधिकतम | 13° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राजधानी में जारी रहेगा कोहरे का प्रकोप, रहें सावधान

www.lagatar.in | सोमवार, 08 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 13 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 261 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


मौसम का मिजाज


# ठंड से फिलहाल राहत नहीं 10 को बारिश की संभावना





शुभम किशोर। रांची

झारखंड में दो-तीन दिनों तक कोहरे से राहत मिलती नहीं दिख रही है. वहीं 10 जनवरी को राज्य के पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण दो-तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक गिरावट हो सकती है. जिससे फिर से कनकनी बढ़ने कि संभावना है. धूप नहीं निकलने और हल्की हवा के कारण दिन में भी ठंड का असर दिख रहा है. अगले 3 दिनों तक राज्य में कोहरे के साथ आंशिक बादल छाए रहेंगे . मौसम शुष्क बना रहेगा. कड़ाके की ठंड से लोगों को सावधान रहने की अपील की गयी है. कहा गया है कि अभी गरम कपड़े पहन कर ही घर से बाहर निकलें. अभी किसी भी तरह की लापरवाही आप को बीमार कर सकती है. वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई. दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी दर्ज किया गया. सबसे अधिक वर्षा 2.2 एमएम परसाबाद (कोडरमा) में दर्ज किया गया. सबसे अधिक तापमान 26.8 डिग्री चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान भी 12.2 डिग्री चाईबासा में दर्ज किया गया. राजधानी रांची में उच्चतम तापमान 21.8, न्यूनतम तापमान 12.9, जमशेदपुर में उच्चतम तापमान 26.0, न्यूनतम तापमान 15.0 और डालटनगंज में उच्चतम तापमान 22.6 व न्यूनतम तापमान 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.




## ब्रीफ खबरें

### रिम्स के डॉक्टर दिल्ली में किये गये सम्मानित

**रांची।** रिम्स के नेत्र विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार को दिल्ली में विशिष्ट शिक्षक पुरस्कार 2024 से नवाजा गया. यह कार्यक्रम फोरम ऑफ ऑफ्थल टीचर ऑफ इंडिया के 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन था. कार्यक्रम एम्स नई दिल्ली में 6- 7 फरवरी तक आयोजित किया गया था. डॉ सुनील कुमार को उत्कृष्ट शिक्षण अनुभव एवं चिकित्सा शिक्षा में असाधारण योगदान के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. दो दिवसीय इस सम्मेलन में एम्स नई दिल्ली एवं पूरे देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 200 प्रोफेसर शामिल हुए थे.

### ओडिशा में सीट बंटवारे पर झामुमो-कांग्रेस की बैठक

**रांची/भुवनेश्वर।** कांग्रेस के नेताओं ने रविवार को झामुमो की ओडिशा इकाई के साथ बैठक की. दोनों दलों के नेताओं ने राज्य में एक साथ होने वाले लोस और विस चुनाव के लिए सीट के बंटवारे पर चर्चा की. बैठक में झामुमो की प्रदेश अध्यक्ष अंजली सोरेन, प्रभारी शिवाजी मौलिक, कांग्रेस महासचिव डॉ अजय कुमार और प्रदेश अध्यक्ष शरत पटनायक सहित अन्य लोग शामिल हुए. दोनों दलों के नेताओं ने सीट बंटवारे पर शुरुआती चर्चा की. सोरेन ने कांग्रेस नेताओं से कहा कि वह सीट बंटवारे की बातचीत के बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से चर्चा करेंगी.

### हुक्का पीते नजर आए एमएस धौनी

**रांची।** अपनी कप्तानी में भारत को तीन बार आईसीसी खिताब जिताने वाले एकमात्र कप्तान एमएस धौनी आईपीएल 2024 में आखिरी बार नजर आने वाले हैं. भारत ही नहीं पूरे विश्व में धौनी की फैनफॉलोइंग काफी है. माही वैसे तो सोशल मीडिया और लाइमलाइट की जिंदगी से काफी दूर रहते हैं, लेकिन कभी-कभी अगर उनका कोई फोटो या वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो जाए, तो वह आग की तरह फैलने लगती है. हाल में ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला. दरअसल, सोशल मीडिया पर धौनी से जुड़ा एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि इस वीडियो में माही हुक्का पी रहे हैं. हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गयी है.

मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम में हुआ आदर्श साूहिक विवाह

# 151 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ



संवाददाता। रांची

कभी धूप तो कभी छांव से रविवार भले सर्द रहा, लेकिन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम, पुंदाग के मंदिर में 151 जोड़ों के रिश्ते की तपिश सुखद एहसास कराती रही. यहां संत सदानंद के सान्निध्य में राज्यभर से आये जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ.

नगाड़ों की थाप पर गूंजते मंत्रोच्चार के बीच जोड़ों ने रस्म अदा की. जब बारात पहुंची तो लाल जोड़ों में सजी दुल्हनों ने राजकुमारों को वरमाला पहनायी. कन्यादान हुआ, अग्नि के सात फेरे लेकर सभी ने साथ निभाने की कसमें खायीं और एक-दूजे के हो गये. आचार्य शंकर लाल शास्त्री ने अपने सहयोगी विद्वानों संग विवाह संस्कार संपन्न कराया. सदानंद जी ने सब के सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया. विवाहिता जोड़ों के परिवार वालों के साथ बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्धजनों ने भी इसमें भागीदारी निभायी. बाराती भी बने और सराती बन स्वागत भी किया. नवविवाहिताओं को घर-गृहस्थी का समान भेंट स्वरूप दिया गया. खान-पान के बाद बारात विदा हुई. न कोई झंझट और न ही कच-कच. मौज-मस्ती के बीच हंसते-खेलते बड़े सामाजिक दायित्वों का निर्वाह ऐसे हो गया कि किसी को बोझ का एहसाह भी न हुआ.

**लिव इन में रह रहे कई जोड़ों की हो गयी बल्ले-बल्ले :** एमआरएस श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह में लिव इन में रह रहे कई जोड़ों की बल्ले-बल्ले हो गयी. बिना किसी झंझट के सामाजिक और पारिवारिक दायित्व भी पूरा हो गया.

### नवविवाहित जोड़ों ने कहा

- **विणा और रामरतन :** भला हो गुरुजी और उनकी संस्था का जो ऐसा सौभाग्य हमें सहज दिला दिया. सालों से साथ रह रहे थे, पर सामाजिक मान्यता नहीं थी. यहां हमारी सब दुश्वारियां दूर हो गयीं. अब हम पति-पत्नि के रूप में प्रतिष्ठित हो गये.
- **ग्रेस हेम्ब्रोम और रोशन तिर्की :** हम दोनों हातमा बस्ती के ही हैं. दो साल से एक होने का मौका तलाश रहे थे. गुरुजी की कृपा से अब जाकर अवसर मिला. इतने लोगों के बीच हमारी शादी हो रही है. इस खुशी का कोई शब्द नहीं है.
- **आंचल और विजय :** हातमा और कांके के हम रहने वाले हैं. सालों से एक-दूजे से प्यार करते थे, लेकिन विवाह बंधन में नहीं बंध पा रहे थे. अब जाकर यह सौभाग्य मिला है.

### अपना घर का उद्घाटन

अब मानसिक रूप से असहाय लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा. उन्हें जल्द ही अपना घर मिलने वाला है. मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम, पुंदाग में दिव्यांगों को आश्रय दिया जाएगा. इसके साथ-साथ भोजन और चिकित्सा भी दी जाएगी. आश्रम में इसका उद्घाटन संत सदानंद जी ने किया. संत श्री ने कहा कि 100 असहायों को यहां रखा जाएगा. बाद में एक हजार तक यहां रहेंगे. सब की सेवा निस्वार्थ भाव से की जाएगी. ईश्वर सबका कल्याण करेगा.

### दिया योगदान

अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, प्रमोद सारस्वत, शिव अग्रवाल, बिजय, दिलीप अग्रवाल, अरुण केडिया, प्रभात गोयल, नवल अग्रवाल, पूरणमल, सुबास पोद्दार, पूर्णमल सर्राफ, अमित पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, विष्णु सोनी, नन्द किशोर चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी सुरेश चौधरी, विद्या देवी, संतोष अग्रवाल, सुनीता, सरिता, पूनम,सरिता, उर्मिला, आशा सिंह, शकुन्तला आदि ने योगदान दिया.

# चेन्नई से लौटे राज्यपाल बढ़ेगा राजनीतिक पारा

प्रमुख संवाददाता। रांची



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रविवार को देर शाम चेन्नई से रांची वापस लौट आए हैं. उनकी रांची वापसी के बाद सोमवार से एक बार फिर झारखंड की राजधानी में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ सकती हैं. संभावना यह जताई जा रही है कि राजभवन की गतिविधियां भी तेज हो सकती हैं. बता दें कि राज्यपाल दो जनवरी को चेन्नई चले गए थे, जिसके बाद झारखंड की सियासी सरगर्मी में थोड़ी कमी आई थी. अब राज्यपाल के वापस लौटने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गतिविधियां बढ़नी तय हैं. झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट पर उपचुनाव कराने या नहीं कराने को लेकर भी क्रमशः सत्ता पक्ष तथा विपक्ष राजभवन का रुख कर सकता है.

इधर, चर्चा यह भी है कि चुनाव आयोग का लिफाफा भी खुल चुका है. इस पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है. राजनीतिक गलियारे में इस बात की भी चर्चा है कि राजभवन द्वारा हालिया सियासी घटनाक्रम और कानून-व्यवस्था को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई है. यह रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी जाएगी. हालांकि, इसकी पुष्टि किसी भी स्तर से नहीं की गई है. इस बीच, ये भी अटकलें लगायी जा रही हैं कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन झारखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति पर पहले ही चिंता और नाराजगी जता चुके हैं. उन्होंने चेन्नई जाने से पूर्व ही राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य की कानून व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की थी. कहा जा रहा है कि राज्यपाल इसी सिलसिले में एक-दो दिनों में गृह सचिव या डीजीपी को राजभवन तलब कर अपराध पर नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश दे सकते हैं.

**खास बातें**

- राजभवन पहुंच सकता है गांडेय विस सीट का मुद्दा
- राज्यपाल के लौटते ही निगाहें फिर राजभवन पर टिकीं

# आर्मी की गाड़ी व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

संवाददाता। रांची

राजधानी के डोरंडा थाना क्षेत्र के कुसई में हुई सड़क दुर्घटना में रविवार को बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि आर्मी की गाड़ी और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में युवक की मौत हो गई.युवक की पहचान निक्की कच्छप के रूप में हुई है. वह पीपी कंपाउंड का रहने वाला था.

मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि आर्मी की गाड़ी को जब्त कर लिया गया है. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**अस्पताल में इलाज के क्रम में युवक ने तोड़ा दम :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आर्मी की गाड़ी काफी तेज गति से जा रही थी. इस दौरान आर्मी गाड़ी ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक काफी दूर फेंका गया. जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोट आई. घटना के बाद आसपास के लोगों ने युवक को उठाकर आनन-फानन में उठा कर सदर अस्पताल रांची पहुंचाया. जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई.





### पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को दी सूचना

जानकारी मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी ली. पुलिस ने शव की पहचान रांची के हिंदपिढ़ी थाना क्षेत्र के पीपी कंपाउंड निवासी निक्की कच्छप के रूप में की. पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद फौरन परिजनों को घटना की सूचना दी.

**आर्मी की गाड़ी जब्त कर लाया गया थाना :** दुर्घटना के बाद आर्मी गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया. आर्मी गाड़ी के चालक से पुलिस ने पूछताछ की. पुलिस हादसे की वजह तलाश रही है. साथ ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. वहीं दुर्घटना की खबर सुनकर परिजन अस्पताल पहुंच गए. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### कांग्रेस ने जारी की 14 लोस सीटों के संयोजकों की लिस्ट

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने रविवार को देश के तमाम लोकसभा क्षेत्रों के लिए संयोजक के नाम की घोषणा कर दी है. राज्य इकाई के द्वारा भेजी गई इस सूची में झारखंड के सभी सीटों के लिए भी संयोजकों के नाम पर केंद्रीय कमेटी ने मुहर लगा दी है. जारी हुई नई सूची के अनुसार, झारखंड के राजमहल सीट के लिए मणि शंकर, दुमका के लिए सुल्तान अहमद, गोड्डा के लिए आलमगीर आलम, चतरा के लिए जयशंकर पाठक, कोडरमा के लिए बादल पत्रलेख, गिरिडीह के लिए शहजादा अनवर, धनबाद के लिए बन्ना गुप्ता, रांची के लिए केशव महतो कमलेश, जमशेदपुर के लिए रमा खलखो, सिंहभूम के लिए रामेश्वर उरांव, खूंटी के लिए बंधु तिर्की, लोहरदगा के लिए प्रदीप तुलस्यान, पलामू के लिए भीम कुमार और हजारीबाग के लिए अशोक चौधरी को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है.

# जेवियर्स कॉलेज की छात्रा को रॉड से मारकर किया अधमरा

संवाददाता। रांची



संत जेवियर्स कॉलेज की छात्रा को युवक ने रॉड से मारकर अधमरा कर दिया. घटना शनिवार की सुबह की है. इसके बाद लड़की बेहोश हो गई. आसपास के लोगों की मदद से उसे रिम्स के ट्रामा सेंटर के आईसीयू में भर्ती कराया गया. जानकारी मिलने पर लड़का फिर रिम्स पहुंचा और वहां भी लड़की पर हमला करने का प्रयास किया. वहीं लड़के की मां ने सारा दोष लड़की को देते हुए अपने बेटे का बचाव किया. आरोपी लड़के की मां रिम्स में नर्स है. ट्रामा सेंटर में गंभीर रूप से घायल दोस्त से मिलने आये उसके सहपाठी दोस्तों के साथ भी आरोपी लड़का और उसकी नर्स मां ने धक्का मुक्की की. मोबाइल छीनने की कोशिश की. 30 मिनट तक ये खेल चला. फिर बरियातू पुलिस ने उस लड़के को हिरासत में लेकर पीड़ित लड़की के परिजनों से एफआईआर दर्ज कराया और लड़के को जेल भेज दिया. रिम्स में भर्ती लड़की कुछ भी बोल नहीं पा रही है.

**खास बातें**

- लोगों ने रिम्स के ट्रामा सेंटर के आईसीयू में भर्ती कराया
- लड़के ने रिम्स में लड़की पर हमला करने का प्रयास किया
- एफआईआर के बाद पुलिस ने लड़के को जेल भेज दिया

सफलता | साइबर अपराधियों के खिलाफ कारगर हथियार साबित हो रहा 'प्रतिबिंब' पोर्टल

# अब तक 468 गिरफ्तार, सबसे ज्यादा गिरिडीह के

सौरभ सिंह। रांची

साइबर अपराधियों के खिलाफ ''प्रतिबिंब'' पोर्टल कारगर हथियार साबित हो रहा है. पायलट प्रोजेक्ट के दौरान ही इस पोर्टल की मदद से झारखंड में एक महीने 468 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. इसके परिणाम स्वरूप झारखंड इलाके से होने वाले साइबर अपराध में एक महीने के भीतर ही 20 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है. दिसंबर के पहले हफ्ते में झारखंड से कुल 31,228 साइबर अपराध रिपोर्ट हुए थे,जबकि 28 दिसंबर से तीन जनवरी के सप्ताह में कुल 24,264 साइबर अपराध ही रिपोर्ट हुए.

### 468 साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार



प्रतिबिंब पोर्टल माध्यम से झारखंड में पिछले 1 महीने के दौरान 468 साइबर अपराधी गिरफ्तार हुए. 1635 सिम कार्ड बरामद किए गए इसके अलावा 1107 मोबाइल फोन भी जप्त किए गए. साइबर अपराधी सबसे अधिक देवघर जिले में 200 गिरफ्तार हुए हैं, इसके अलावा धनबाद में 10, गिरिडीह में 114, हजारीबाग में 37, जमशेदपुर में चार, जामताड़ा में 70, पाकुड़ में पांच, गोड्डा में तीन, बोकारो में पांच, गढ़वा में एक ,कोडरमा में 10 ,लातेहार में चार और दुमका में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं.

### अपराधियों की रियल टाइम जानकारी मिल जाती है

प्रतिबिंब पोर्टल को केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) ने तैयार किया है और इसकी मदद से किसी इलाके में सक्रिय साइबर अपराधियों की रियल टाइम जानकारी उस क्षेत्र के एसपी और थाना प्रभारी को मिल जाती है.

### क्रिप्टोकरेंसी से घोटाला करने वाला साइबर अपराधी को सीआईडी ने किया



क्रिप्टोकरेंसी घोटाला करने वाला साइबर अपराधी को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है. शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की सीआईडी ने बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया. सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आरोपी शशि शंकर कुमार और इसके अन्य सहयोगी ने झारखंड के कई शहरों जैसे रांची, बोकारो जमशेदपुर एवं अन्य जगहों पर बड़े-बड़े कई आयोजन स्थल जैसे होटलो एवं अन्य स्थानों पर ओरोपे कम्पनी से संबंधित अनेका अनेक कार्यक्रम किये, जिसमें लोगों को मुफ्त में भोजन और जलपान की व्यवस्था देते हुए अपने प्रभाव को स्थापित करने के लिए भारतीय मुद्रा के फर्जी नोटों की गड्डियों को फाड़ कर संदेश देने का प्रयास किया कि भविष्य क्रिप्टो करेंसी का है. लोगों के बढ़ते निवेश को देखते हुए आरोपी शशि शंकर कुमार उर्फ विक्की और अन्य सहयोगी ने फर्जी वेबसाईट www.oropay.io को एक दिन अचानक बंद करते हुए निवेशकों को भारी चपत लगाई.

# शव के साथ लोगों ने लालपुर चौक को किया जाम

संवाददाता। रांची

उत्पाद भवन के हाजत में फांसी लगाने से शनिवार को नितेश लोहरा नामक युवक की मौत हो गयी थी. रविवार को उसके शव के साथ परिजनों और स्थानीय लोगों ने लालपुर चौक को जाम कर दिया. साथ ही उत्पाद विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई और मामले की जांच की मांग कर रहे थे. नितेश को शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब पकड़ने के लिए की गयी छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया था. वह राजधानी रांची के डंगरा टोली का रहनेवाला था. उत्पाद विभाग की टीम ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया था. शेष चार लोगों को फाइन जमा करने के बाद छोड़ दिया गया था. जबकि नितेश हाजत में बंद था. शनिवार की शाम नितेश लोहरा हाजत में लगे हुक में फंदा बना कर लटक गया. उत्पाद विभाग के अधिकारी उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लाए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. बताया जा रहा है कि हाजत में बने बाथरूम में नितेश ने फांसी लगा कर आत्महत्या की थी. डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मृतक नितेश विश्वकर्मा उर्फ नीतीश लोहरा उर्फ नितेश कुमार के शव का होगा पोस्टमार्टम कराये जाने की अनुमति दी है.



**हाजत में फांसी लगाने पर उठ रहे सवाल :** हाजत के बाहर सिपाही की तैनाती होती है. इसके बाद भी नितेश ने कैसे फांसी लगा ली, इस पर सवाल उठ रहे हैं. हाजत के बाहर सिपाही तैनात था या नहीं, इस बिंदु पर भी जांच की जाएगी. सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों का कहना था कि नितेश अवैध शराब नहीं बनाता था. न ही इससे उसका कोई लेना-देना था. उसे उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को लालपुर से गिरफ्तार किया था.

## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- आर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत
- पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप कुमार
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मोहम्मद इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिक : डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## शहर में आज

1. शहीद शेख भिखारी के शहादत दिवस पर कार्यक्रम, धुर्वा शहीद मैदान में 11 बजे से
2. सांसद कार्यालय मोहन काम्पलेक्स, अरगोड़ा में संजय सेठ की पीसी दोपहर 1.30 बजे से
3. पुस्तक विमोचन, प्रेस क्लब में दोपहर 2 बजे से
4. ओलिव इंटरनेशनल स्कूल की पीसी, अंजुमन प्लाजा में दोपहर 3 बजे से
5. एफआईएच हॉकी का परैक्टीस मैच, मोरहाबादी में दिन के 8 बजे से
6. आभार फाउंडेशन की प्रेसवार्ता, करमटोली धुमकुड़िया भवन में दोपहर 1.30 बजे से
7. श्रीमद्भागवत कथा, पुंदाग में दोपहर 2 बजे से
8. सिखों की प्रभात फेरी, रातू रोड गुरुद्वारा से सुबह 6 बजे से

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा एससी मोर्चा का मिलन समारोह

रांची। नामकुम स्थित चटकपुर में भाजपा एससी मोर्चा की ओर से कार्यकर्ता मिलन और सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे. सांसद संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह समेत कई नेता कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमर बाउरी ने कहा कि त्रेता युग में जब भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या वापस आए थे, उस वक्त दीपावली पर्व की शुरुआत हुई थी, लेकिन इस कलयुग में 500 वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद 22 जनवरी को एक बार फिर हमारे प्रभु श्री राम अपने गर्भ गृह में स्थापित हो रहे हैं.

### सिटी फोटो लैब मल्टी ब्रांड शोरूम का उद्घाटन

रांची। एचबी रोड स्थित सिटी फोटो लैब मल्टी ब्रांड शोरूम का उद्घाटन विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी शामिल थीं. सभी ने मल्टी ब्रांड फोटो बुक शोरूम को सराहा. मौके पर बड़ी संख्या में लोग शामिल थे.



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का उद्घाटन

# खादी केवल वस्त्र नहीं, यह बापू के विचार, सिद्धांत और उद्देश्य से जुड़ा : हेमंत

प्रमुख संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- मोरहाबादी मैदान में लगा है खादी एवं सरस महोत्सव
- आजीविका को सशक्त बना रहीं 2 लाख से अधिक महिलाएं

राजधानी के मोरहाबादी मैदान में 6 दिवसीय राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव का शुभारंभ हो गया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को 7 से 12 जनवरी तक चलने वाले खादी मेले के उद्घाटन किया. खादी मेला सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा. उद्घाटन के मौके पर सीएम ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बापू के विचार, सिद्धांत, उद्देश्य से जुड़ा है.

यह सूत कातने से लेकर खादी बुनने तक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ता है. आज राज्य में करीब 2 लाख से अधिक सखी मंडल की महिलाएं पलाश एवं आजीविका ब्रांड के विभिन्न कार्यों से जुड़ कर अपनी आजीविका को सशक्त बना रही हैं. सरकार राज्य के पारंपरिक शिल्पकार एवं हस्त निर्मित कारीगरी, आदिवासी ज्वेलरी, डोकरा आर्ट, जुट क्राफ्ट, हैंडलूम, बस के उत्पाद आदि को बाजार उपलब्ध करने के लिए प्रयासरत है.



### शिल्पकारों एवं बुनकरों को बेहतरीन मंच देता है महोत्सव



सीएम ने कहा कि खादी मेला झारखंड और दूसरे राज्यों से आए बुनकरों और हस्त शिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं ग्राम उद्योग सामानों के प्रदर्शन एवं बिक्री का समेकित मंच है. यह एक बेहतरीन अवसर है जहां हुनर और मेहनत एक साथ रंग बिखेरती है. झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड खादी के प्रचार-प्रसार एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है. ग्रामीण जनमानस और महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है. मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगे विभिन्न स्टॉलों का भी जायजा लिया. इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल, सीएम के सचिव विनय चौबे, उद्योग सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह, खादी बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा समेत कई लोग मौजूद थे.

---

जयपाल मुंडा स्टेडियम के बाहर जल्द खुलेगा नाइट मार्केट, बढ़ेगी रौनक

# मार्केट के लिए 11 वेंडर्स को अनुमति

तरुण कुमार चौबे। रांची

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के बाहर खुल रहे नाइट मार्केट मार्केट के लिए 11 फूड वेंडर्स को अनुमति दे दी गई है. अब वहां पर दुकानें लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. नाइट मार्केट में दुकान लगाने के लिए पिछले महीने पहले चरण के लिए आवेदन मांगे गए थे. समिति को कुल 41 आवेदन निगम को प्राप्त हुए, जिसमें 9 आवेदनों को स्वीकृत किया गया.

नाइट मार्केट में दुकानदारों को मूलभूत सुविधा मुहैया करवाने के लिए सभी संबंधित विभाग को आदेश दिया गया है. इसमें पीने के लिए स्वच्छ जल, हाथ धोने के लिए पानी, टॉयलेट सुविधाएं, वेस्ट डिस्पोजल, लाइटिंग व पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. वहीं सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम होंगे. वहीं, बिना निगम की परमिशन के वैन लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी.

**इंदौर के सराफा बाजार की तर्ज पर बन रहा मार्केट :** कचहरी चौक स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के आसपास इंदौर के सराफा बाजार की तर्ज पर नाइट स्ट्रीट मोबाइल फूड हब का निर्माण किया गया है. निगम ने इसे लेकर एसओपी जारी कर दिया है. जिसके पहले चरण में स्टेडियम के बाहर नाइट स्ट्रीट मार्केट की शुरुआत की जा रही है. वहां दुकान लगाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को सपोर्ट टू अर्बन स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत पीएम स्वनिधि का लाभ भी दिलाया जाएगा, ताकि वेंडर को व्यवस्था करने और आजीविका चलाने मे सहयोग मिल सके.

**परमिशन के लिए आधार जरूरी :** नाइट मार्केट में जगह के लिए दिए जाने वाले आवेदन पत्र के साथ वेंडर्स को आधार कार्ड, निबंधन दस्तावेज, ऑनर बुक, फूड कार्ट रजिस्ट्रेशन पीएम स्वनिधि, मोबाइल फूड वैन, मोबाइल कियोस्क फोटो, फूड सेफ्टी के प्रमाण पत्र से संबंधित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करना होगा. इसके बाद सारे पेपर को चार सदस्यीय समिति द्वारा इसकी जांच की जाएगी. इस टीम में डीएमसी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, सहायक प्रशासक, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी और सिटी मैनेजर को रखा गया है.

## नगर निगम का पुतला दहन होगाः बबलू

रांची। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम को नगर निगम पार्क बना कर इसके व्यवसायीकरण करने के प्रयासों का विरोध शुरू हो गया है. रविवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रधान कार्यालय में बैठक की गयी. अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल स्टेडियम है, जिसे रांची नगर निगम ने पार्क घोषित किया है और मैदान का व्यवसायीकरण करने की योजना बनायी जा रही है.

इसलिए, आदिवासी समाज इसका विरोध करेगा. उन्होंने कहा कि नगर निगम ऐतिहासिक फुटबॉल स्टेडियम का नामो निशान मिटा देना चाहता है. ऐतिहासिक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल स्टेडियम एवं झारखंड के महान शिक्षाविद जयपाल सिंह मुंडा के नाम पर रांची नगर निगम उसका व्यवसायीकरण करके आदिवासियों की धरोहर को मिटाने का प्रयास कर रहा है. केंद्रीय सरना समिति अपने समर्थकों के साथ पारंपरिक हरवे-हथियार के साथ सड़क पर उतरेगी. चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा.

पहले चरण में रांची नगर निगम का पुतला दहन निगम कार्यालय के समक्ष किया जाएगा. बैठक में महासचिव अशोक उरांव, जगरनाथ तिर्की, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, मुन्ना हेम्ब्रम, मुकेश मुंडा, राजेश पाहन, बिरसा लिंडा एवं झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा समेत अन्य शामिल थे.



### व्यवसायीकरण करके मैदान को खत्म करने में जुटा निगमः जगलाल पाहन

मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने कि कहा कि राज्य सरकार एक तरफ करोड़ रुपए राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खर्च करती है. और दूसरी तरफ खिलाड़ियों का मनोबल तोड़ने के लिए खेल का मैदान को सरकार अपने प्रतिष्ठान (निगम) के द्वारा व्यवसायीकरण करके खेल के मैदान को खत्म करने में तुली है.

# पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना निकाय चुनाव गलत : राजेंद्र

संवाददाता। रांची



**खास बातें**
- सदानों की बड़ी रैली को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक
- राज्य सरकार पर मूलवासी सदानों की उपेक्षा का आरोप

नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण और रांची में सदानों की बहुत बड़ी रैली करने को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को हुई. केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार की इच्छा शक्ति हो तो एक माह में सर्वेक्षण करा कर पिछड़ों का नगर निकाय में आरक्षण तय करना संभव है. सरकार को ट्रिपल टेस्ट करने के लिए बहुत समय मिला, किंतु इस दिशा में सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई. उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ों का सर्वेक्षण के लिए सरकार की ओर से जिला प्रशासन को सर्वेक्षण कर सरकार को रिपोर्ट देने को कहा गया था. उसी के आधार पर सभी उपायुक्तों से रिपोर्ट सरकार मंगा सकती है.

उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट करने का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने दिया है. ऐसे में यदि पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना नगर निकाय का चुनाव कराया जाता है, तो यह असंवैधानिक होगा. प्रसाद ने आगे कहा कि सरकार मूलवासी सदानों की उपेक्षा कर रही है, वृद्धा पेंशन में सदानों को भी 50 वर्ष की उम्र में शामिल करना चाहिए था. उन्होंने कहा कि 65 फीसदी सदानों में 55 फीसदी करीब पिछड़ी जातियों की आबादी है. क्षितीश कुमार राय ने कहा कि झारखंड में सदान समुदाय से आने वाले पिछड़े और सदान ही सरकार का भविष्य तय करते हैं. इस बात का ख्याल सरकार और सभी दलों को रखना चाहिए. प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि रांची में सदानों की ऐतिहासिक रैली हो.

मौके पर महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह, प्रो अमर कुमार यादव, नीरज कुमार, विशाल साहू, अजीत विश्वकर्मा, निसार खान, रामप्रताप साहू, मुरारी गुप्ता, अरविंद प्रजापति आदि मौजूद रहे.

# पाएं पीएम से मिलने का मौकाः सेठ

संवाददाता। रांची



विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए भाजपा महानगर की ओर से रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास शिविर लगाया गया. शिविर में रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता समेत कई नेता मौजूद थे.

सांसद ने कहा कि अपने नमो ऐप डाउनलोड कर विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बनने वाले को पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा. विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालों से सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं. जिन लोगों ने इन योजनाओं का लाभ लिया है, वह भी इस एप के जरिए पीएम मोदी को धन्यवाद दे सकते हैं. शिविर में कुल 243 लोग ब्रांड एंबेसडर बने. केके गुप्ता ने कहा कि यह शिविर अब नियमित रूप से शहर के प्रमुख स्थानों में लगाया जाएगा. शिविर में महानगर भाजपा के महामंत्री वरुण, बलराम सिंह, संतोष कुमार, जीतेन्द्र वर्मा, शौर्य पूजा सिंह, सूर्यप्रभात, रोमित नारायण सिंह, सुचिता सिंह, अरविंद सिंह पिंटू समेत कई कार्यकर्ता थे.

राज्य की जनता भूख, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से त्रस्त : एआईएमआईएम

# ओवैसी से मिलेगा झारखंड का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता। रांची



एआईएमआईएम की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर की अध्यक्षता में रहमानिया मुसाफिरखाना में हुई. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भूख, भ्रष्टाचार, अत्याचार और बेरोजगारी से त्रस्त है. संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की जरूरत है. साथ ही लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम चुनाव की तैयारी, मौजूदा सरकार की कमियां और खामियां, महानगर जिला एवं झारखंड प्रदेश को मजबूती प्रदान करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई. सर्वसम्मति से तय किया गया कि जल्द ही झारखंड का प्रतिनिधिमंडल एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी एवं झारखंड प्रभारी माजिद हुसैन से मिलकर अहम बिंदुओं पर चर्चा करेगा. रांची महानगर अध्यक्ष मो. शाहिद अय्यूबी ने कहा कि झारखंड में गरीब, दलित, अल्पसंख्यक जैसे मुद्दों पर सरकार कार्य नहीं कर रही है. दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मौके पर संगठन सचिव समीर अली, ग्रामीण अध्यक्ष हाजी अरशद अयूब, नदीम खान, नसीमा खानम, जावेद अंसारी, मो तौफिक, सूरज दास, विनित रविदास, परमेश्वर लोहरा, शाहिद अनवर, जावेद अख्तर, जावेद अहमद, रिजवान मोजबी आदि थे.

**टकटकी** जिला प्रशासन को सौंपी जा चुकी है अग्निपीड़ित दुकानदारों की लिस्ट, अब तक नहीं हुई कोई पहल

# डेली मार्केट के अग्नि पीड़ित दुकानदारों को मुआवजे की आस

संवाददाता। रांची

**खास बातें**
- आग की वजह से करीब 100 दुकानदारों को हुआ नुकसान
- डीसी ने मांगी थी अग्निपीड़ित दुकानदारों की लिस्ट
- मंगनी देवी को कांग्रेस नेता ने बना कर दिया आशियाना

मेन रोड डेली मार्केट में 12 दिसंबर को आग की वजह से गरीब सब्जी विक्रेताओं को भारी नुकसान हुआ था. उसी मार्केट में बनी झोपड़ी में रहने वाली मंगनी देवी का आशियाना आग से जल कर खाक हो गया था. उसके रहने का ठिकाना भी आग की लपटों ने मिटा दिया था. कड़ाके की ठंड में कई रात इसी तरह गुजारा.

उसके बाद महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हुसैन खान ने अपने स्तर से मंगनी देवी को एसबेस्टस का घर बना कर उन्हें रहने के लिये हैंडओवर कर दिया. यहां वे रह रही हैं. लेकिन आग की वजह से करीब 100 दुकानदारों को नुकसान हुआ था. जिसकी जांच के लिए अल्पसंख्यक विभाग एवं जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची थी. डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने टीम को दुकानदारों से बात कर हुए नुकसान का लिस्ट मांगी थी.



### 100 दुकानदारों की लिस्ट दी गईः नसीम

डेली मार्केट एडहोम दुकानदार कमेटी के अध्यक्ष नसीम डब्लू ने कहा कि प्रशासन के निर्देश के अनुसार, हम लोगों ने 100 दुकानदारों के नाम का लिस्ट और नुकसान की जानकारी की लिस्ट बना कर जिला प्रशासन के कार्यालय में सौंपे हैं. एक माह होने को हैं, पर अभी इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है. जल्द ही अग्निपीड़ित दुकानदारों को राहत मिलनी चाहिए.

### मुआवजा मिले तो जरूरतमंदों को हो भलाः दुकानदार

डेली मार्केट के दुकानदार मो. रकीब ने कहा कि बहुत मुश्किल से घर-परिवार चला रहे हैं. कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है. अगर सरकार की ओर से मुआवजा मिल जाए, तो हम गरीबों का भला हो जाएगा.

### पीड़ित दुकानदारों को मिलेगा मुआवजा : शमशेर

इस मामले पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि आयोग का अपना कोई फंड नहीं है. दुकानदारों को मुआवजा विभागीय स्तर पर दिया जाएगा. कार्य प्रक्रिया में है.

# भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए तांडव जरूरी : प्रतुल

प्रमुख संवाददाता। रांची



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के झारखंड में ईडी के तांडव वाले बयान पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों में झारखंड के लिए भ्रष्टाचार सबसे बड़ा अभिशाप बनकर उभरा है. 4 वर्षों में हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार दानव का रूप ले चुका है और आम आदिवासी, मूलवासी के विकास का सारा पैसा हजम कर गया. ऐसे भ्रष्टाचार का समूल नाश करने के लिए अगर तांडव की आवश्यकता हुई, तो राज्य हित में वह भी होगा. प्रतुल शाहदेव ने आगे कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को यह बात बतानी चाहिए कि 10 वर्षों की यूपीए के कार्यकाल में सिर्फ 8586 मुकदमे ईडी ने दर्ज किए थे और 5346 करोड़ के अवैध संपत्ति और कैश जब्त किया था.

वहीं एनडीए के शासनकाल के साढ़े नौ वर्षों में दर्ज मुकदमों की संख्या 30,000 के पास पहुंच गई और जब तक जब्त किए अवैध संपत्ति और कैश 1,25,000 करोड़ से ज्यादा हो गया है. आंकड़ों से ही स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस वाली है. वहीं, कांग्रेस के शासनकाल में एजेंसियां पार्टी ऑफिस के इशारे पर काम करती थी.



बाबा को लगाया गया
56 भोग का प्रसाद

# धूमधाम से मना श्रीपहाड़ी मंदिर का 26वां वार्षिकोत्सव

संवाददाता। रांची

श्रीशिव मंडल ने रविवार को पहाड़ी मंदिर का 26वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया. दैनिक पूजन के बाद सुबह साढ़े सात बजे हनुमान जी ध्वज-पूजन किया गया. इसके बाद दिन के नौ बजे से महारूद्राभिषेक किया गया. आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज ने सहयोगी 11 विद्वानों से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक अनुष्ठान संपन्न कराया. प्रेमशंकर चौधरी और उनकी पत्नी अनुपमा चौधरी ने इसमें मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया. भक्तों ने बारी-बारी से 51 किलो दूध, दही, मधु और गन्ने के रस से बाबा का अभिषेक-पूजन किया. दिन के एक बजे पहाड़ी बाबा को 56 भोग लगाया गया. इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चला. सभी के बीच भोग का प्रसाद बांटा गया.

**खास बातें**

- दर्शनार्थियों का दिनभर लगा रहा मेला
- भक्ति गीत-संगीत के कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु



### भजन गायकों ने खूब झुमाया

पहाड़ी बाबा के उत्सव में भजन गायकों ने खूब रंग जमाया. स्थानीय भजन गायक मदन सोनी, पवन शर्मा, उदय शर्मा और धनबाद से आये बाबू भाई ने श्रीगणेश वंदना से शुरुआत कर भजनों की लड़ियां लगा दी. उपिस्थत श्रद्धालु भक्ति आनंद में घंटों झूमते रहे. शाम छह बजे बाबा की आरती उतारी गयी. इसी के साथ उत्सव संपन्न हो गया.

### अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बने प्रारूप में विराजे बाबा

वार्षिकोत्सव के लिए पहाड़ी बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया. फूलों से सजे बाबा बा दर्शन भक्तों ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में विराजमान रूप में किया. मुख्य मंदिर में राम मंदिर का प्रारूप सब का मन मोहा.

### दिया योगदान

उत्सव को सफल बनाने में प्रेमशंकर चौधरी, आनंद गिरि, उदय शंकर चौधरी, किशोरी पोद्दार, अमर पोद्दार, इन्द्रदेव फ्रेंच चौधरी, मुरारी मंगल, राजेश साहु, राजेन्द्र सिंह, दिनेश चौधरी, प्रदीप मोदी, सरोज साहु, अनुपमा चौधरी, पूनम रानी, संगीता चौधरी, प्रेमलता लाखोटिया आदि ने मुख्य रूप से योगदान दिया.

## श्रीजीण माता के वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन बही भक्ति की अविरल धारा

# 751 महिलाओं ने किया सामूहिक पाठ





संवाददाता। रांची

मारवाड़ी भवन का परिसर रविवार को श्रीजीण माता के 14वें वार्षिकोत्सव के रंग में रंगा रहा. दो दिनी उत्सव के अंतिम दिन सुबह से देर शाम तक भक्ति की अविरल धारा बही. पूजा-पाठ और भजन का क्रमवार सिलसिला तो चला ही, साथ ही आदि शुक्ति स्वरूपा मां का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया.

माई के जन्म से लेकर दुर्गा स्वरूपा बनने तक के प्रसंगों को जीवंत किया गया. निकाली गयी मनोहारी झांकी सब का मन मोहती रही. पूरे उत्सव के दौरान राजस्थानी वेश-भूषा में भाग ले रहे भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था. नाच-गाकर कुलदेवी के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करने की होड़ सी लगी रही. भक्त आते श्रीजीण माता के सजे दरबार के समक्ष नतमस्तक हो नमन करते. हवनाहूति अर्पित कर मंगल कामनाएं करते, फिर भक्ति धारा में डूब से जाते. उत्सव के समापन तक श्रद्धा और भक्ति की प्रकाष्ठा प्रदर्शित होती रही. उत्सव की शुरुआत दिन के दस बजे माता के अभिषेक उत्सव से हुई. इसके बाद मुख्य संयोजक विजय पालड़ीवाल और सह संयोजक ओमप्रकाश अग्रवाल सपरिवार अभिषेक कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. इसके बाद श्रीगणेश पूजन से की गयी. फिर दिन के एक बजे से शक्ति मंगला पाठ प्रारंभ हुआ. पारंपरिक राजस्थानी परिधानों में लिपटी 751 महिलाएं पाठ का उच्चार कर मां की महिमा का गान किया.

### मईया का दरबार सुहाना लगता है.. शेर पे सवार हो के....भजनों पर झूमे भक्त



श्रीजीण धाम से आये आनंद पाराशर, कोलकता के प्रकाश बगड़िया और निकिता शर्मा ने पाठ के बीच मईया का दरबार सुहाना लगता है.... और शेर पे सवार हो के आयी शेरावाली .... जैसे भजनों की लड़िया लगा दी. मौके पर माई को 51 का गजरा और 181 फीट का चुनड़ी भी अर्पित किया गया. रात आठ बजे महाआरती के साथ महोत्सव संपन्न हो गया. शामिल भक्तों के लिए दिन और रात्रि भोजन के भी खास इंतजाम किये गये थे. सभी के बीच प्रसाद और बधाईयां भी बांटी गयी. कूपनधारी पुरस्कृत भी किये गये. श्रीजीण माता प्रचार समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालरिवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा, विनय अग्रवाल, संदीप शर्मा, राजू मित्तल, अमित चौधरी, विनोद अग्रवाल, संदीप विजयवर्गीय, दीपक पोद्दार, संदीप अग्रवाल, गौरव पाड़िवाल, विनाय अग्रवाल, संजीव विजयवर्गीय, संदीप शर्मा, कविता सोमानी, सुनीता मित्तल, कविता शर्मा, नेहा शर्मा, उषा शर्मा, ऋतु शर्मा, सुनीता विजयवर्गीय, संगीता अग्रवाल अमित चौधरी और विकास गोयल के नेतृत्व में नरेंद्र कोसवाल, विशाल पाढ़िया, जिम्मी अग्रवाल, निरज अग्रवाल, विकास गोयनका, आशीष,राधव जलान, स्पर्श चौधरी, सौरभ विजयवर्गीय आदि ने उत्सव के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

# निमंत्रण पत्र बांटकर दिया दीपोत्सव मनाने का न्योता



संवाददाता। रांची

श्रीराधा कृष्ण मंदिर, कृष्ण नगर कॉलोनी के सेवादारों ने रविवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण घर-घर बांटा. साथ ही लोगों ने 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का न्योता भी दिया. मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी द्वारा सुबह नौ बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र होगी. यात्रा के दौरान श्रीदुर्गा जागरण मंडली भक्ति रस की धारा बहायेंगे. शाम चार बजे से श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा.

नंदकिशोर अरोड़ा, हरविंदर सिंह बेदी,नरेश पपनेजा, अरुण जसूजा,सुनील झा,बबलू कटारिया, हरिश नागपाल,गुलशन मिढ़ा, निखिल घई,विनोद किंगर, विकास घई, विशाल अरोड़ा, किशन गिरधर, राकेश बरेजा, मनीष मुंजाल, हरीश तेहरी,जिम्मी अरोड़ा,गगन घई,मुकेश सिडाना आदि निमंत्रण बांटने में शामिल थे.

## वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की हुई बैठक

**रांची।** रेडियम रोड स्थित होटल आलोका में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, कोर कमेटी की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु की अध्यक्षता में हुई. इसमें आगामी 30 जनवरी से रामगढ़ में होने वाले 72 घंटे के भूख हड़ताल की तैयारी तथा निकायों के चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किये गये. कहा कि ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की सुरक्षा आदि मांगों को लेकर डेढ़ दशक से अधिक समय से वैश्य मोर्चा द्वारा संघर्ष किया जाता रहा है. अब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी से रामगढ़ के थाना चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर 72 घंटे का भूख हड़ताल शुरू किया जायेगा. भूख हड़ताल कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष बैठें. मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहु, सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद आदि मौजूद रहे.

# 46 लाख परिवार को निमंत्रण देने का लक्ष्य है : डॉ. बिरेन्द्र



संवाददाता। रांची

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्याधाम से आया पूजित अक्षत व नूतन मंदिर का चित्र लेकर झारखंड प्रांत के सभी जिलों में सातवें दिन भी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर परिवार को निमंत्रण दिए. अभियान में विश्व हिंदू परिषद सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रह रही है. विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहू ने कहा कि पूजित अक्षत को भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामलला जी के प्रसाद के रूप पाकर जहां एक ओर रामभक्त परिवार अपने को धन्य समझ रहा है, वहीं सभी कार्यकर्ता रामजी का दूत बनकर घर-घर पूजित अक्षत व नूतन मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण देना अपने आपको परम सौभाग्यशाली मान रहे हैं. सात दिनों के अभियान में झारखंड के चार हजार पंचायत के लगभग बीस हजार गांव तक पहुंचकर लगभग 18 लाख परिवार को निमंत्रण दे दिया जा चुका है. 31 लाख परिवार तक पहुंचाने के लक्ष्य को बढ़ाकर अब 46 लाख परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है.

## श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन : आज होगा रुक्मणी विवाह

# जीवंत झांकी निकली, श्रीकृष्ण जन्म और लीला पर चर्चा

संवाददाता। रांची



श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सदानंद जी ने अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्म और उनकी बाल लीला का सुंदर चित्रण अपने प्रवचन और भजन के माध्यम से किया.

मौके पर प्रसंगानुसार जीवंत झांकी भी निकाली गयी. मौके पर आशीर्वचन प्रदान करते हुए संतश्री ने श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान की बाते भी बतायी. उन्होंने कहा कि जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं, उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है. अतः सकारात्मक सोच के साथ चिंतन करें. महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण को जिस भाव से याद करोंगे, वे उसी भाव में मिलेंगे. इससे पूर्व रविकांत जी शास्त्री ने श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान पर विस्तार से प्रकाश डाला. भजन गायक पवन तिवारी ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर सब को मंत्रमुग्ध कर दिया. विनय जी ने ढोलक पर खुबसूरती से संगत किया. सोमवार को कथाप्रसंग के में उद्धव चरित्र और रुक्मणी विवाह पर चर्चा होगी. वहीं राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की.

## विधायक सीपी सिंह ने बांटा श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र



**रांची।** अयोध्या में आयोजित श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण बांटने विधायक सीपी सिंह और नवनिर्मित उप महापौर संजीव विजयवर्गीय भी कार्यकर्ताओं संग लोगों के घर पहुंचे। रविवार को नेताजी नगर, कांटा टोली क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का निमंत्रण दिया. श्रद्धालुओं से कहा कि पांच सौ साल के बनवास के बाद श्रीराम अपने महल में विराजेंगे. यह मौका खास है. लंका विजय के बाद जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम घर लौटे थे, तो वहां दिवाली मनी थी, कुछ वैसा ही नजारा अपने शहर में भी होना चाहिए. ध्वज लगाये, साज-सज्जा करें और मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रभु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करें. साथ घूम रहे मोहल्ले के राहुल कुमार ने बताया कि मोहल्ले को दुल्हन की तरह सजाया जायगा. श्रीराम की 40 फीट ऊंची प्रतिमा लगायी जायेगी. समारोह के मौके पर भव्य आयोजन कर प्रसाद बांटा जायेगा. संदीप घोष,चिंटू गुहा, मनीष कुमार, गौतम घोष, कानू गुहा, सीमा, मनीष, रमेश, पूर्णिमा सरकार, सरोज देवी आदि निमंत्रण बांटने में शामिल थीं.

## ब्रीफ खबरें

### एमबी स्कूल ताइक्वांडो सेमिनार का आयोजन

**रांची।** झारखंड यूनाइटेड ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के बैनर तले एमबी स्कूल बुंडू में एकदिवसीय ताइक्वांडो रेफरी सेमिनार का आयोजन किया गया. एसोसिएशन के महासचिव मिस्टर सकील अंसारी ने बताया कि झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता जल्द ही होने वाली है. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए जिलेभर से आए सीनियर रेफरी ने सेमिनार में रेफरी की ट्रेनिंग दी. इसमें जिलेभर से कुल 43 रिफरियों ने हिस्सा लिया. रेफरी ट्रेनिंग मुख्य रूप से जमील अंसारी, शाहनवाज अंसारी, रोमा कुमारी, चंचला कुमारी के माध्यम से दिया गया. ताइक्वांडो सेमिनार में आए कुछ सीनियर रेफरी के नाम - मनीषा, खुशी, साक्षी, खुशबू, ममता, मनय, विकास, जयपाल, शिवनाथ, सूरज, रिया, बालो, बसंती आदि शामिल रहे.

### 1979 बैच के छात्रों का एलुमिनाई मीट

**रांची।** कांके रिसॉर्ट में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन संत जोसेफ हाईस्कूल कांके के तत्वावधान में 1979 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया. इस अवसर पर पुराने छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता, अधिवक्ता एवं ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन संत जोसेफ हाईस्कूल कांके के सदस्य डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि देश के लिए शहादत और अपना सर्वोच्च बलिदान देने से लेकर राष्ट्र और राज्य के नवनिर्माण तक हर जगह संत जोसेफ हाईस्कूल के छात्रों की भूमिका रही है. कार्यक्रम में डॉ प्रणव कुमार बब्बू, अनिल कुमार केशरी, राजेश केसरी, अनिल प्रसाद, संजय सरावगी, सोमनाथ मित्रा, डॉ. आशीष चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे.

### राष्ट्रीय कबड्डी में डीएवी गांधीनगर उपविजेता



**रांची।** गाजियाबाद में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका अंडर 17 वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर रांची की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता बनी. फाइनल मैच में हरियाणा की टीम से मुकाबले में 45-45 अंकों की बराबरी पर मैच टाई हुआ. इसके बाद परिणाम के लिए फिर सुपर रेड नियम का सहारा लिया गया. जिसमें 6-5 के परिणाम से डीएवी गांधीनगर की टीम उपविजेता बनी.

### सेवा कर परमेश्वर का संदेश पहुंचाया गया



**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने पंकज एंजेलिन मर्सी स्कूल परिसर में रविवार को लोहरदगा के रानीटोंगरी में 50 गरीबों को कंबल बांटा. इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने बताया कि क्रिसमस खत्म होते ही गांव में रहने वाले असहाय व गरीबों की सेवा का अवसर मिलता है. जिससे हम गरीबों की सेवा कर परमेश्वर के संदेश को लोगों तक पहुंचाते हैं. मौके पर सुनीता लकड़ा,उस्मान अंसारी, कोयली उराईन, सशिता उराईन, रोशन उरांव, अभिषेक उरांव समेत अन्य मौजूद थे.

### 10 दिनी राष्ट्रीय पुस्तक मेले का समापन

**रांची।** समय इंडिया ओर से जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला का सम्मापन रविवार को जिला स्कूल मैदान में हुआ. 10 दिवसिय मेले में लगभग 50 हजार लोगों ने शिरकत की. पुस्तक मेला के संयोजक एवं समय इंडिया के प्रबंध न्यासी लेखक चंद्रभूषण ने संबोधित किया. मेले के दौरान हर हाथ में एक किताब का होना और इन हाथों से होकर किताबों का घर परिवार में पहुंचना सुखद एहसास है. मेले में आयोजित विभिनन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सांसद संजय सेठ ने सम्मानित किया. साथ ही आखरी दिन सांस्कृतिक संध्या के तहत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.



### अंकुर क्लब के शिविर में 61 लोगों ने किया रक्तदान

**रांची।** रविवार को अंकुर क्लब नॉर्थ आफिस पारा के द्वारा जेएमजे स्कूल परिसर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें कुल 61 लोगों ने रक्तदान किया. वहीं डेंटल में 76 व हेल्थ चेकअप में 99 लोगों ने मुफ्त शिविर का लाभ उठाया. इस दौरान 60 जरूरतमंदों के बीच स्कूल बैग और 65 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया. बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उदघाटन स्वामी अन्त्रानन्दा महाराज रामकृष्ण मिशन ने किया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर आशा लकड़ा, जेएमजे हाईस्कूल की सिस्टर विकाश लता बरला, जे के झा सी जी एम ( मेकॉन व अन्य मौजूद रहे.



### मरहबा 140 दिनों से गरीबों को खिला रहा खाना

**रांची।** मरहबा सोसाइटी की कोशिश, कोई भूखा ना रहे कार्यक्रम के तहत गरीब जरूरतमंदों को एक वक्त का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है. यह आयोजन पिछले 20 सप्ताह से लगातार चल रहा है. इस तरह 140 दिनों से गरीब, मेहनतकश जरूरतमंदों के बीच एक समय का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है. कार्यक्रम संयोजक शमशाद अनवर ने बताया कि मरहबा के सक्रिय सदस्य स्वर्गीय अरशद हुसैन की याद में कार्यक्रम शुरू किया गया है. रविवार को मेन रोड स्थित अंजुमन प्लाजा के सामने आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.

### विवेकानंद स्कूल में कल्पतरू उत्सव

**रांची।** विवेकानन्द विद्या मंदिर स्कूल, धुर्वा सेक्टर 2 में 'कल्पतरू उत्सव' का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में रामकृष्ण सेवा संघ के भक्तों ने श्री रामकृष्ण के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों को पूर्ण करने के लिए वचनबद्ध हुए. इस उपलक्ष्य में मंगल आरती, चंडी पाठ, हवन आदि किया गया. वहीं सायं काल में आरती तथा भोग का वितरण किया गया.

### डीआईजी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान का प्रतिनिधिमंडल अभिनेता देवेश खान के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय धुर्वा में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम से भेंट की. मौके पर शोएबउर्रहमान, बुलंद अख्तर शामिल थे.

### Ph. D. Awarded




By order of the Vice-Chancellor, Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand (vide letter No. KU/CE/C/118/2024, Date: 05.01.2024) **Sri Ashok Kumar Rawani**, Assistant Professor, Jamshedpur Co-operative College (S/o Sri Basdeo Rawani and Smt. Paro Devi, Vill: Godhar Basti, Kusunda, Dhanbad) is declared to have passed the Doctor of Philosophy (Ph. D) Examination in the subject of Commerce (Faculty of Commerce) held in the month of October, 2023 on the topic **"Recent Trends and Emerging Values in Human Resource Management – A Case Study of Tata Steel Ltd."** under the supervision of Dr. Jayant Bhagat, Associate Professor (Rtd.), Department of Commerce, Jamshedpur Co-operative College, Jamshedpur as per provision of the UGC Regulation, 2009.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस मुख्यालय में होगी एएसआई की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय के कार्यालय में एसआई, एएसआई और कंप्यूटर ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति होगी. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी व एसएसपी को पत्र लिखकर मनोनयन उपलब्ध कराने को कहा है. पत्र में लिखा गया है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय कार्यालय के लिए सब इंस्पेक्टर, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और कंप्यूटर की जानकारी रखने वाले आरक्षी की प्रतिनियुक्ति की जानी है.

### बसिया में फास्ट फूड की गुमटी में लगी आग

**गुमला।** बसिया प्रखंड के कुम्हारी बाजार टांड़ में शनिवार की रात बीरेंद्र साहू के फास्ट फूड की गुमटी में आग लग गई. आगजनी की घटना से दो गैस सिलेंडर, एक फ्रिज के अलावा अन्य सामान जल कर राख हो गया. बीरेन्द्र साहु के अनुसार गुमटी के जलने से लगभग एक से डेढ़ लाख रुपया का नुकसान हुआ है. घटना की सूचना बसिया थाना को दी गई. आगजनी की घटना का कारण शॉट सर्किट बताया जा रहा है.

### रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कथारा (बेरमो)।** गोमो बरकाकाना रेल लाइन के जारंगडीह स्टेशन से कुछ दूरी पर पोल संख्या 37/29 और 37/31 के बीच एक अज्ञात शव मिला है. शव की सूचना पीडब्लूवाई स्टाफ ने जारंगडीह स्टेशन मास्टर को दी. इसके बाद मामले की जानकारी गोमिया जीआरपी को दी गई. जानकारी मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना रविवार की अहले सुबह की है. मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है.

### घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है. थाना क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटना घट रही है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ने लगी है. इस बार चोरों ने थाना क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत स्थित मंडाटांड़ गांव में दो ट्रैक्टर से बैट्री की चोरी कर ली. प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडाटांड़ निवासी जकी अनवर और तौसीफ खान का ट्रैक्टर घर के सामने खड़ा था. रात के समय चोर दोनों ट्रैक्टर की बैट्री चोरी कर फरार हो गए. बताया जाता है कि घटना की सूचना बेंगाबाद थाना को दे दी गई है.

### अवैध पिस्टल के साथ अपराधकर्मी गिरफ्तार

**कुड़ू (लोहरदगा)।** किसी वारदात को अंजाम देने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहे एक अपराधकर्मी को किसको पुलिस ने गिरफ्तार किया. कुड़ू थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में लोहरदग़ा पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां ने जानकारी दी. बताया कि सूचना मिली थी कि किसको थाना अन्तर्गत परहेपाट गांव मे एक युवक संतोष कुमार साहू पिता राममोहन साहू पिस्टल लेकर घूम रहा है. थाना प्रभारी किस्को पोलिकार्प के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया.

### पोक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला।** गुमला थाना की पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त बिंदेश्वर उरांव 19 वर्ष बसुआ को बरहा टोली से गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया. ज्ञात हो कि आरोपी अभियुक्त ने एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था और वह गर्भवती हो गई थी. किशोरी ने गर्भवती होने की जानकारी देते हुए युवक से शादी का प्रस्ताव रखा तब युवक फरार हो गया. पीड़िता ने जुलाई 2023 में लिखित आवेदन देकर गुमला थाना में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी.

### बिजली चोरी मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा (लोहरदगा)।** बिजली चोरी के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा दंडाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से सेन्हा थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी के दौरान सेन्हा निवासी समीमा खातुन पति मोबारक अंसारी, सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप रजीबा खातुन पति इसराइल अंसारी, सेन्हा पतराटोली निवासी समसुल अंसारी पिता काबिल अंसारी व तजमुल अंसारी पिता काबिल अंसारी के घर में छापेमारी किया.

# दुर्घटना में मृतक का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**संवाददाता। बेंगाबाद**



बेंगाबाद के मंगरोडीह निवासी कृष्णा यादव की सड़क हादसे में मौत के बाद रविवार को उसका शव गांव पहुंचा. शव पहुंचते ही मृतक की पत्नी व बच्चों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा. पत्नी और बच्चे दहाड़े मार मार कर रोने लगे, जिससे मौके पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई.

इधर सूचना पाकर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अर्जुन बैठा, पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, हरिला पंचायत के मुखिया सुधीर रजवार, बेंगाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र महतो, बिंदु मंडल, नंदनी देवी सहित काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया. मौके पर आजसू नेता अर्जुन बैठा ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग दिया. उन्होंने सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया. मौके पर उन्होंने पुलिस प्रशासन को दुर्घटना में दोषी वाहन चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कही. कहा कि घटना बहुत दुःखद है. मृतक अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था. वह अपने पीछे पत्नी के अलावे चार छोटे छोटे बच्चों को छोड़ गया है. उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीरता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को सरकारी सहयोग के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की. वहीं मौके पर पूर्व प्रमुख रामप्रसाद यादव, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह ने भी मृतक की घायल पत्नी के इलाज के साथ पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया. बताते चलें कि शनिवार की रात बेंगाबाद गिरीडीह मार्ग पर दामोदरडीह के समीप सड़क हादसे में मंगरोडीह निवासी कृष्ना यादव 45 वर्ष की मौत हो गई थी. जबकि दुर्घटना में उनकी पत्नी गुजरी देवी घायल हो गई थी. दोनों पति पत्नी बाइक पर सवार होकर बेंगाबाद बाजार से अपने घर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ था. दमोडरडीह गांव से आगे सी किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मारते हुए फरार हो गया था.

## आओ जानें

### दर्ज हुए नक्सल मामले के आंकड़े

| वर्ष | मामले दर्ज | वर्ष | मामले दर्ज |
|---|---|---|---|
| 2000 | 24 | 2012 | 219 |
| 2001 | 106 | 2013 | 219 |
| 2002 | 72 | 2014 | 244 |
| 2003 | 113 | 2015 | 196 |
| 2004 | 88 | 2016 | 266 |
| 2005 | 118 | 2017 | 258 |
| 2006 | 108 | 2018 | 165 |
| 2007 | 122 | 2019 | 133 |
| 2008 | 147 | 2020 | 110 |
| 2009 | 321 | 2021 | 137 |
| 2010 | 257 | 2022 | 197 |
| 2011 | 302 | 2023 | 111 |
| | | कुल | 4033 |

## मादक पदार्थ कुडू-पलामू के रास्ते पंजाब भेजा जा रहा था

# 74 बोरे में 1491 किलो डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिला प्रशासन मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में लगी है. इसी क्रम में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जब्त किया. एसपी को मिले गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कुडू थाना पुलिस ने पंजाब भेजा जा रहा मादक पदार्थ जब्त कर लिया. चावल लदे ट्रक पर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ रांची से होते हुए कुडू-पलामू के रास्ते पंजाब भेजा जा रहा था. इसकी सूचना एसपी द्वारा कुडू थाना प्रभारी को दी गयी. तत्काल छापामारी दल का गठन कर रांची- कुडू मार्ग पर वाहन जांच अभियान शुरू किया गया. वहीं कुड़ थाना प्रभारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी ने कोकर गोगा पतरा के पास वाहनों की जांच शुरू की.

शनिवार दोपहर 12.30 बजे पंजाब नंबर का एक ट्रक त्रिपाल से ढंका हुआ दिखा. पुलिस ने ट्रक को रुकवाया. तत्पश्चात ट्रक की तलाशी लेने पर चावल के बोरों के बीच कुल 74 बोरा अवैध डोडा बरामद किया गया. बरामद डोडा का कोई कागजात नहीं रहने पर 74 बोरा अवैध डोडा को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई. मौके पर ट्रक संख्या पीबी11 सीबी-5370 के चालक सह मालिक और उसपर सवार सहकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया.

- एसपी को मिली थी सूचना, कुड़ू थाना प्रभारी जांच का निर्देश दिया
- पूरे ट्रक को तिरपाल ढंक कर रखा गया था, ताकि किसी को शक न हो
- रांची से कुड़-पलामू होते हुए ट्रक को पंजाब पहुंचाने की योजना थी
- ट्रक पर चावल के बोरों के बीच 74 बोरों में डोडा छुपा कर रखा गया था



**डोडा को पंजाब बेचने के लिए ले जाया जा रहा था**

पुलिसिया पूछताछ में बताया गया कि अवैध मादक पदार्थ डोडा को रांची से तस्करी कर पंजाब बेचने के लिए ले जाया जा रहा था. मामले में कुडू थाने में कांड संख्या: 04/24 दर्ज कर धारा 15, 18, 22, 27, 27(ए), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई. पकड़े गए ट्रक से 74 बोरा अवैध डोडा, जिसका कुल वजन 1491.450 किलोग्राम (चौदह सौ एक्यान्चे किलो एवं चार सौ पच्चास ग्राम), घटना में प्रयुक्त पांच विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल फोन जब्त कर लिये गये. वहीं रामश्रेष्ठ पासवान, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता स्व0 अमृत पासवान, सा0- रामनगर, मंडी गोविन्दगर, थाना मंडी गोविन्दगर, जिला-फतेहगढ़ (पंजाब), इन्द्रजीत कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता स्व0 मनोज पासवान, पता- बरियातु, थाना- बरियातु, जिला- लातेहार को गिरफ्तार कर लिया गया है. छापामारी दल में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, पुलिस इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, एएसआई लवकुश सिंह, सुकु सोरेन, मनोज प्रजापति, गौतम कुमार, संदीप कुमार सिंह, प्रभुदास कुजूर, पवन कुमार सिंह, जावेद अख्तर, राजू महतो, मैकसेन किण्डो, गृहरक्षक नीरज कुमार मिश्र, चालक एवं एएसआई बिनोद कुमार सिंह, चालक निर्मल मार्शल मिंज आदि शामिल थे.

### एनएच पर शॉर्ट सर्किट से ट्रेलर में लगी आग

**सिमडेगा।** जिले के कोलेबिरा थाना अंतर्गत कटहलटांड़ के समीप नेशनल हाईवे 143 में एक ट्रेलर के इंजन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण भीषण आग लग गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर में चूना लोड था, जो राजस्थान से ओडिशा जा रहा था. जिसका नंबर एनएल01क्यू9034 है. घटना की जानकारी देते हुए ट्रेलर के ड्राइवर शफ़ीद खान ने बताया कि ट्रेलर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद इंजन में देखते ही देखते आग लग गई. ड्राइवर ने ट्रेलर को जलने से बचने के लिए काफी प्रयास किया.

### 8 दिन से लापता युवक का शव कुएं से बरामद

**गुमला।** आठ दिन से लापता युवक लक्ष्मण नगर निवासी अभिषेक कुमार उर्फ शिव का शव रविवार को सदर थाना क्षेत्र के करमटोली फूलवारटोली के टाटीटोली स्थित कुआं से बरामद किया गया. कुआं में शव होने की सूचना पर एसआई राजू गुप्ता ने टाटीटोली पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुआं से बाहर निकाला. परिजनों ने शव की पहचान शिव के रूप में की. बताते चलें कि अभिषेक कुमार उर्फ शिव ग्रामीण विकास मंडल में बतौर बीआरपी काम करता था.

### फरार आरोपियों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**किरिबुरु।** गुवा (बडाजामदा) थाना काण्ड संख्या-31/20, के प्राथमिकी व फरार अभियुक्तों ताहिर खान उर्फ ताहिर (उम्र 28 वर्ष) पिता जसमाल खान, इदरिष खान उर्फ इदरिष (उम्र 26 वर्ष) पिता जसमाल खान, एवं दाउद खान उर्फ दाउद (उम्र 40 वर्ष) पिता जौरमल खान के राजस्थान के अलवर जिला के जहानपुर गांव के घर पर गुआ पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी इस्तेहार चिपकाया.

# झारखंड पुलिस में एक पद भरता नहीं कि दूसरा हो जाता है खाली



**सौरभ सिंह। रांची**

किसी भी राज्य के लिए उसकी पुलिस फोर्स सबसे अहम होती है. लेकिन इस मामले में झारखंड पुलिस का हाल बेहाल है. यहां एक पद भरता नहीं कि दूसरा पद खाली हो जाता है. वर्तमान में हालात यह है कि एडीजी मुख्यालय पद पर पदस्थापित के एडीजी मुरारी लाल मीणा को जब एडीजी निगरानी सुरक्षा बनाया गया, तो एडीजी मुख्यालय का पद खाली हो गया. अखिलेश झा को रांची जोनल आईजी बनाया गया, तो आईजी मुख्यालय का पद खाली हो गया. शम्स तबरेज सेवानिवृत हुए तो डीआईजी बजट का पद खाली हो गया. अब तक इस पद पर किसी को पदस्थापित नहीं किया गया है. इसी तरह झारखंड पुलिस में कई ऐसे पद हैं, जो वर्तमान में खाली चल रहे हैं.

**विभाग में खाली पड़े हैं इतने पद**

- एडीजी स्पेशल ब्रांच
- एडीजी मुख्यालय
- आईजी दुमका जोन
- आईजी मुख्यालय
- आईजी एससीआरबी
- डीआईजी बजट
- डीआईजी पलामू
- डीआईजी एसीबी
- एसपी सीएम सुरक्षा
- एसपी एससीआरबी
- एसपी सीआईडी
- एसपी सीआईडी
- एसपी ट्रैफिक रांची
- एसपी एसटीएफ
- एसपी एसटीएफ
- एसपी होमगार्ड
- कमांडेंट जैप 1
- कमांडेंट जैप 4
- कमांडेंट जैप 5
- कमांडेंट जैप 6
- कमांडेंट जैप 8
- कमांडेंट जैप 9
- कमांडेंट जैप 10
- कमांडेंट आईआरबी 2
- कमांडेंट आईआरबी 5
- कमांडेंट आईआरबी 8

### एक माह के अंदर चौथी बाइक की हुई है चोरी

**बेरमो।** आईईएल थाना क्षेत्र के फुटबॉल मैदान से रविवार को एक बाइक की चोरी हो गई. इस महीने इस बाइक को लेकर चौथी बाइक चोरी है. गोमिया ब्लॉक शिव मंदिर निवासी अभय कुमार ने बताया कि वे रविवार को अपने मोटरसाइकिल जेएच01इवाई-6053 हीरो स्प्लेंडर प्लस से आईईएल स्थित फुटबॉल मैदान मैच देखने गए थे. इस दौरान वे अपना मोटरसाइकिल मैदान स्टेज के बाह्य परिसर में खड़ा किये थे. दस मिनट बाद जब वह वापस लौटे तो उसकी बाइक वहां नहीं थी. इसके बाद उसने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी. बताया कि वे अपने स्तर से घंटों मोटरसाइकिल की खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चला. अंत में थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की. बता दें कि इससे पूर्व 14 दिसंबर को भी पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के ही भंडरा कुदर निवासी श्यामलाल हांसदा का पेशन प्रो बाइक आईईएल थाना क्षेत्र के आईईएल बाजार स्थित साईं नर्सिंग होम के बाह्य परिसर से चोरी हो गया था. इस मामले को उन्होंने आईईएल थाना में दर्ज कराया था. 21 दिसंबर को पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत मुंगो निवासी प्रवीण की बाइक आईईएल थाना अंतर्गत गोमिया रेलवे स्टेशन के निकट से चोरी हो गई थी.

# सड़क दुर्घटना में बीसीसीएल कर्मी की मौत

**संवाददाता। महुदा**

महुदा बाजार मारवाड़ी पट्टी के पास मुख्य सड़क पर शनिवार की देर रात बीसीसीएल कर्मी मिट्ठु हाड़ी उम्र 56 वर्ष का सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गया.

मृतक जोगीडीह कोलयरी में माइनर लोडर के पद पर कार्यरत था. मृतक का दो पुत्री, एक पुत्र है. घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि मिट्ठु हाड़ी शनिवार के द्वितिय पाली का कार्य करने जोगीडीह कोलयरी गया था. ड्युटी के पश्चात अपने स्कूटी संख्या जेएच10सीटी-2447 से वापस लौट रहा था. इसी क्रम में महुदा बाजार मारवाड़ी पट्टी के समीप अनियंत्रित होकर स्कुटी डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे घटना स्थल पर ही उसका दर्दनाक मौत हो गयी. घटना की सुचना पाकर तत्काल महुदा पुलिस का पैट्रोलींग घटनास्थल पर पहुंची और शव व स्कुटी को कब्जे मे ले लिया.

**छाया मातम**

- मृतक बीसीसीएल कर्मी की उम्र 56 साल थी
- मृतक माइनर लोडर के पद पर कार्यरत था

# वन विभाग ने मारा छापा लकड़ी का बोटा बरामद

**संवाददाता। रमना**



गढ़वा उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्र एवं वनकर्मियों ने रविवार को विशुनपुरा थाना क्षेत्र के संध्या गांव में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन एवं चिराई की गई लकड़ी बरामद कर रमना वन परिसर लाया. वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्र ने बताया कि विशुनपुरा के संध्या गांव में अवैध रूप से आरा मशीन लगाकर लकड़ी चिराई किए जाने की जानकारी मिल रही थी. इस मामले में वन प्रमंडल पदाधिकारी को इसकी जानकारी दी गई. इसके बाद वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संध्या गांव में उक्त स्थान पर छापेमारी कर आरा मिल के साथ चिरान और सिसम का बोटा बरामद कर वन परिसर कार्यालय रमना लाया गया है. उन्होंने बताया कि लकड़ी माफिया द्वारा स्थान बदल-बदल कर आरा मिल लगाया गया था. इस मामले में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है. वहीं दोनों आरा मिल संचालक वन कर्मियों के आने से पूर्व फरार हो गए. छापामारी अभियान में रमना वन परिसर पदाधिकारी नीरज कुमार, राजु कुमार, सचिन सिंह, पुष्पराज सिंह, राजीव रंजन, नित्यानंद तिवारी, रागिनी कुमारी सहित कई वनरक्षी शामिल थे.

# शैंपू की पेटी से भरा ट्रक पुल के नीचे गिरा, एक ग्रामीण की मौत

**संवाददात। जामताड़ा**



जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करमाटांड़-करमदाहा सड़क पर आज रविवार अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां घने कोहरे के कारण कोलकाता से पटना जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर लोहारंगी पुल के नीचे गिर गया. इस हादसे में ट्रक चालक और एक ग्रामीण घायल हो गया.

आनन फानन में दोनों को सीएचसी नारायणपुर ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने दोनों को इलाज के लिए एसएनएमसीच धनबाद रेफर कर दिया. लेकिन आनलोहारंगी गांव निवासी शिवलाल मरांडी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. वहीं ट्रक चालक (बिहार के जमुई जिला के अररिया गांव निवासी) जीतेंद्र यादव को एसएनएमसीच धनबाद में भर्ती कराया गया. हादसे के बाद आक्रोशितों ने करमाटांड़-करमदाहा मुख्य सड़क को जाम कर दी. घायल ट्रक चालक ने बताया कि कोलकाता से शैंपू की पेटी लोड कर पटना जा रहे थे. इसी क्रम में रास्ते में घने कोहरा के कारण कुछ दिख नहीं रहा था. लोहारंग-मुर्गाबनी के बीच स्थित पुलिया के समीप तीखा मोड़ भी था. ऐसे में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पुल से नीचे गिर गया. इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया. वहीं पुल के नीचे मुंह धोने रहे शिवलाल मरांडी भी ट्रक की चपेट में आ गये. इसके बाद ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नारायणपुर लाया गया, जहां चिकित्सक घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया. शिवलाल मरांडी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. वहीं जीतेंद्र यादव को एसएनएमसीच धनबाद में भर्ती कराया गया.

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गिरिडीह पुलिस हुई चौकस

**संवाददाता। गिरिडीह**



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गिरिडीह पुलिस काफी चौकस दिख रही है. इसी को लेकर पुलिस शहर के होटल, लॉज, बस स्टैंड के अलावा रात्रि और अगले सुबह आने को सवारी ट्रेन की भी चेकिंग कर रही है. बता दें कि बीते शनिवार की रात और अहले सुबह रविवार को जिले की पुलिस के द्वारा गिरिडीह-मधुपुर सवारी गाड़ी की तलाशी ली गई. इस दौरान सवारी ट्रेन के हरेक बोगी को भी खंगाला गया, जबकि कुछ यात्रियों से पूछताछ भी की गई.

यह पूरी जांच पड़ताल प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर और नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में की गई. इस दौरान नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शहर में कोई अपराधी किसी भी तरह के आपराधिक घटना को अंजाम न दें, इसी को लेकर यह जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि अपराधी ठंड और कोहरे का फायदा उठाते हैं और ट्रेन से आते हैं और आपराधिक वारदात को अंजाम देकर इसी ट्रेन से वापस भी चले जाते हैं. इसी कारण सवारी ट्रेन की जांच की गई. साथ ही शहर के कई इलाकों की भी जांच की जा रही है. उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में गश्त को तेज किया गया है. बिना वजह बाहर घूम रहें लोगों से भी पूछताछ की जा रही है.

**हत्या** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड के कराईकेला थाना क्षेत्र की है घटना

# वृद्ध दंपत्ति पर कुल्हाड़ी से हमला, पत्नी की मौत

**शंभु कुमार। चक्रधरपुर**



पश्चिमी सिंहभूम जिला के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना क्षेत्र के भालुपानी पंचायत के गितिउली गांव स्थित घर में सो रहे वृद्ध दंपत्ति पर अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. इस घटना में वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि महिला का पति गंभीर रुप से घायल हो गया. बताया जाता है कि कराईकेला थाना क्षेत्रा का गितिउली गांव निवासी 72 वर्षीय मारकस मुंडू अपने घर में पत्नी शांति मुंडू के साथ सोया हुआ था.

घर में उसकी बेटी भी मौजूद थी. शनिवार रात लगभग दस बजे तीन-चार लोग मारकस मुंडू के घर पहुंच गए और मारकस मुंडू के साथ मारपीट करने लगे. इस बीच बचाव के लिए पहुंची मारकस मुंडू की पत्नी शांति मुंडू पर अज्ञात लोगों ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया. इससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई. महिला की मौत होने के बाद घटना को अंजाम देने वाले सभी लोग भाग गये. वहीं इस घटना में मारकस गंभीर रुप से घायल हो गए. जबकि दूसरे कमरे में सो रही उसकी बेटी बच गई. रविवार को दिन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना कराईकेला थाना को दी.

वहीं घायल व्यक्ति मारकस को ईलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया. जहां से बेहतर ईलाज के लिए चाईबासा के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण रविवार शाम तक पुलिस गितिलिपि गांव नहीं पहुंच सकी थी. जिसके कारण महिला का शव घर में ही पड़ा रहा.

**पति घायल**

- पति मारकस मुंडू भी तब घर में ही सोया हुआ था
- बेटी तब दूसरे कमरे में सो रही थी, इसलिए बची जान

# मधु पहाड़िया हत्याकांड में दो आरोपी हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता। साहिबगंज**



जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बेतौना संथाली के पास 4 जनवरी को शेरगढ़ निवासी छोटा मधु पहाड़िया उम्र 51 की हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. वहीं जिरवाबाड़ी थाना में रविवार को प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में 2 आरोपी बड़ा पचरुखी निवासी गुल्लू पहाड़िया उर्फ गोलू पहाड़िया व ओलू पहाड़िया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.

वहीं दोनों की निशानदेही पर एक खून लगा हुआ दबिया, खून लगा शर्ट बरामद कर लिया गया है. वहीं डीएसपी रूपक कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले 10 दिसंबर 2023 को पुषा पहाड़िया की हत्या हुई थी. इस मामले में छोटा मधु पहाड़िया का पुत्र सोमरा पहाड़िया जेल में बंद है. शुरुआती अनुसंधान में संपत्ति विवाद की बात सामने आई है. छोटा मधु पहाड़िया का एक हत्यारोपी गोलू पहाड़िया पुषा पहाड़िया का साला है. मामले में मृतक के पुत्र राजू पहाड़िया के बयान पर जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 1/24 के तहत अनुसंधान जारी है. छापामारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल, पुअनि विक्रम कुमार, संदीप कुमार वर्मा, सौरभ कुमार, सअनि मनोज कुमार शर्मा, आरक्षी प्रवीण कुमार व राजाराम शामिल थे.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से अष्टम चन्द्र है, कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. स्वाभिमान को ठेस लग सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**वृषभ** जीवनसाथी से लाभ होगा. व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी. साथ ही व्यापार में लाभ का योग है. भाग्य का साथ मिलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. पार्टनरों का सहयोग मिलेगा.

**मिथुन** मौसमी बीमारियों से बचाव जरूरी है. गुप्तशत्रु से सावधान रहें. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी. मान-सम्मान मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. अन्न और मिठाइयां दान करें.

**कर्क** नीच का चन्द्र है. कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल नही रहेंगे. कुछ मानसिक अशांति रहेगी. पर लाभ के अवसर हाथ आएंगे. समय अनुकूल है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं.

**सिंह** पुराना रोग उभर सकता है. किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं. कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. व्यापार अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है. आदित्य हृदय का पाठ करें और सूर्य को जल दें.

**कन्या** सामाजिक कार्य में रुचि बढ़ेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. चिंता तथा तनाव रहेंगे. शत्रुभय रहेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. भाइयों का सहयोग मिलेगा.

**तुला** समय अनुकूल है. धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी. भाग्य का साथ रहेगा.

**वृश्चिक** समय बहुत ही उपक्त है. विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा. किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार से लाभ होगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. भाग्य का साथ मिलेगा. जल और मिठाई का दान करें.

**धनु** वाणी पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट संभव है. यात्रा में जल्दबाजी न करें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. भागदौड़ अधिक रहेगी. थकान व कमजोरी महसूस होगी. गुरु गायत्री का जाप करें.

**मकर** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में प्रशंसा होगी. कार्यसिद्धि होगी. प्रसन्नता रहेगी. चोट व रोग से बचें. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं.

**कुंभ** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. किसी प्रसिद्ध व्यक्ति से लाभ के योग है. घर में मेहमानों का आगमन होगा. कोई मांगलिक कार्य हो सकता है. आत्मविश्वास बढ़ेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. अन्न दान करें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलने से मन ख़ुश होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. निवेश शुभ रहेगा. व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा. किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है.

# 25 शवों का मुक्ति संस्था ने किया सामूहिक दाह संस्कार

संवाददाता। रांची

मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 25 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया. संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. फिर उन्हें मुखाग्नि दी. मुक्ति संस्था पिछले नौ वर्षों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करते आ रही है. इन शवों के अंतिम संस्कार के लिए संस्था की ओर से कई दिनों से तैयारी की जा रही थी. रिम्स में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन लावारिस शवों को जुमार नदी तट पर लाया गया. फिर अंतिम संस्कार किया गया. गौरतलब है कि संस्था द्वारा अब तक 1670 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है.



## शवों की पहचान के लिए पुलिस ने भी किए कई प्रयास

इससे पहले पुलिस की ओर से इन शवों की पहचान के लिए कई प्रयास किए गए. पुलिस ने शवों की पहचान के लिए कई बार विज्ञापन भी निकाले. लेकिन इन शवों की पहचान नहीं हो सकी. इनके संबंधियों की कोई खोज-खबर नहीं आने के बाद आखिरकार लंबे समय से रखे गए इन शवों को सामूहिक दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप दिया गया.

**एक साथ 25 चिता सजायी गयी :** इससे पहले संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी में पड़े सभी शवों को पैक कर ट्रैक्टर से ले गए. इनमें से कई शव गल गए थे. इसलिए उन शवों को प्लास्टिक पैक कर पूरी तरह सील कर दिया गया था. सभी शवों को जुमार नदी के तट पर लाकर एक साथ 32 चिता सजायी गयी. फिर शवों को मुखाग्नि दी गई. दाह संस्कार के सभी विधि-विधान भी पूरे किए गए.

# चौरसिया समाज जमशेदपुर का पारिवारिक मिलन समारोह

संवाददाता। आदित्यपुर

राष्ट्र निर्माण में चौरसिया समाज अग्रणी भूमिका निभाता रहा है. चौरसिया समाज को अपने गौरवशाली इतिहास को कायम रखने के लिए और समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में विकास करना होगा. चौरसिया समाज में आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को आगे आकर निर्धन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं की जिम्मेवारी लेनी होगी. उक्त बातें चौरसिया समाज जमशेदपुर द्वारा आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान में आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यपुर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कही. उन्होंने चौरसिया समाज को आबादी के आधार पर राजनीतिक भागीदारी और अपने हक की लड़ाई के लिए आगे आने का आह्वान किया.

**आक्रोश : आदिवासी/ सरना धर्म कोड महारैली, धर्मगुरुओं ने किया सिंहनाद**

# धर्म कोड के लिए होगा आंदोलन




बसंत मुंडा । रांची

सरना धर्म समन्वय समिति खूंटी के तत्वावधान में रविवार को खूंटी के कचहरी मैदान में आदिवासी/ सरना धर्म कोड महारैली रविवार को आयोजित की गई, जिसमें सरना धर्मगुरुओं ने सिंहनाद किया. लोग हाथों में बैनर, सरना झंडा, तख्ती तथा पोस्टर के साथ जुलूस की शक्ल में हजारों लोग रैली में पहुंच रहे थे. धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम मुंडा की अगुवाई में गांव के पहान द्वारा सिंगबोंगा की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस अवसर पर धर्म गुरु सोमा मुंडा ने कहा कि आजाद भारत में आदिवासी/सरना धर्मावलंबियों को धर्म कोड न देना आदिवासी अधिकारों पर कुठाराघात है. 2011 की जनगणना में धर्मावलंबियों की संख्या 50 लाख से अधिक है. इसके बावजूद आदिवासियों को अलग धर्म कोड में शामिल किया जाता रहा है, जबकि जैन धर्मावलंबियों की संख्या 44 लाख है. उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड के लिए वृहत जनआंदोलन की जरूरत है.

**बंधन तिग्गा ने कहा आदिवासियों के प्रति उदासीन है सरकार :** धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्राचीनतम धर्म है. यह सभी धर्मों का आधार और संरक्षक है. आदिवासी सरना धर्म की अपनी धार्मिक विधि-विधान, जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श हैं, जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था-विश्वास जुड़ा हुआ है. परंतु राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण भारत सरकार व राज्य सरकार आदिवासी/सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है. आदिवासी/सरना धर्म कोड के अभाव के कारण न केवल आदिवासियों की धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है, बल्कि आदिवासी सरना धर्म पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है. धर्मांतरण के कारण आदिवासियों की धार्मिक तथा सामाजिक एकता कमजोर होती जा रही है, जिससे आदिवासियों में जल-जंगल-जमीन के प्रति लगाव कम होता जा रहा है.

### महारैली में छः सूत्री प्रस्ताव हुए पारित

- आदिवासी/ सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें.
- आदिवासी/सरना धर्मावलंबियों के प्रत्येक त्योहारों पर सरकारी छुट्टी का प्रावधान.
- देश के अन्य धर्मावलंबियों की तरह प्रकृति पूजक आदिवासी सरना धर्मावलंबियों के लिए तीर्थयात्रा हेतु राशि निर्गत किया जाए.
- आदिवासी /सरना धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आदिवासी सरना बोर्ड का गठन हो.
- सरना धर्मावलंबियों की सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर इत्यादि का संवर्धन किया जाए.
- पांचवीं अनुसूची तथा जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा प्रदान किया जाए.

### महारैली में ये शामिल थे

महारैली में सनिका मुंडा, मथुरा कंडीर, बुधराम बोधरा, बिरसा कंडीर, सुभासिनी पुर्ती, महादेव मुंडा, विश्राम टुटी, सुखराम मुंडा, सोमा मुंडा, मसीह गुड़िया, सुखराम पुर्ती, दुर्गावती ओड़ेया, नारायण उरांव, सुकरा तिर्की, मोदेस्ता तोपनो समेत अन्य शामिल थे.

# रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम बने कृष्ण कांत, 18 जिलों में नये सीजेएम

विनित आभा उपाध्याय। रांची

सब जज रैंक के न्यायिक पदाधिकारी कृष्ण कांत मिश्रा को रांची सिविल कोर्ट का नया चीफ ज्यूडीशियल मैजिस्ट्रेट (सीजेएम) नियुक्त किया गया है. इसके साथ ही राज्य के अलग-अलग 18 सिविल कोर्ट में भी सीजेएम की नियुक्ति की गई है. राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है.

- कृष्ण कांत मिश्रा- रांची सीजेएम
- मनोरंजन कुमार 1- खूंटी सीजेएम
- आरती माला- धनबाद सीजेएम
- मनोरंजन कुमार 2- गुमला सीजेएम
- प्रताप चंद्रा- कोडरमा सीजेएम
- आनंद सिंह- डालटनगंज सीजेएम
- कुमार विपुल- गढ़वा सीजेएम
- मनोज कुमार राम- रामगढ़ सीजेएम
- कविताजंलि टोप्पो- सरायकेला खरसावां सीजेएम
- सौरव कुमार गौतम- गिरिडीह सीजेएम
- मनीष कुमार सिंह- सिमडेगा सीजेएम
- सिंधु नाथ लाम्य- हजारीबाग सीजेएम
- चन्द्र भानू कुमार- जमशेदपुर सीजेएम
- मनोज कुमार प्रजापति- देवघर सीजेएम
- शिल्पा मूर्मू- पाकुड़ सीजेएम
- विश्वनाथ भगत- दुमका सीजेएम
- धर्मेंद्र कुमार- साहिबगंज सीजेएम

# डहरे टुसू पर निकली शोभायात्रा



संवाददाता । जमशेदपुर

रविवार को कुड़मी समुदाय की ओर से डहरे टुसू का आयोजन किया गया. इस दौरान झारखंड कला संस्कृति मंच के तरफ से भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यह शोभायात्रा डिमना चौक से निकली और साकची के आम बगान में संपन्न हुई. इस दौरान हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग जुटे. मौके पर महिलाएं अपने हाथों में चौड़ल लेकर नृत्य करते हुए चल रही थी. महिलाएं पीली साड़ी और पुरुष पीले रंग के गमछे से सुसज्जित थे.

# सीपीआई (एम) की सोशल मीडिया टीम की कार्यशाला का आयोजन

**पाकुड़।** स्थानलीय सीपीआई (एम) कार्यालय में रविवार को पाकुड़ और साहेबगंज जिला के पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक सोशल मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए सीपीआई (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि आज के युग में अपने विचारों और अभियानों को आम जनता तक ले जाने के लिए सोशल मीडिया का डिजिटल माध्यम एक महत्वपूर्ण टुल है. आज इस माध्यम का बहुत दुरुपयोग भी हो रहा है और नफरत व विभाजन फैलाने वाली ताकतें इसका गलत इस्तेमाल कर रहीं हैं.कार्यशाला में दोनों जिले के जनमुद्दों जिस पर पिछले दिनों पार्टी द्वारा जनसुनवाई कर आंदोलन किए जाने के निर्णय पर चर्चा की गई और सोशल मीडिया के द्वारा इन मुद्दों पर अभियान चलाए जाने की कार्ययोजना तय की गई. कार्यशाला को रांची से पार्टी की राज्य स्तरीय सोशल मीडिया टीम के सदस्यों प्रतीक मिश्रा, सुभाष ने प्रशिक्षण देने का काम किया. कार्यशाला में पार्टी की जिला कमेटियों का वाटसएप समुह, फेसबुक और इंस्टा पेज बनाया गया. कार्यशाला की अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव गोपीन सोरेन ने की.

## मारवाड़ी कॉलेज में स्वच्छता अभियान

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने कॉलेज परीसर में स्वच्छता अभियान चलाया. यह अभियान एसएससीडी (समाजिक सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधि) के अंतर्गत चलाया गया. इस स्वच्छता अभियान में 40 केडेटों ने भाग लिया. वहीं मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक सह एनसीसी के केयर टेकर ऑफिसर डॉ. अवध बिहारी महतो शामिल रहे. कॉलेज की साफ सफाई कर लेने के बाद डॉ. अवध बिहारी महतो ने कहा कि हमें अपने आसपास के परिसर को साफ करने की जरूरत है. इससे हमारा मन और तन दोनों स्वच्छ रहता है. इससे हम बीमार भी नहीं होते है.जब हमारा शरीर स्वच्छ रहेगा, तब हम अच्छे से पढ़ाई कर सकते हैं और अन्य कामों में भी हमारा मन लगता है.

# सीजीपीसी को सीतारामडेरा गुरुद्वारा प्रबंधन ने किया वृहद आर्थिक सहयोग



संवाददाता । जमशेदपुर

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) की महत्वाकांक्षी समाज कल्याण परियोजना में गुरुद्वारा साहिब शहीद बाबा दीप सिंह, सीतारामडेरा प्रबंधक कमेटी ने 5.51 लाख रुपये का भरवां (वृहद) आर्थिक सहयोग दिया है. इससे जहां शिक्षा और स्वास्थ्य मिशन को बल मिलेगा, वहीं कार्य जल्द पूर्ण करने का मार्ग भी प्रशस्त होगा. शनिवार को सीतारामडेरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह ने सदस्य अमरजीत सिंह धंजल, गुरबक्श सिंह विलखु, सरबजीत सिंह संधू, मंजीत सिंह औलख, जसवंत सिंह, इंद्रजीत सिंह सैनी, अभिषेक वोहरा, धनदीप सिंह, कमलजीत सिंह और लवप्रीत सिंह के साथ सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह को 5.51 लाख का चेक सौंपा. सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने चेक स्वीकारते हुए कहा कि यूं तो बहुत सारी संस्थाएं उसारी कार्य में अपना सहयोग दे रहीं हैं, परन्तु किसी भी संस्था या गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किया गया अबतक का यह सबसे बड़ा आर्थिक सहयोग है. उन्होंने कमेटी का आभार जताते हुए कहा कि सीतारामडेरा गुरुद्वारा का सेवा मार्ग में यह सहयोग अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा. सीजीपीसी के कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह बेदी, सुखदेव सिंह बिट्टू, हरविंदर सिंह गुल्लू, त्रिलोचन सिंह तोर्ची और जसवंत सिंह जस्से भी इस मौके के साक्षी बने. ज्ञात हो कि भगवान सिंह के नेतृत्व में सीजीपीसी की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए उसारी का कार्य आरंभ किया गया है.

## तुरी समाज की बैठक में जिला समिति के गठन का निर्णय

**चरही।** झारखंड प्रदेश तुरी समाज का उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय एक दिवसीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को हजारीबाग में किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि चन्दन तुरी, प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ अतिथि परशुराम तुरी, प्रदेश महासचिव नागेश्वर तुरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज तुरी, प्रदेश प्रवक्ता सतीश तुरी मिडिया प्रभारी अशोक तुरी, जिला सचिव रामाधीन तुरी, जिला कोषाध्यक्ष गणेश तुरी, पुर्व मुखिया किशुन तुरी, कुलदीप तुरी, भुनेश्वर तुरी, शुनिल तुरी, रमेश तुरी, गोपाल तुरी, मोहन तुरी, मेघलाल तुरी, बीरबल तुरी, रामदास तुरी, सहदेव तुरी, बिनोद तुरी, दिलीप तुरी, अनिल तुरी, कुलेश्वर तुरी, जमुना तुरी, रामु तुरी, सुधीर तुरी, शन्कर तुरी, नरेश तुरी, बाबूलाल तुरी एवं उतरी प्रमंडल के सभी तुरी समाज के लोग उपस्थित रहे. बैठक की अध्यक्षता किशुन तुरी व संचालन रामाधीन तुरी ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, इन चारों जिलों में जल्द से जल्द जिला समिति का पुनर्गठन किया जाएगा.

# टेलेंट सर्च परीक्षा में सफल छात्र सम्मानित

संवाददाता। रांची



गोल संस्थान ने रांची जोन का सम्मान समारोह आयोजन किया, जिसके मुख्य अतिथि जोनल आईजी अखिलेश झा रहे. समारोह में गोल द्वारा आयोजित टेलेंट सर्च एग्जाम में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया. इस परीक्षा का आयोजन पिछले 14 सालों से झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, वेस्ट बंगाल, उत्तर प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों में किया जाता है. इस वर्ष की परीक्षा में 40000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें 8340 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की. सफल छात्रों को कई प्रकार के उपहार दिए गए.

मुख्य अतिथि आईजी अखिलेश झा ने छात्रों को प्रतियोगिता का महत्व बताया. उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा के महत्व और स्वयं की पहचान बनाने के लिए पूरी ताकत और तन्मयता से पढ़ाई करने कि बात की. संजय आनंद, अभिषेक , काली प्रसाद सिंह , शुभम , पूनम , सना समेत गोल के कर्मचारी और छात्र शामिल रहे. गोल संस्थान के फाउंडर एमडी बिपिन सिंह ने कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में स्कूल की पढ़ाई के साथ कम्पीटीशन की तैयारी भी छात्र करते है. उन्होंने सफल छात्रों को शुभकामनाए दीं. 13 वर्षों में जीटीएसई में सफल हुए हजारों छात्रों ने नीट, जेईई, आईआईटी, सिविल सर्विसेज व अन्य राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हासिल की है.

**इन्हें मिला पुरस्कार :** क्लास 9 के रिशव कुमार को लैपटॉप दिया गया. अनुष्का, प्रांजल भारती, सक्षम कुमार,हर्षवर्धन, हर्ष, श्रेयांस वर्धन और उमर फारूको टैब दिया गया. क्लास 6 के सत्येंद्र कुमार, मनीष चंद्र भास्कर तथा क्लास 7वीं के प्रशांत कुमार, मानी प्रकाश, क्लास 8वीं के अंतरा सिंह, सौरव कुमार, क्लास 9वीं के कृतिका राज, अनुराग, क्लास 10वीं के जैद अहमद एवं नीतू कुमारी को कलाई घड़ी मिली. इसी प्रकार क्लास 6ठी की प्रिया कुमारी, रोशन कुमार , श्रुति राज, सचिन कुमार, ज्ञान प्रकाश, रिशव मांझी, स्वाति राजवर्धन, 7वीं के विकास कुमार, मायावती कुमारी, राजदीप कुमार, रौनक कुमार मांझी, कारण कुमार, अन्नी कुमारी, अमरेंद्र कुमार 8वीं के भूमि कुमारी, अंकित राज, साक्षी सिंह, काजल शंकर, सत्यम राज, आरती तिर्के, रोहन राज क्लास 9वीं के प्रियंका कुमारी, पार्थ कुमार, निशी कुजूर, रिया कुमारी, अनुराग अलीशा, श्रृष्टि सिंहा, सौरव कुमार क्लास 10वीं के मुबाशिर अमीर,श्रीराम चंद्र, नवीन कुमार, अंशु राज, जयदीप कुमार, सुमित कुमार, आर्यन को पुरस्कार में बैग दिया गया.

**श्रद्धांजलि** स्वाधीनता संग्राम के वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस आज

# आजादी के दो दीवानों ने मिलकर छुड़ाये थे अंग्रेजों के छक्के

रेहान अहमद। रांची

सन 1857 की क्रांति ने पूरे देश में आजादी की चिनगारी को सुलगा दिया और इस चिनगारी से छोटानागपुर का पहाड़-पठार भी धधकने से बच नहीं सका. इस क्रांति में शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने अहम भूमिका निभाई. शेख भिखारी का जन्म सन 1819 में झारखंड के ओरमांझी थाना के खुदिया लोटवां गांव में हुआ तो टिकैत उमराव सिंह का जन्म उनके पड़ोस के गांव खटंगा में हुआ था. शेख भिखारी ने 20 वर्ष में छोटानागपुर के महाराज के यहां दिवान की नौकरी की. टिकैत उमराव सिह बारह गांव के जमींदार थे. शेख भिखारी ने प्रतिभा और बुद्धिमत्ता के कारण ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के दरबार में एक




शेख भिखरी का पड़पोता.

अच्छी स्थिति प्राप्त की. सन1856 में जब अंग्रेजों ने राजा-महाराजाओं पर चढ़ाई करने का मंसूबा बनाया तो इसकी खबर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को मिली. उन्होंने अपने वजीर पांडेय गणपतराय, दीवान शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह से मशविरा कर अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा लेने को ठाना और जगदीशपुर के बाबू कुंवर सिंह से पत्राचार किया.

इसी बीच में शेख भिखारी ने बड़कागढ़ की फौज में रांची एवं चाईबासा के नौजवानों को भरती करना शुरू कर दिया. अचानक अंग्रेजों ने जनरल मैकडोना के नेतृत्व में सन 1857 में चढ़ाई कर दी, जब अंग्रेजों की फौज चुट्टूपालू के पहाड़ी रास्ते से रांची के पलटुवार पर चढ़ने की कोशिश करने लगी तो उनको रोकने के लिए शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह अपनी फौज लेकर चुट्टूपालू पहाड़ी पर पहुंच गए और उनका रास्ता रोक दिया। शेख भिखारी ने चुट्टूपालू की घाटी पार करनेवाला पुल तोड़ दिया और सड़क पर पेड़ों को काट-गिराकर रास्ता जाम कर दिया. शेख भिखारी की फौज ने गोलियों की बौछार कर अंग्रेजों के छके छुड़ा दिए. यह लड़ाई कई दिनों तक चली. शेख भिखारी के पास गोलियां खत्म होने लगीं तो उन्होंने अपनी फौज को पत्थर लुढ़काने का हुम दिया। इससे अंग्रेज फौजी कुचलकर मरने लगे। यह देखकर जनरल मैकडोन ने मुकामी लोगों को मिलाकर चुट्टूघाटी पहाड़ पर चढ़ने के लिए दूसरे रास्ते की जानकारी ली।

### अंग्रेजों ने धोखे से किया गिरफ्तार

फिर उस खुफिया रास्ते से चुट्टूघाटी पहाड़ पर चढ़ गए। इसकी खबर शेख भिखारी को नहीं हो सकी. अंग्रेजों ने शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह को 6 जनवरी, 1858 को घेरकर गिरतार कर लिया और 7 जनवरी, 1858 को उसी जगह फौजी अदालत लगाकर मैकडोना ने शेख भिखारी और उनके साथी टिकैत उमराव को फांसी का फैसला सुनाया. 8 जनवरी, 1858 को शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को चुट्टू पहाड़ी के बरगद के पेड़ से लटकाकर फांसी दे दी गई. वह पेड़ आज भी वहां पर स्थित है.



वीर कुंवर सिंह.



टिकैत उमरांव.

### अभी तक नहीं हो सका शहीदों के गांव का उत्थान

अल्पसंख्यक मामलो के जानकार शमीम अली ने कहा कि इन महानायकों की शहादत व विरासत को लेकर झारखंड छात्र संघ की पहल पर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन व कल्याण मंत्री हाजी हुसैन अंसारी से शहीदों के परिवार से मिले थे. तब उनके परिजनों को नौकरी, और उनके गांव को आदर्श गांव बनाने आदि की मांग की गयी थी. उनकी मांगों को हर संभव पूरा करने का मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया था. जो आज भी अधूरा ही है.

# आरएसएसडीआई झारखंड चैप्टर के सम्मेलन का समापन




संवाददाता । धनबाद

आरएसएसडीआई झारखंड चैप्टर का वार्षिक सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया. सम्मेलन के तीसरे दिन डायबिटीज के कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई. कलकत्ता से आए डॉ अवधेश सिंह ने मधुमेह के इलाज के दौरान चिकित्सकों द्वारा की जाने वाली सामान्य गलतियों पर बात की. डॉ विनय ढांढनिया और अन्य प्रतिष्ठित वक्ताओं ने मधुमेह और गर्भावस्था पर बात की. बिरसा मुंडा भाषण, सिद्धो कानू, जोहार झारखंड पर भारत के प्रख्यात वक्ताओं ने भाषण दिया. झारखंड समेत सभी मेडिकल कॉलेजों के उभरते युवा डॉक्टरों ने पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन दिया. अपने स्वयं के शोध पत्र प्रस्तुत किए. वहीं टाइप 2 कॉन्क्लेव में रोटरी क्लब, लायंस क्लब, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन, इनकम टैक्स, बार एसोसिएशन, चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भाग लिया. सभी ने टाइप 2 मधुमेह और इसे रोकने के तरीके के बारे में चर्चा की. आयोजन सचिव डॉ. अजय पटवारी ने आयोजन में आए सभी लोगों को धन्यवाद दिया.

# लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही फिर उठने लगे हैं ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल




# ...तो शक दूर करे सरकार

**अगले कुछ महीने बाद होनेवाले लोकसभा चुनाव की चर्चा के बीच एक बार फिर ईवीएम वीवीपैट के इस्तेमाल को लेकर विपक्षी दल सवाल खड़े करने लगे हैं. हालांकि चुनाव आयोग ने तमाम आशंकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम पर पूरा भरोसा जताया है. ईवीएम को लेकर यह आरोप नया नहीं है. चुनाव में हारने वाली पार्टी हमेशा ईवीएम की विश्वसनीयचा पर सवाल उठाती रही है. इस मामले में भाजपा भी अपवाद नहीं है. सच तो यह है कि भारत एक विशाल प्रजातंत्रिक देश है. यहां निष्पक्ष चुनाव कराना अपने आप में चुनौती भरा काम है. कम समय में चुनाव कराने के लिए ही ईवीएम का इस्तेमाल किया जाता है. इसमें सुविधाजनक यह है कि वोट करने और वोटों की गिनती करने में काफी कम समय लगता है. इस लिहाज से इसका उपयोग सही लगता है. लेकिन इसमें छेड़छाड़ किए जाने की आशंका को लेकर हमेशा शक जाहिर किया जाता रहा है. इस मामले में राजनीतिक दलों के नेताओं की मिलीजुली प्रतिक्रिया आई है. अपने तर्कों के आधार पर पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने इसे सही और गलत बताया है. लेकिन सवाल यह है कि अगर ईवीएम की विश्वसनीयता शक के घेर में हैं, तो सरकार को यह शक दूर करना चहिए. इसलिये इसकी जांच कराने में हर्ज क्या है. किसी न किसी सरकार को तो यह बीड़ उठाना ही होगा. अगर मौजूदा केन्द्र सरकार खुद को एक जिम्मेदार सरकार मानती है तो उसे यह शक दूर करना चाहिए. शुभम संदेश की टीम ने अलग -अलग जिलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से इस संदर्भ में बात की है. प्रस्तुत है रिपोर्ट...**


## लातेहार

### विपक्ष जब चुनाव हारता है तो ईवीएम हैक होने की बात करता है: पंकज सिंह



भाजपा के जिला महामंत्री पंकज सिंह ने कहा कि कांग्रेस या अन्य कोई विपक्षी दल चुनाव में हारता है तो उसे इवीएम में गड़गड़ी दिखायी देने लगती है और इवीएम हैक होने लगता है. इससे पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी. उस समय इवीएम हैक नहीं हुई और जब इन तीनों प्रदेशों में भाजपा की सरकार बन गयी तो इवीएम हैक होने लगी. असल मुद्दा यह है कि कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों को देश की जनता नकार चुकी है.इवीएम को नकारना विपक्षी दलों की हताशा को दर्शाती है.

### ईवीएम को हैक कराने का काम भाजपा ही कराती है: पंकज तिवारी



कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि चुनावों में इवीएम हैक होती है और केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार अपने नियंत्रण में लेकर इसे कराती है. जब केंद्र की सरकार ईडी व सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसियों को अपने प्रभाव में ले लेती है तो इवीएम को कंट्रोल करना भाजपा के लिए बड़ी बात नहीं है. जब भी भाजपा को लगता है कि वह चुनाव हारेगी. उसके पास कोई चुनावी मुद्दा नहीं है. उसने अपने कार्यकाल में कोई उपलिब्ध वाला काम नहीं किया है तो केंद्र में बैठी सरकार इवीएम में छेड़छाड़ कर उसे हैक करवाती है.

### ईवीएम नहीं, अब बैलेट पेपर से होने चाहिए चुनावः लाल मोतीनाथ शाहदेव



झामुमो के जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि ईवीएम में 100 प्रतिशत विश्वास नहीं किया जा सकता है. इवीएम एक मशीन है और मशीन को कंट्रोल किया जा सकता है. यही कारण है कि फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की जा रही है. ऐसे भी विदेश के कई देशों में आज भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं. कई विकसित देश जो पहले इवीएम से चुनाव कराते थे, आज वे इवीएम छोड़ कर बैलेट पेपर से चुनाव करा रहे हैं. इवीएम मे वोट कर मतदाता संतुष्ट नहीं हो पाता है. बैलेट पेपर से चुनाव पारदर्शी होगा. भले ही मतगणना मे थोड़ी देरी होगी. लेकिन इसके लिए हैंडस बढ़ाये जा सकते हैं.

### विपक्षी दल घबरा गये हैं: अमित पांडेय



आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि हालिया चुनाव में अपनी हार को देख कर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन दलों के नेता घबरा गये हैं. हताशा में वे अपनी हार का ठिकरा इवीएम पर फोड़ रहे हैं. चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए. असल बात तो यह है कि देश की जनता इन्हें नकार चुकी है. देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की आज जो हालत हो गयी है वह किसी से छिपी नहीं है. कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है. इंडिया गठबंधन के पास पीएम का कोई चेहरा नहीं है. ऐसे में लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इवीएम का खेल खेल रहा है.

### बैलेट पेपर सबसे अच्छा विकल्पः रंजीत यादव



राजद के जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव कराना आज के समय मे सही विकल्प है. जिस प्रकार केंद्र की सरकार प्रदेशों के चुनाव में इवीएम को हैक करवा रही है, उससे चुनाव पारदर्शी नहीं रह गया है. आज का मतदाता इससे संतुष्ट नहीं है. वह किसी और चुनाव चिह्न में वोट करता तो वह वोट सीधा कमल फूल में चला जाता है. इवीएम को कंट्रोल करना कोई बड़ी बात नहीं है. खास कर केंद्र की भाजपा की इस सरकार के लिए. यह सरकारी मिशनरियों का दुरूपयोग करने के लिए ही कुख्यात है.

## जमशेदपुर

### जनता को भड़काने का काम कर रहा है विपक्ष, ईवीएम में गड़बड़ी नहीं : कन्हैया सिंह



आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा है कि ईवीएम पर पूर्ण विश्वास किया जा सकता है, क्योंकि इस प्रणाली से समय की काफी बचत होती है. साथ ही बूथ में गड़बड़ी की आशंका भी काफी कम राठी है. ईवीएम को कोई हैक नहीं कर सकता है, जब इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सभी दलों को बुलाया था और चैलेंज किया था तब कोई क्यूं सामने नहीं आया. विपक्ष सिर्फ यू ट्यूब मे फेक वीडियो बनाकर दुष्प्रचार करता है. विपक्ष बताए कि जब तेलंगाना, तमिलनाडु, बंगाल चुनाव में जीत हुई थी तब ईवीएम हैक नहीं हुआ था. जब राजस्थान, छत्तीसगढ़ में हार गई है तो ईवीएम हैक हो जाती है. जनता को सिर्फ बरगलाने और भड़काने का काम विपक्ष कर रहा है. ईवीएम को लेकर किसी भी तरह की जांच होनी चाहिए या नहीं इस सवाल पर कन्हैया सिंह ने कहा कि इस मामले कोई जांच नहीं होनी चाहिए, बल्कि विपक्ष की मंशा की जांच होनी चाहिए.

### सरकार को जनमानस की बात पर ध्यान देने की जरूरत है : आनंद बिहारी दुबे



कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि बड़े-बड़े तकनीशियन, विशेषज्ञ एवं जानकार इस बातों को उठाते रहे हैं कि ईवीएम में गड़बड़ी की जा सकती है. उसे हैक भी किया जा सकता है, इसलिए इसकी व्यवस्था की जाए. यहां तक कि जिन देशों ने इसे डेवलप किया उन देशों ने भी माना कि इसे हैक किया जा सकता है. इसलिए उन्होंने पुनः पुरानी व्यवस्था को लागू कर दिया. लेकिन हमारे यहां यह आज भी यह चल रहा है. इसलिए सरकार को चाहिए कि जनमानस की बात पर पर ध्यान दे. अगर यह नहीं हो सकता तो वीवी पैट से जो स्लिप निकलता है, वह जनता के हाथ में जाए और जनता उसे काउंटर में डाल दे. इसके बाद उस स्लिप की गिनती कर ली जाए. ईवीएम अगर नहीं हटानी है, तो वीवी पैट से निकलने वाली पर्ची को एकत्रित कर उसकी गिनती करने से यह स्पष्ट हो जाएगा की किसने कितना और किसे वोट दिया है. लोकतंत्र की भलाई के लिए हर वह उठाया जाना चाहिए जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है. इसलिए सरकार को इस पर विचार करना चाहिए. कांग्रेस के बड़े नेता और देश का प्रबुद्ध नागरिक भी इसकी मांग कर रहा है.

### ईवीएम का प्रयोग सही, इस पर सौ प्रतिशत विश्वास किया जाना चाहिए : अप्पू तिवारी



आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने कहा कि ईवीएम पर सौ प्रतिशत विश्वास किया जाना चाहिए. उनकी पार्टी भी उपचुनाव में शिकस्त खा चुकी है. विपक्ष जब भी चुनाव हारता है तब ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने का कार्य करता है. सोशल मीडिया में हैक करने की बात सार्वजनिक है, लेकिन चुनाव आयोग और भारत सरकार लगातार नए प्रयोग के माध्यम से यह सुनिश्चित करती है कि ईवीएम हैक न हो. चुनावी प्रकिया से पूर्व जिला चुनाव आयोग द्वारा सदैव सभी पार्टियों के समक्ष यह साबित किया जाता है कि ईवीएम सही तरीके से कार्य कर रहा है. विपक्ष सदैव हंगामा करता है और अपनी हार नहीं पचा पाने के कारण ईवीएम पर सवाल खड़ा करता है जो सदैव गलत है. इसलिए इसकी जांच कराए, जांच से परहेज नहीं, लेकिन जब भी चुनावी महापर्व आता है विपक्ष ईवीएम पर सवाल खड़ा करता है.

### वोट की प्रक्रिया संदेह के घेरे में रहना उचित नहीं है, जांच होनी चाहिए : सालखन मुर्मू



आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि मैं इसका विशेषज्ञ नहीं हूं, इसलिए इस पर अपनी राय नहीं दे सकता. लेकिन जनतंत्र और राष्ट्र हित में देश में ज्यादातर लोग जो चाहेंगे उस पर जरूर विचार होना चाहिए. विचार के बाद ही जांच का विषय आता है. अभी तक तो इस पर सही ढंग से कोई विचार ही स्थापित नहीं हुआ है. ईवीएम के सवाल पर ज्यादातर राजनीतिक पार्टी, नेता और जनता को संदेह है तो संदेह को दूर करने के लिए इस पर पहले विचार होना चाहिए. फिर जरूरत पड़े तो जांच भी होनी चाहिए.

## घाटशिला

### ईवीएम से मतदान बंद होना चाहिए, विपक्ष की मांग पूरी तरह जायज : जगदीश भकत



घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता तथा विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत से पूछे गए सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में लगभग विकसित देशों में चुनाव प्रक्रिया ईवीएम मशीन के द्वारा नहीं कराई जाती है. ईवीएम मशीन पर शत प्रतिशत विश्वास किया जाता तो महामहिम राष्ट्रपति तथा राज्यसभा के चुनाव वैलेड पेपर से नहीं कराए जाते. विपक्षी दलों द्वारा की जा रही मांग पूरी तरह जायज है. इस संबंध में जांच होने की बात नहीं होनी चाहिए. इस तरह की ईवीएम मशीन से मतदान बंद करना चाहिए.

### सभी राजनीतिक दल के नेताओं ने इसकी शिकायत की है : सनत काल्टू चक्रवर्ती



ईवीएम मशीन के संबंध में पूछे जाने पर घाटशिला प्रखंड के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सनत काल्टू चक्रवर्ती ने कहा कि ईवीएम मशीन को लेकर पूरे देश में लगभग सभी राजनीतिक दल के लोगों ने चुनाव आयोग से शिकायत की है. सर्वोच्च न्यायालय भी ईवीएम मशीन को लेकर अपनी टिप्पणी दी है. सोशल मीडिया में डेमो दिखाया जा रहा ह. इसके बावजूद ईवीएम मशीन को बंद किए जाने के बजाय नजरअंदाज किया जा रहा है. इस संबंध में जांच होने का प्रश्न ही नहीं उठाता. यह पूरी तरह से गलत है. जबकि हम एक मतदाता के रूप में हैं. हम कोई सॉफ्टवेयर इंजीनियर नहीं हैं. किसी भी मशीन के बारे में हमें क्या जानकारी है. तो इस पर विश्वास कैसे करें. यह हमेशा से गलत है, गलत रहा है, गलत होगा. इसलिए मांग करते हैं कि बैलट पेपर से ही चुनाव कराया जाए.

### इस तरह का आरोप लगाना अशिक्षित लोगों की पहचान है : देवयानी मुर्मू



घाटशिला प्रखंड के दामपाड़ा क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेत्री देवयानी मुर्मू ने कहा कि जब विपक्षी दल की जीत होती है तो ईवीएम मशीन पर शत प्रतिशत विश्वास रहता है. हाल ही में पांच राज्यों के चुनाव में तीन राज्य में भाजपा की जीत को देखकर विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं. ईवीएम मशीन का बहाना बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि विपक्षी दल विकसित देश की बात करते हैं. भारत भी आज उन विकासशील व विकसित देशों में एक है. तकनीकी जानकारी के अभाव में विपक्षी दल अनाप सनप बयान कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को बदनाम कर रहे हैं. यह पूरी तरह से अशिक्षित लोगों की पहचान है.


### ईवीएम पर सौ प्रतिशत विश्वास किया जा सकता है, हैक करना असंभव : अनिल मोदी



भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी ने बताया कि ईवीएम चुनाव आयोग द्वारा संचालित होती है. चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक इकाई है. इसलिए इस पर सौ प्रतिशत विश्वास किया जा सकता है और किया जाना भी चाहिए. ईवीएम चुनाव के क्रम में बहुत चरणों से होकर गुजरती है. हर चरण को देखने वाले लोग अलग-अलग होते है. अतः ईवीएम को हैक करना असंभव है. इसे किसी भी तरह से हैक नहीं किया जा सकता है. विपक्षी दलों की यह मांग सरासर नाजायज है. ईवीएम को लेकर किसी तरह की जांच की कोई आवश्यकता नहीं है. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के बढ़ते विश्वास से विपक्ष मुद्दा विहीन हो चुका है. आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी संभावित हार देख कर विपक्षी दल चुनाव पूर्व ही ईवीएम की जांच का मुद्दा उठा कर जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहें है, जबकि जनता इस मिथ्या प्रलाप को समझ चुकी है.

## धनबाद

### बैलेट पेपर के कारण ही वर्षों तक कांग्रेस ने देश में राज किया : पशुपतिनाथ सिंह



धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि ईवीएम से चुनाव निष्पक्ष होता है. इस पर 100 प्रतिशत विश्वास किया जा सकता है . ईवीएम को हैक भी नहीं किया जा सकता. जिस पर चुनाव आयोग ने भी भरोसा जता कर साबित कर दिया है .पूर्व में बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव होता रहा है. जिसे पूरे देश ने देखा कि किस तरह गरीबों के वोट को खरीद कर वर्षों तक कांग्रेस ने देश में राज किया और बिहार में लालू यादव ने भी वैसा ही किया .ईवीएम में अब यह अवसर विपक्ष को नहीं मिल रहा है. जिससे वह बौखला गए हैं और ईवीएम पर सवाल उठाते रहते हैं, जो जायज नहीं है.

### 2024 का चुनाव ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से कराना चाहिए : ब्रजेंद्र सिंह



20 सूत्री के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवेधानिक संस्था है. उन्हें खुद विचार कर 2024 का चुनाव बैलेट पेपर से कराना चाहिए .उन्हें किसी के दबाव में काम नहीं करना चाहिए .चुनाव आयोग के पास बैलेट पेपर का एक्सपीरियंस भी 50 वर्षों का है . रही बात ईवीएम की तो इस पर भाजपा छोड़ सभी पार्टी सवाल उठा रहे हैं . इसमें कुछ तो बात जरूर होगी क्योंकि धुआं वहीं उठता है जहां आग होती है .

### आयोग ने हर तरह से जांच कर चुनाव के लिए ईवीएम को सही बताया है : चन्द्रशेखर सिंह



भाजपा के धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि जहां की जनता विपक्षी पार्टी को स्वीकार करती है वहां ईवीएम पर कोई सवाल नहीं उठता है. लेकिन जहां की जनता विपक्षी पार्टियों को अस्वीकार करती है वहां ईवीएम पर सवाल उठाते है. यह तो खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली हाल है . उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाना ठीक नहीं है. चुनाव आयोग ने हर तरह से जांच के बाद ही ईवीएम से चुनाव कराने का फैसला लिया है, जो बिल्कुल जायज है.

### जो आज विश्वसनीयता की बता रहे हैं वही सदन में इसका विरोध किये थे : रवींद्र वर्मा



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रवींद्र वर्मा ने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाना कोई नई बात नहीं है .आज जो इसकी विश्वसनीयता बता रहे है, वही लोग सदन में इसका विरोध किये थे और अगर किसी पर सवाल उठता है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए .क्योंकि ईवीएम को भी हैक किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का फैसला जनता के हित में नहीं है.

## गिरिडीह

### ईवीएम के गलत होने की कोई संभावना नहीं सिर्फ विपक्ष को गलत लगता है : लक्ष्मण स्वर्णकार



बीजेपी के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार ने कहा कि आगामी 4 माह के बाद लोकसभा का चुनाव होना है . इस बार भी ईवीएम से चुनाव संपन्न कराया जाएगा . इसको लेकर विपक्षी दलों के नेता सवाल खड़ा कर रहे हैं जो सरासर गलत है . विपक्षी दलों की सरकार में ही ईवीएम से चुनाव करवाया जाना शुरू हुआ था, उसे समय विपक्षी दल के नेताओं को ईवीएम में गड़बड़ी दिखाई नहीं दे रही थी . लेकिन अब बीजेपी की सरकार में चुनाव हो रहा है, तो विपक्षी दल के नेता ईवीएम को लेकर सवाल खड़ा कर रहे हैं .

### ईवीएम की जांच जरूरी,निर्वाचन आयोग आवश्यक पहल करें : सुदिव्य कुमार सोनू



जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि ईवीएम को लेकर विपक्ष द्वारा सवाल खड़ा किया जा रहा है . इसको लेकर निर्वाचन आयोग को जांच करानी चाहिए . इससे विपक्षी दल के नेता संतुष्ट हो जायेंगे . उन्होंने कहा कि जब ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं तो निर्वाचन आयोग इस पर सकारात्मक पहल करें . लोकसभा चुनाव में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए,जिससे सत्ता पक्ष के साथ_साथ विपक्ष भी पूरी तरह से संतुष्ट हो सके .

### बैलेट पेपर से हो लोकसभा का चुनाव,ईवीएम से गड़बड़ी की आशंका : जयप्रकाश वर्मा



जेएमएम नेता और पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए. ईवीएम से चुनाव होंने पर गड़बड़ी हो सकती है . विपक्षी दल के नेता अगर ईवीएम पर सवाल खड़े कर रहे हैं तो इस पर बदलाव होना चाहिए . उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार की भाषा बोलती है, इसलिए ईवीएम से चुनाव कराना बंद करना चाहिए . भारत एक लोकतांत्रिक देश है . इसमें निष्पक्ष चुनाव जरूरी है. इस पर निर्वाचन आयोग को आवश्यक पहल करनी चाहिए .

### हार से घबराए दल के नेता ही उठाते हैं ईवीएम की गड़बड़ी से जुड़े सवालः केदार हाजरा



बीजेपी के विधायक केदार हाजरा ने कहा कि हार से घबराए विपक्षी दल के नेता ही ईवीएम पर सवाल उठाते हैं . देश में कई चुनाव और उपचुनाव हुए हैं . जिस लोकसभा और विधानसभा सीट से विपक्ष के प्रत्याशी चुनाव हारते वही से ईवीएम पर सवाल उठाया जाता है . देश की जनता अपना बहुमूल्य वोट देकर अपने प्रत्याशी को जिताती है . यहां जनता सर्वोपरी है.

## जामताड़ा

### विपक्षी दलों का सवाल जायज नहीं है ईवीएम बहुत उपयोगी है : सोमनाथ सिंह



सोमनाथ सिंह,जिलाध्यक्ष भाजपा का कहना है कि ईवीएम वीवीपैट के इस्तेमाल को लेकर विपक्षी दलों का सवाल जायज नहीं है.जिन राज्यों में जीत मिलती है,वहां विपक्षी दल कभी सवाल नहीं खड़ा करते हैं.लेकिन जब चुनाव परिणाम विपक्षी दलों के विपरीत होता है,तो वह ईवीएम पर सवाल खड़ा करते हैं.यह ठीक नहीं है. ईवीएम मौजूदा चुनाव के लिए बहुत जरुरी है.

### विपक्षी दलों की मांग जायज है, इसकी जांच होनी ही चाहिए : हरिमोहन मिश्रा



हरिमोहन मिश्रा,जिलाध्यक्ष कांग्रेस का कहना है कि ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर विपक्षी दलों की मांग जायज है.अगर मतदाता अपना मतदान करते हैं,तो यह उनका स्वतंत्र अधिकार है और उन्हें यह जानने का भी अधिकार होना चाहिए कि उनके द्वारा जिस प्रत्याशी व दल के पक्ष में मतदान किया है,वह वोट उनके द्वारा चयनित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान हुआ है या नहीं.

### ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं हो सकती, वोट से पहले जांच होती है : राजेश कुमार महतो



राजेश कुमार महतो,जिलाध्यक्ष आजसू कहते हैं कि ईवीएम के इस्तेमाल से होने वाला चुनाव में पूरी तरह पारदर्शिता रहती है. इसमें किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकती है.मतदान शुरू होने से पूर्व भी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की मौजूदगी में मॉक टेस्ट किया जाता है.उसके बाद ही उक्त ईवीएम में मतदान की प्रक्रिया आरंभ होती है.कहा गया कि वैज्ञानिक तरीके से भी यह सिद्ध हो चुका है कि ईवीएम में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकता है.ऐसी स्थिति में ईवीएम पर सवाल उठाना लाजिमी नहीं है.

### ईवीएम को लेकर लोगों का शक दूर होना चाहिए, इसलिए जांच जरुरी : प्रदीप मंडल



प्रदीप मंडल,जिला उपाध्यक्ष, झामुमो सह जिला बीस सूत्री सदस्य जामताड़ा का कहना है कि ईवीएम पर शत-प्रतिशत विश्वास किया जा सकता है.चुनाव के दरम्यान ईवीएम को लेकर कई असमंजस या गड़बड़ियां सामने आती रही है.इसलिए चुनाव में निष्पक्ष मतदान की दिशा में सही और व्यवहारिक पहल होनी चाहिए.कहा गया कि ईवीएम को लेकर आमजनों के बीच जारी असमंजस को दूर करने के लिए उसकी भी जांच होनी चाहिए.

## गोड्डा

### ईवीएम पर पूरी तरह से विश्वास नहीं किया जा सकता है, हैक हो सकता है : प्रेमनंदन



आगामी लोकसभा के चुनाव में बेहतर होता कि मत की गिनती वीवीपीटी पर्ची के जरिए की जाती है. झामुमो के वरीय नेता सह पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन मंडल ने कहा कि ईवीएम मशीन पर पूरी तरह से विश्वास नहीं किया जा सकता है. इसे आसानी से हैक किया जा सकता है. जब इसका नियंत्रण मनुष्य के हाथ में है तो हैक भी कोई व्यक्ति ही कर सकता है. मशीन को ऑपरेट कोई आदमी कर रहा है तो शक की गुंजाइश तो बनी जी रहती है. इसीलिए किसी के मन में कोई दुविधा न हो इसके लिए आवश्यक है की बीबीपीटी के जरिए पर्ची से मिलान भी कर लिया जाए ताकि कोई उंगली न उठा सके.

### शुरू से ही विवाद रहा है, आयोग को ध्यान देने की जरूरत है : अरुण कुमार सहाय



कम्युनिस्ट पार्टी के अरुण कुमार सहाय कहते हैं कि ईवीएम मशीन पर शुरू से सवाल उठते रहे हैं. चुनाव आयोग को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है. आखिर चुनाव आयोग को इससे परेशानी क्या है. सरकार में आने से पहले बीजेपी भी मशीन पर सवाल उठाती रही थी. विपक्ष हो या सत्ता पक्ष दोनों मिलकर यह तय करें कि मशीन की आवश्यकता नहीं है या इसमें सुधार की जरूरत है.

### ईवीएम पर सवाल उठाने का काम बंद करना चाहिए : संजीव कुमार महतो



आजसू के संजीव कुमार महतो कहते हैं कि कांग्रेस को जब जीत मिलती है तब मशीन पर सवाल नहीं उठता है और जहां हार हुई वहां ईवीएम हैक हो जाता है. ईवीएम पर सवाल उठाने का काम बंद करना चाहिए. विपक्ष का यह बहाना पुराना है जो चलने वाला नहीं है। हार और जीत दोनों को खुले मन से स्वीकार करने की आदत डालनी पड़ेगी.

### विपक्ष ने अपनी हार को स्वीकार कर ली है इसलिए ऐसे सवाल उठा रहे हैं : राजेश झा



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा कहते हैं कि चुनाव का परिणाम आने से पहले ही विपक्ष अपनी हार को स्वीकार कर ली है. कांग्रेस को अपनी हार का ठीकरा दूसरे के ऊपर मढ़ने की आदत रही है। विपक्ष अपनी हर को तय मानकर मन बैठा है। केंद्र की सत्ता में मोदी जी की तीसरी बार सरकार आनी तय है. चाहे जितना रोना है रो ले कांग्रेस को जनता अब अपने पास नहीं आने देगी. खर्चीला और लंबी प्रक्रिया के कारण बैलेट पेपर में कोई जाना नहीं चाहता है. इसीलिए विपक्ष को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए.

## बोकारो

### ईवीएम सही, लेकिन ऑपरेट करनेवालों पर भरोसा नहीं है : साधु शरण गोप



बोकारो के विस्थापित एवं कांग्रेस नेता साधु शरण गोप ने कहा कि ईवीएम पर पूरा भरोसा है, लेकिन ईवीएम ऑपरेट करनेवालों पर भरोसा नहीं है. जिस प्रकार बीपी मशीन तो ठीक ठाक रहती है, लेकिन उसे चलाने वाले लोग जानकार न हो तो मरीज की जान भी जा सकती है. लाखों किमी दूर सूर्य और चन्द्रमा पर मशीन भेजकर उसपर कंट्रोल किया जा सकता है तो फिर ईवीएम को क्यों नहीं हैक किया जा सकता है. इसलिए ईवीएम को लेकर विपक्षी दलों की मांग जायज है. उन्होंने बताया कि जब सीता माता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ी, तो फिर ईवीएम पर जांच क्यों नहीं हो. इसलिए किसी भी हाल में ईवीएम से वोटिंग नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि ईवीएम बंदर के हाथ नारियल की कहानी चरितार्थ कर रही है. ईवीएम ऑपरेट करनेवाले की नीयत जब बुरी हो तो कुछ भी गलत हो सकता है, इसलिए देश में ईवीएम के माध्यम से चुनाव पर रोक लगनी चाहिए.

### ईवीएम पर चुनाव आयोग का निर्णय ही सर्वमान्य,पूरा भरोसा है : लक्ष्मण नायक



भाजपा नेता एवं बोकारो जिला बीस सूत्री कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि ईवीएम वीवी पैट के इस्तेमाल को लेकर विपक्षी दलों का सवाल खड़ा करना बिल्कुल बेबुनियाद है, क्योंकि चुनाव आयोग पर सभी को शत प्रतिशत भरोसा है. चुनाव आयोग को अगर ईवीएम पर पूर्ण भरोसा है, तो उन्होंने इसे अच्छी तरह से जांच परखकर ही इसके उपयोग का दावा कर रही है. इसलिए ईवीएम पर पूरा भरोसा है. रही बात हैक करना या नहीं करने का सवाल, तो जब चुनाव आयोग इसके इस्तेमाल की गारंटी दे रहा है तो फिर हमें इस पर पूरा भरोसा है. चुनाव आयोग का निर्णय ही सर्वमान्य है. अगर विपक्षी दलों को इसपर भरोसा नहीं है तो कई राज्यों में जहां भाजपा की सरकार नहीं है, उन राज्यों में चुनाव के समय या बाद में विपक्षी दलों ने ईवीएम पर सवाल क्यों नहीं उठाया.

## बहरागोड़ा

### ईवीएम से बेहतर होती है बेलट पेपर की चुनाव प्रक्रियाः सपन कुमार महतो



सीपीआई(एम) के झारखंड राज्य कमेटी के सदस्य सपन कुमार महतो का कहना है कि चुनाव आयोग को ईवीएम को बदलकर बेलट पेपर के द्वारा चुनाव करना चाहिए. भले ही मतगणना करने में अधिक समय लग सकती है. लेकिन चुनाव प्रक्रिया में कोई संदेह नहीं रहता है. जहां विश्व के विकसित देश अमेरिका, जापान, जर्मन, इंग्लैंड जैसे देशों में भी ईवीएम को बदलकर बेलट पेपर में चुनाव प्रक्रिया हो रही है, तो भारत में क्यों न ईवीएम के बदले बेलट पेपर में चुनाव संपन्न कराया जाए.

### ईवीएम से चुनाव प्रक्रिया आसान होती है इसमें खर्च भी कम आता है : राजकुमार कर



भाजपा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर ने बताया कि भारत जैसे जनसंख्या वाले देशों में ईवीएम के द्वारा चुनाव प्रक्रिया ही एकमात्र उपाय है. क्योंकि बेलट पेपर के द्वारा चुनाव कराने से अधिक समय के साथ-साथ चुनाव में खर्च अधिक आता है. इसलिए ईवीएम के द्वारा चुनाव होने पर पूरे देश का नतीजा एक ही दिन में आ जाता है. भले ही ईवीएम के ऊपर शोध कार्य कर के उसे ओर सरलीकरण तथा विश्वसनीयता बनाए जा सकता है.

## बेरमो

### विपक्ष हारता है तो सवाल उठाता है : डॉ. सुरेंद्र राज



भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य डॉ. सुरेंद्र राज ने कहा कि ईवीएम पर किसी तरह का सवाल खड़ा नहीं किया जा सकता है. देश की ज्यादातर लोगों का विश्वास ईवीएम पर है. इसे किसी तरह से हैक नहीं किया जा सकता है. जब विपक्ष चुनाव हारता है तब ईवीएम पर सवाल उठाता है.

### ईवीएम की जांच होनी चाहिए : राकेश कुमार



राकेश कुमार सीपीएम गोमिया प्रखंड के प्रखंड सचिव है. इन्होंने कहा कि ईवीएम का उपयोग चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किया गया था, लेकिन इस पर 100 प्रतिशत विश्वास नहीं कर सकते हैं. हम यह भी महसूस करते हैं कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है. चूंकि मशीन को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से चलाया जा रहा है.

## हजारीबाग

### सुरक्षा चुनाव आयोग की जिम्मेदारी : आरसी मेहता



हजारीबाग कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सह सदर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी आरसी प्रसाद मेहता ने बताया कि ईवीएम मशीन की पूरी जांच हो एवं चुनाव के बाद उसे सुरक्षित ले जाना जरूरी है. सुरक्षित जगह पर रख कर ईवीएम की पूरी सुरक्षा करना, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी होती है.

### ईवीएम की जांच होनी चाहिए : गौतम कुमार



कोडरमा लोकसभा सीट के उम्मीदवार गौतम कुमार ने बताया कि वह पूर्व में सदर लोकसभा से चुनाव लड़े थे. चुनाव आयोग पर भरोसा है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होगी. उसके लिए चुनाव आयोग जिम्मेवार होगा. फिर भी ईवीएम मशीन में कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम का प्रैक्टिकल कर दिखाना चाहिए.

## किरीबुरु

### ईवीएम बिल्कुल सुरक्षित है : राजेश बनर्जी



सेल, मेघाहातुबुरु के कर्मचारी राजेश बनर्जी ने कहा मैं खुद हीं कई चुनाव ईवीएम मशीन से करा चुका हूं. ईवीएम मशीन का पूरा प्रशिक्षण भी ले रखा हूं. मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि ईवीएम मशीन को कोई हैक नहीं कर सकता है. यह मशीन बिल्कुल सुरक्षित है. जिसपर तमाम लोग भरोसा कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि विपक्षी लोगों की मांग जायज नहीं है. जहां कोई पार्टी अपनी गलती से चुनाव हारती है तो सारा दोष ईवीएम पर लगा देती है. जबकि इसमें कोई सच्चाई नहीं है. मतदान का इससे विश्वसनीय, सुरक्षित, सुविधाजनक व्यवस्था और कुछ नहीं हो सकता है.

### हैक करने की बात बेबुनियाद है : संजय बेहरा

सेल, मेघाहातुबुरु के सेलकर्मी संजय बेहरा ने बताया कि ईवीएम को किसी भी परिस्थिति में हैक नहीं किया जा सकता है. हम तो इसका पूरा प्रशिक्षण लेकर कई मतदान कार्य पूरा किये हैं. अगर कोई कहे कि विशेष सौफ्टवेयर या मोबाइल से इसको हैक कर वोट को दूसरे पार्टी में तब्दील किया जा सकता है, तो मैं इसके लिये चैलेंज करता हूं कि कोई करके दिखा दे. संजय ने कहा कि वोटिंग से पहले विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता के सामने ईवीएम को शून्य से प्रारम्भ किया जाता है. वोटिंग के बाद उनके सामने सील कर सुरक्षा में पहुंचाया जाता है. मतगणना के दिन पार्टी एजेंट के सामने सील खोलकर प्राप्त मतों आदि का मिलान कर गणना होती है. इतनी सुरक्षा के बावजूद इसे हैक करने की बात बेबुनियाद है. इस पर पूरा विश्वास करते हैं और लोगों को भी करना चाहिये.

# संकट में मनरेगा मजदूर

मनरेगा मजदूरों के लिए केंद्र सरकार ने नए साल में नया नियम लागू कर दिया है. सरकार ने आधार-आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के जरिए भुगतान पाने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करनेवालों के आधार ब्योरे को उनके जॉब कार्ड से जोड़ने की समय सीमा 31 दिसंबर, 2023 के बाद बढ़ाने से इनकार कर दिया है. अब मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को आधार-आधारित भुगतान प्रणाली से वेतन दिया जाएगा. इससे यह योजना बहुत से लोगों के लिए आकर्षक नहीं रह जायेगी. केंद्र सरकार का दावा है कि एबीपीएस लागू होने से जल्द भुगतान सुनिश्चित होगा. केंद्र सरकार के इस फैसले की नागरिक समाज सहित अनेक विपक्षी दलों ने आलोचना की है. कहा जा रहा है कि नए साल में प्रधानमंत्री ने देश के सबसे ग़रीब परिवारों को क्रूर तोहफा दिया है. एक तरह से मनरेगा के तहत काम करके बुनियादी आय प्राप्त करने वाले करोड़ों ग़रीबों से उनका अधिकार छीन लिया है. मनरेगा कर्मी मांग करते रहे हैं कि सरकार को सबसे कमज़ोर भारतीयों को उनके सामाजिक कल्याण के लाभों से वंचित करने के लिए टेक्नोलॉजी, विशेष रूप से आधार को हथियार बनाना बंद करना चाहिए, लंबित वेतन भुगतान को जारी करना चाहिए और पारदर्शिता में सुधार के लिए ओपन मस्टर रोल और सोशल ऑडिट लागू करना चाहिए. इससे पहले नरेगा संघर्ष मोर्चा ने इस प्रणाली को "मुश्किल, बोझिल और अविश्वसनीय प्रणाली" बताते हुए कहा था कि इस भुगतान प्रणाली की जरूरतों को समझना और उसे पूरा करना मजदूरों के लिए काफी मुश्किल हो जाएगा. शिक्षाविदों और कार्यकर्ताओं के समूह लिबटेक इंडिया का आरोप है कि पिछले 21 महीनों में 7.6 करोड़ मजदूरों के नाम सिस्टम से हटा दिए गए हैं. लिबटेक के एक वरिष्ठ शोधकर्ता का कहना है कि आधार-आधारित भुगतान प्रणाली के आते ही मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों में से एक तिहाई से अधिक को अयोग्य करार दे दिया जाएगा और उनसे रोजगार छीन लिया जाएगा. आधार-आधारित भुगतान प्रणाली के तहत वेतन पाने वाले मजदूरों के आधार कार्ड को उनके जॉब कार्ड और बैंक खातों से जोड़ा जाना जरूरी है. उसके बाद उनके आधार डिटेल को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के डेटाबेस के साथ मैप किया जाएगा. उसके बाद बैंक की संस्थागत पहचान संख्या को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया डेटाबेस पर मैप किया जाएगा. इसे ही मनरेगाकर्मी अपने अधिकारों का हनन बता रहे हैं. दरअसल मनरेगा में मानदेय भुगतान और कार्य की दशा-दिशा को ले कर पहले से भी कई तरह के सवाल उठते रहे हैं. केंद्र सरकार ने योजना के तहत 1 फरवरी, 2023 को सभी मजदूरों को वेतन देने के लिए आधार-आधारित भुगतान प्रणाली अनिवार्य कर दी थी. इससे पहले मजदूर बैंक खाता-आधारित वेतन पाने का भी विकल्प चुन सकते थे.

> लिबटेक के एक वरिष्ठ शोधकर्ता का कहना है कि आधार-आधारित भुगतान प्रणाली के आते ही मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों में से एक तिहाई से अधिक को अयोग्य करार दे दिया जाएगा और उनसे रोजगार छीन लिया जाएगा.

## सुभाषित

**यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।**
**चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेकरूपता।।**

अच्छे लोग वही बात बोलते हैं, जो उनके मन में होती है. अच्छे लोग जो बोलते हैं वहीं करते हैं. ऐसे पुरुषों के मन, वचन व कर्म में समानता होती है. क्षुद्र लोगों मन में कुछ सोचते हैं, लेकिन मुंह से कुछ और ही बोलते हैं और जब काम करने की बात हो तो उल्टा ही करने लग जाते हैं.

# लाजिमी सवाल, विपक्ष ही क्यों निशाने पर

**देश के पांच राज्यों के बड़े विपक्षी नेताओं पर ईडी का शिकंजा कसा हुआ है. अगर किसी विपक्षी नेता की गिरफ्तारी होती है तो इसका लोकसभा की 151 सीटों पर बड़ा असर देखने को मिल सकता है. इनमें दिल्ली की 7, झारखंड की 14, बंगाल की 42, महाराष्ट्र की 48 और बिहार 40 सीटें शामिल हैं. केंद्रीय जांच एजेंसी जिन विपक्षी नेताओं पर शिकंजा कस रही है, उन पर क्या आरोप हैं और लोकसभा चुनाव से पहले अगर इन सबकी गिरफ्तारी हो जाती है तो इसका कितनी सीटों पर पड़ेगा असर...**

• देश-काल



बृजेंद्र दुबे



झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है. केंद्रीय एजेंसी ईडी कथित शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को अबतक तीन बार और मनी लॉन्ड्रिंग के जुड़े मामले में हेमंत सोरेन को सात बार समन भेज चुकी है. मगर दोनों सीएम अभी तक ईडी के सामने पेश नहीं हुए. दोनों ही नेता समन को राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं और केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव की तैयारी से पहले गिरफ्तार करने की साजिश की जा रही है, ताकि मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार न कर सकें. ईडी के शिकंजे में फंसे सीएम हेमंत सोरेन कथित अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के जुड़े मामले में फंसे हैं. ईडी सोरेन के करीबियों के ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रहा है. इस कारण झारखंड की राजनीति में काफी उठापठक चल रही है. राज्य की 81 विधानसभा सीटों पर इसी साल के अंत में चुनाव होने हैं. वहीं लोकसभा की 14 सीटें हैं. इनमें 11 सीटों पर अभी भाजपा का कब्जा है. अगर सोरेन की गिरफ्तारी हो जाती है, तो दोनों चुनाव में उनकी पार्टी भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है. इससे सबसे बड़ा फायदा भाजपा को होगा. भाजपा सोरेन पर लगातार वंशवाद को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाती रही है.

एक पड़ताल के अनुसार, साल 2014 से मार्च 2023 तक नेताओं के खिलाफ ईडी का एक्शन पहले चार गुना बढ़ गया है. इन नौ सालों में 121 प्रमुख राजनेता जांच दायरे में आए. इनमें 95 फीसदी यानी कि 115 नेता विपक्षी हैं. वहीं यूपीए शासन में 2004 से 2014 तक कुल 26 नेता जांच दायरे में आए, जिनमें 54 फीसदी यानी कि 14 विपक्ष के थे. प्रमुख विपक्षी नेता जिन पर पिछले 9 सालों में ईडी शिकंजा कसा है, उनमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, तेजस्वी यादव, संजय राउत, अभिषेक बनर्जी, जयंत पाटिल, राघव चड्ढा, पी चिदंबरम, डीके शिवकुमार भी शामिल हैं. कांग्रेस के करीब 20 नेता जांच एजेंसी के घेरे में हैं.

यही नहीं, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और राबड़ी देवी पर भी जमीन के बदले रेलवे में सरकारी नौकरी देने का आरोप है. जांच एजेंसियों का आरोप है कि यूपीए सरकार के दौरान साल 2004 से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान नियम-कानूनों का उल्लंघन करते हुए और अपने पसंदीदा लोगों को नौकरी दी गई. रेलवे में नौकरी पाने के लिए उम्मीदवारों ने यादव परिवार के कुछ सदस्यों को सस्ती दर पर जमीन बेची. इस कथित भूमि घोटाला मामले में नई चार्जशीट दाखिल होने के बाद 4 अक्टूबर 2023 को अदालत ने तेजस्वी, लालू, राबड़ी और अन्य को जमानत दे दी थी. ईडी तीनों नेताओं को कई बार समन भेज कर पूछताछ के लिए बुला चुकी है. तेजस्वी बिहार में विपक्ष के मुखर युवा नेता हैं. महज 26 साल की उम्र में उन्हें बिहार का डिप्टी सीएम बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. हालांकि इस वक्त बिहार की राजनीति में जबरदस्त हलचल है. बिहार में लोकसभा की 40 सीटे हैं.

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत को अगस्त 2022 में जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था. फिलहाल वह जमानत पर हैं. आरोप है कि जमीन घोटाला मामले में करीब 1034 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है. वहीं, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी ईडी के रडार पर हैं. बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा से ईडी कई बार पूछताछ कर चुकी है. ये सभी विपक्षी नेता केंद्र सरकार पर जांच एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाते रहे हैं. राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं. खुद पर लगे सभी आरोपों को झूठा बता रहे हैं. विपक्ष का कहना है कि ये बदले की कार्रवाई है और ये सिर्फ विपक्षी नेताओं पर होती है, बीजेपी के किसी नेता पर कुछ एक्शन नहीं लिया जाता है. चुनाव से पहले सिर्फ विपक्ष को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसी एक्टिव हो जाती है. वहीं बीजेपी नेता कहते हैं कि एजेंसी अपना काम कर रही है, इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं है. ईडी पर विपक्ष पक्षपात करने का आरोप लगाता रहता है. कुछ विपक्षी नेताओं ने सेंट्रल एजेंसी को बीजेपी की कठपुतली भी कहा है. इन आरोपों पर ईडी के पूर्व संयुक्त सचिव सत्येंद्र सिंह कहते हैं कि अगर एजेंसी कार्रवाई करती है, तो इसका मतलब शुरुआती जांच के आधार पर उनके पास कुछ न कुछ सबूत है. अगर उन्हें यह कार्रवाई गलत लगती है तो सभी नेताओं के पास अदालत जाकर अपनी बात रखने का विकल्प है. वहां अपना पक्ष रख सकते हैं. सत्येंद्र सिंह ने यह भी कहा कि चुनाव से पहले ईडी की कार्रवाई कोई नई बात नहीं है, ऐसा पहले भी हुआ है. साल 2014 से पहले भी सेंट्रल एजेंसी ने विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की थी. तब आंकड़े भले ही कम थे, लेकिन क्या वह चुनावी एक्शन था?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## दुर्गम पथ सदाचार

युग चाहे कोई भी हो, सदैव जीवन-मूल्य ही इन्सान को सभ्य और सुसंस्कृत बनाते है. जीवन मूल्य ही हमें प्राणी से इन्सान बनाते है. नैतिक जीवन मूल्य ही शान्त और संतुष्ट से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करते है. किन्तु हमारे जीवन में बरसों के जमे जमाए उटपटांग आचार विचार के कारण, जीवन में सार्थक जीवन मूल्यो को स्थापित करना अत्यंत कष्टकर होता है. हमारे आचार विचार इतने सुविधाभोगी हो चले है कि आचारों में विकार भी सहज सामान्य ग्राह्य हो गए है. सदाचार धारण करना कठिन ही नहीं, दुष्कर प्रतीत होता है. तब हम घोषणा ही कर देते है कि साधारण से जीवन में ऐसे सत्कर्मो को अपनाना असम्भव है. और फिर शुरू हो जाते है हमारे बहाने... 'आज के कलयुग में भला यह सम्भव है?' या 'तब तो फिर जीना ही छोड दें?'. 'आज कौन है जो यह सब निभा सकता है?', ऐसे आदर्श सदाचारों को अंगीकार कर कोई जिन्दा ही नहीं रह सकता. ऐसी दशा में कोई सदाचारी मिल भी जाय तो हमारे मन में संशय ही उत्पन्न होता है, आज के जमाने में ऐसा कोई हो ही नहीं सकता, शायद यह दिखावा मात्र है. यदि उस संशय का समाधान भी हो जाय, और किसी सदाचारी से मिलना भी हो जाय तब भी उसे संदिग्ध साबित करने का हमारा प्रयास और भी प्रबल हो जाता है. किसी अन्य में हमें हमसे अधिक अच्छाइयां बर्दास्त नहीं होती और हम उसे झूठा करार दे देते है. बुराइयां ढलान का मार्ग होती है जबकि अच्छाइयां चढाई का कठिन मार्ग. इसलिए बुराई की तरफ ढल जाना सहज, सरल और आसान होता है, जबकि अच्छाई की तरफ बढना अति कठिन और श्रमयुक्त पुरूषार्थ. मुश्किल यह है कि अच्छा कहलाने का यश सभी लेना चाहते है, पर जब कठिन श्रम और बलिदान की बात आती है तो हम मुफ्त श्रेय का शॉर्ट-कट ढूंढते हैं. किन्तु सदाचार और गुणवर्धन के श्रम व त्याग का कोई शॉर्ट-कट विकल्प नहीं होता. 'इस पर चलना बड़ा कठिन है'. यह हमारे सुविधाभोगी मानस की ही प्रतिक्रिया होती है. हम कठिन, कष्टकर, त्यागमय प्रक्रिया से गुजरना नहीं चाहते. भले मानव में आत्मविश्वास और मनोबल की अनंत शक्तियां विद्यमान होती है. प्रमाद वश हम उसका उपयोग नहीं करते.

# विदेशी विवि के प्रति आकर्षण बेवजह

• शिक्षा

डॉ. सुखदेव सिंह

भारतीय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 'भारत में विदेशी उच्च शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन' नियम, 2023 जारी करने के बाद अब विदेशी उच्च शिक्षण संस्थान भारत में अपने स्वयं के परिसर स्थापित करके सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और पोस्ट-डॉक्टरल स्तर की शिक्षा प्रदान करने की अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं. ऐसे संस्थानों के लिए पात्रता मानदंड यह है कि वे समग्र या प्रासंगिक विषय में वैश्विक रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 500 संस्थानों में से एक हों. या वे अपने गृह क्षेत्राधिकार में 'प्रतिष्ठित' हों. दरअसल, विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति देने की नीति और विनियमों का उद्देश्य भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली का वैश्वीकरण करना है. साथ ही भारतीय छात्रों को अपने ही देश में 'सस्ती लागत' पर 'दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों' से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देकर उन्हें देश छोड़ने और विदेश में शिक्षा पर खर्चे के रूप में पूंजी का बाहर बहाव रोकने के अलावा भारत को एक वैश्विक शिक्षा गंतव्य के रूप में विकसित करना बताया गया है. इस निर्णय के मूल में भारतीय युवाओं की विदेश में पढ़ाई करने की बढ़ती प्रवृत्ति बताई जा रही है. इस प्रवृत्ति के परिणामस्वरूप भारत से प्रतिभा पलायन और पूंजी का बाहर बहाव हो रहा है. विदेश मंत्रालय के अनुसार, जनवरी, 2023 तक लगभग 15 लाख भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे, जबकि 2022 में यह संख्या 13 लाख थी. 2024 तक इसके 18 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है. ये छात्र विदेश में शिक्षा पर करीब 75-85 अरब डॉलर खर्च करेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में विदेश जाने वाले छात्रों द्वारा विदेशी मुद्रा में 5 अरब रुपये की राशि खर्च की गई. इनमें से अधिकतर छात्र पढ़ाई के बाद घर लौटने के बजाय वहीं बस जाते हैं.इस कदम को भारतीय उच्च शिक्षा में एक क्रांतिकारी कदम के रूप में सराहा जा रहा है. यह तर्क दिया जा रहा है कि विदेशी विश्वविद्यालय न केवल अपने साथ शैक्षिक उत्कृष्टता लाएंगे, बल्कि भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करेंगे. भारत में विदेशी विश्वविद्यालयों की भविष्य की उपस्थिति को मूल रूप से शैक्षणिक गतिविधि, नवाचार और उत्कृष्टता पैदा करने के उत्प्रेरक के रूप में पेश किया जा रहा है. सतही स्तर पर, सब कुछ ठीक ही लगता है, भावना अच्छी है और लक्ष्य प्राप्त करने योग्य लगते हैं; लेकिन भीतर से प्रेरणा-स्रोत खोखला है और उद्देश्य डगमगा रहा है. सबसे पहली बात तो यह कि विदेश में दाखिला लेने वाले अधिकांश भारतीय छात्रों की रुचि मुख्य रूप से शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता से अधिक वीज़ा प्राप्त करके वहां काम खोजने और बसने में होती है. विदेशों में भारतीय युवाओं का आकर्षण बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए तो है ही, लेकिन इससे भी ज्यादा वहां योग्यता और क्षमता के आधार पर बेहतर रोजगार के अवसरों, गैर-भेदभावपूर्ण कार्य और वेतन प्रणाली, कानूनी समानता के आधार पर हस्तक्षेप-मुक्त सुरक्षित और विनियमित जीवन के लिए है, जो उन्हें भारत में नहीं मिलता. उनमें से कई तो निचली रैंक वाले कॉलेजों में दाखिले होने से भी संतुष्ट होते हैं, बशर्ते उन्हें वीजा और विदेश में काम करने का अवसर मिल जाए. फिर वे उच्च-शिक्षित उच्च-स्तरीय काम की तलाश करते हैं, जबकि मध्यम-स्तर के शिक्षित लोग विदेशों में सम्मानपूर्वक बेहतर वेतन मिलने और काम-आधारित भेदभाव न होने के कारण छोटी नौकरियों और शारीरिक श्रम वाले काम कर के भी वहां बसने से खुश होते हैं. इनटू यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप सर्वेक्षण के अनुसार, 'विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक 76 प्रतिशत भारतीय छात्र अपनी अंतरराष्ट्रीय डिग्री के बाद विदेश में काम करने या बसने की योजना बनाते हैं और केवल 20 प्रतिशत ही विदेश में पढ़ाई के तुरंत बाद भारत लौटने की योजना बनाते हैं.' यहां तक कि भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अच्छी नौकरी वाले लोग भी विदेश में रहने की इच्छा रखते हैं. इसलिए भारत में विदेशी विश्वविद्यालय खोलना विदेश में पढ़ाई करके वहीं बसने का विकल्प तो नहीं हो सकता. विदेशी विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों को भारत में शिक्षा विकल्प तो प्रदान कर सकते हैं, लेकिन विदेश में बसने का तो बिलकुल नहीं. वास्तव में वैश्विक अवसरों की तलाश करने वाले छात्र विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा को साधन के रूप में उपयोग करते हैं, जो वह तब तक जारी रखेंगे, जब तक भारत में रोजगार, मेहनताना और सामाजिक-राजनीतिक हालात विदेश जैसे न हों.

> 2023 तक लगभग 15 लाख भारतीय छात्र विदेश में पढ़ रहे थे, जबकि 2022 में यह संख्या 13 लाख थी. 2024 तक इसके 18 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है. ये छात्र विदेश में शिक्षा पर करीब 75-85 अरब डॉलर खर्च करेंगे. भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में विदेश जाने वाले छात्रों द्वारा विदेशी मुद्रा में 5 अरब रुपये की राशि खर्च की गई.

# सेबी की जांच और अदालत का फैसला

• सामयिकी

के रवीन्द्रन

अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की सेबी जांच की पर्याप्तता के विरुद्ध बहुप्रतीक्षित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला न तो ठोस है और न ही निर्णायक. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बाजार के नियामक को अपनी जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय दिया है. अदालत ने संक्षेप में गेंद सरकार के पाले में डाल दी है, जिसे मोटे तौर पर कुख्यात कवर-अप में रुचि रखने वाली पार्टी माना जाता है. यदि सेबी इतने महीनों में जांच पूरी नहीं कर सकता है तो जाहिर तौर पर वह इस कार्य में लगा हुआ है, तो ऐसा कोई रास्ता नहीं है कि वह इसे तीन महीने में पूरा कर सके. इसलिए, समय का विस्तार इसमें काम नहीं आयेगा. तीसरे पक्ष की संस्थाओं और मीडिया इकाइयों के निष्कर्षों पर अदालत का रुख कि ये विश्वास को प्रेरित नहीं करते हैं, वांछित होने के लिए बहुत कुछ छोड़ दिया जाता है. उसका कहना है कि ऐसे साक्ष्यों को अधिक से अधिक इनपुट के रूप में माना जा सकता है, लेकिन उसने अपने निष्कर्षों पर पहुंचने के लिए उसी दृष्टिकोण का पालन करने से इनकार कर दिया है. अदालत का अब तक का सबसे असंतोषजनक निष्कर्ष वह है, जो केंद्र से यह देखने के लिए कहता है कि क्या शॉर्ट सेलिंग पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा कानून का कोई उल्लंघन किया गया है और यदि ऐसा है तो देश के कानून के अनुसार कार्रवाई करें. संदेश के गुण-दोष पर जाने के बजाय, अदालत ने संदेशवाहक को गोली मारने के दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है. अडानी समूह के प्रति मोदी सरकार के रवैये को देखते हुए, ऐसी किसी भी कवायद के नतीजे की भविष्यवाणी करना मुश्किल नहीं है. मीडिया रिपोर्टों और तीसरे पक्ष के खुलासे की विश्वसनीयता पर शीर्ष अदालत का रुख अधिकारियों को ऐसे निष्कर्षों के खिलाफ एक बाधा उपस्थित करता है. यह रुख इस तथ्य की सराहना करने में विफल है कि इस तरह के खुलासे से सामने आई जानकारी केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हो जाती क्योंकि ये सार्वजनिक डोमेन में आ गई हैं. न्यायालय की अस्वीकृति में एक अंतर्निहित ख़तरा है. यह टिप्पणी कि बाजार नियामक से प्रेस रिपोर्टों के आधार पर अपने कार्यों को जारी रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती है, भविष्य में सभी मीडिया प्रश्नों के लिए पूर्ण अस्वीकृति के रूप में उपयोग किये जाने की संभावना है, हालांकि अदालत ने ऐसी रिपोर्टों को इनपुट के रूप में उपयोग करने पर कोई आपत्ति नहीं जताई है. अदालत का यह निष्कर्ष कि बाजार नियामक की ओर से कोई विनियामक विफलता नहीं हुई है, विशेष रूप से सेबी के आलोचकों के लिए विश्वास को प्रेरित नहीं करता है, जिस पर सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान के इशारे पर कवर-अप में भूमिका का आरोप लगाया गया है. शुरुआत से ही, सेबी जांच में अपने पैर खींच रहा है, जिसे कई लोग खुदरा निवेशकों के हितों की रक्षा की आड़ में समूह को बचाने का प्रयास मानते हैं. देरी के बहाने के रूप में, नियामक ने अदालत को सूचित किया था कि इन विदेशी निवेशकों से जुड़ी कई संस्थाएं टैक्स हेवन क्षेत्राधिकार में स्थित हैं, जिससे ऐसे आर्थिक हित वाले शेयरधारकों को स्थापित करना एक चुनौती बन गया है. इसमें कहा गया था कि संबंधित पक्ष के लेनदेन पर जांच का दायरा वित्तीय विवरणों में संभावित गलत बयानी, नियमों को दरकिनार करने के प्रयासों और धोखाधड़ी वाले लेनदेन से संबंधित आरोपों का पता लगाना था. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पैनल ने पहले बताया था कि ऑफ शोर फंडों द्वारा रिपोर्टिंग पर 2019 में सेबी द्वारा लाये गये नियमों में कुछ बदलावों ने किसी के लिए ऑफ शोर फंड के लाभार्थियों की पहचान करना मुश्किल बना दिया है. सेबी का तर्क है कि ये बदलाव नियमों को 'कड़े' करने के प्रयास का हिस्सा थे, लेकिन इसका कुल परिणाम यह है कि इसने ट्रैकिंग को और अधिक कठिन बना दिया है. वास्तव में, पैनल ने बताया था कि परिवर्तनों के मद्देनजर, जांच 'बिना गंतव्य की यात्रा' थी. सेबी हमेशा से अपनी जांच पूरी करने के लिए किसी भी समय सीमा से बंधने से इनकार करता रहा है और कहता रहा है कि ऐसी समय सीमा जांच की गुणवत्ता में हस्तक्षेप कर सकती है. इसने अदालत द्वारा नियुक्त पैनल को यह सिफारिश करने के लिए भी प्रेरित किया था कि जांच पूरी करने की समय सीमा को कानून में शामिल किया जाये, ताकि यह नियामक पर बाध्यकारी हो, जिसे व्यापक रूप से अडानी समूह को कवर प्रदान करने वाला माना जाता है. अब सर्वोच्च न्यायालय ने यह देखते हुए जांच खत्म करने के लिए तीन महीने का और समय दिया है यह उल्लेख करते हुए कि विचाराधीन 24 मामलों में से 22 मामलों में जांच पूरी हो चुकी है. बाजार नियामक के ट्रैक रिकॉर्ड के अनुसार, यह बहुत कम संभावना है कि सेबी दिये गये विस्तार से संतुष्ट होगा.

> अडानी समूह के प्रति मोदी सरकार के रवैये को देखते हुए, ऐसी किसी भी कवायद के नतीजे की भविष्यवाणी करना मुश्किल नहीं है. मीडिया रिपोर्टों और तीसरे पक्ष के खुलासे की विश्वसनीयता पर शीर्ष अदालत का रुख अधिकारियों को ऐसे निष्कर्षों के खिलाफ एक बाधा उपस्थित करता है.

## मीडिया में अन्यत्र

# गति को बनाए रखने की चुनौती

साल 2023 शुरुआती अनुमान से बेहतर आर्थिक नतीजे लेकर आया. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में ऊंची महंगाई, खासकर अमेरिका में, इस साल की शुरुआत में सबसे बड़ी चिंताओं में से एक थी. करीब दो अंकों की मुद्रास्फीति को काबू करने के लिए जो मौद्रिक नीति कार्रवाई की जाती, उससे इस बात की आशंका थी कि भौतिक रूप से वित्तीय दशाएं सख्त हो जातीं, वैश्विक वृद्धि परिणाम पर असर डालतीं, विकासशील देशों में विदेशी मुद्रा विनिमय की वित्तीय समस्याएं खड़ी होतीं और कुल मिलाकर वित्तीय बाजारों में जोखिम बढ़ता. ऐसे कुछ जोखिम सामने भी आए, लेकिन चीजें शायद ज्यादा बदतर हो सकती थीं. उदाहरण के लिए अमेरिका में एक-एक कर कई बैंकों की विफलता ने चेतावनी की घंटी बजाई, लेकिन आला अधिकारियों ने इसे सहजता से संभाल लिया. वैसे तो वैश्विक मुद्रास्फीति दर अब भी लक्ष्य से ऊपर है, लेकिन इसमें काफी हद तक गिरावट आई है, जिसकी वजह से वित्तीय दशाओं में सुधार हुआ है.मुद्रास्फीति वृद्धि का अनुमान लगाने में विफलता से केंद्रीय बैंकों की साख को चोट पहुंचती, लेकिन हालात का सामना करने और उसे काबू करने के लिए जो लगातार मौद्रिक नीतियां लाई गईं उससे कुछ हद तक भरोसा लौट पाया.उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत कार्रवाई के नतीजों को भारत ने बखूबी संभाला है. यह गौर करने की बात है कि साल 2023 'टैपर टैन्ट्रम' प्रकरण की 10वीं वर्षगांठ भी है, जब निवेशकों में घबराहट की वजह से अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में जबरदस्त उछाल आई थी. हालांकि, भारत की 2023 की वृहद आर्थिक कहानी, 2013 से काफी अलग है.



चालू खाते का घाटा काफी कम है और भारतीय रिजर्व बैंक ने पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार तैयार किया है, जिससे साल 2022 और 2023 में मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव पर काबू पाने में मदद मिली है. लेकिन मुद्रास्फीति दर को घटाकर 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब लाने में रिजर्व बैंक को कठिनाई हुई है, जिसकी काफी हद तक वजह खाद्य कीमतों की वजह से बना दबाव है. यह दबाव अभी कुछ और समय तक रह सकता है. बाह्य मोर्चे पर बनी स्थिरता से नीति-नियंताओं को घरेलू वाहकों पर ध्यान देने में मदद मिली है. सरकार के ऊंचे पूंजीगत व्यय के सहारे मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.7 फीसदी की तेज वास्तविक वृद्धि हासिल की है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### उत्साह/उमंग

**पर्वतारोही** जब एवरेस्ट की चढ़ाई करने पहुंचे तो उनका उत्साह देखते बनता था. चंद्रमुखी ने जब राजकुमार रतन सिंह को देखा तो उसके मन में प्यार भरी उमंग जाग उठी. इन वाक्यों में दो शब्द प्रमुखता से हमारा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं-उत्साह और उमंग. उत्साह संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश में उत्साह शब्द का अर्थ बताया गया है- उमंग, जोश, उछाह, हौसला, साहस, हिम्मत, दृढ़ संकल्प, मन की वह वृत्ति, जिसमें व्यक्ति प्रसन्नचित्त और किसी कार्य के लिए तत्पर होता है, क्षमता, योग्यता, वीर रस का स्थायी भाव. इसी शब्दकोश के अनुसार उमंग संस्कृत मूल संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका अर्थ है मन में होने वाला आनंद और उत्साह, उल्लास, चित्त का उभार, जोश, उल्लासपूर्ण आकांक्षा, सुखदायक मनोवेग. शब्दकोश के अनुसार दोनों पर्यायवाची महसूस होते हैं, लेकिन दोनों में अंतर भी है. उत्साह उदार और अथक उत्कर्ष की भावना है, जो व्यक्ति को उत्सुकता और प्रबोधन में ले जाती है. यह उच्च ऊर्जा की भावना है जो समर्पण, संघर्ष, और सफलता की ओर प्रेरित करती है. उत्साह व्यक्ति में जोश, उमंग, और संकल्प की भावना को उत्पन्न करता है. यह अक्सर किसी उद्यम, कार्यक्रम, परियोजना, या उद्घाटन के लिए उत्सुकता और उत्तेजना का स्रोत बनता है. वहीं उमंग सुख, खुशी और आनंद की भावना है, जो व्यक्ति को प्रोत्साहित करती है और आत्म-संतुष्टि का अनुभव कराती हैं. यह एक सकारात्मक भावना है, जो संतुष्टि, खुशी, और आनंद की ओर प्रेरित करती है. उमंग व्यक्ति में खुशी, संतोष, और सुख की भावना को जगाती है और उसे उच्चता और उत्तेजना का अनुभव कराती है. उत्साह विशेष रूप से किसी उद्यम, कार्यक्रम, या लक्ष्य के प्रति जोश और उत्कर्ष की भावना है, जबकि उमंग अधिक खुशी, संतोष, और आनंद के प्रति प्रेरणा देता है. उत्साह जिसके पीछे उद्दीपक कारण होते हैं, वहीं उमंग आनंदमयी और खुशीपूर्ण भावनाओं का उत्पन्न करने में मदद करता है.

# भगवान के नाम पर कुछ दे दो बाबा!

• तीर-तुक्का

सतीश कसेरा



अभी मैं ऑफिस की ओर आ ही रहा था कि रास्ते में अचानक एक भिखारी मेरे करीब आया और अपना कटोरा मेरे मुंह के सामने करते हुए दीन-हीन स्वर में बोला- 'भगवान के नाम पर कुछ दे दो बाबा!' मैंने उसे ऊपर से नीचे तक देखा और बोला 'न...देने को तो मैं तेरे को दस का नोट भी दे दूंगा पापिया.पण पहले मेरे को ये तो पता चले कि तू कौन से भगवान के नाम पर मांग रिया है!' भिखारी ने बौखलाकर मेरी तरफ देखा और हैरानी से पूछा-मैं आपकी बात समझा नहीं बाबा!' मैंने हवा में हाथ हिलाते हुए कहा-अबे बैगर चंद भिखारी दास...मेरा मतलब यह था कि जो भीख मैं तुझको दूंगा उसके बारे में मेरे को भी तो पता होना चाहिये कि वह कौन से भगवान के खाते में जायेगी. अब सोचने वाली बात यह है पापिया कि चित्रगुप्त के पास मेरा एकाऊंट कैसे मेंनटेन होगा!' मेरी बात सुनकर भिखारी ने मुझे अजीब सी नजरों के साथ यूं देखा मानो मैं पागलखाने से निकलकर आया कोई पहुंचा हुआ पागल होऊं. मैंने नाराजगी भरे स्वर में कहा-मेरी बात समझ में नहीं आई न बाबू?' उसने अपनी मुंडी ऊपर से नीचे हिलाई तो मैं हंसकर बोला-बाबू..तेरे मांगने का इस्टाईल ही गलत हैगा...भगवान के नाम पर कुछ मिल जाये बाबा.' मैं चुप हुआ तो भिखारी ने किसी प्रकार गले में अटका थूक गटक कर गहरी सांस ली और बोला-'इतने सालों से भीख मांग रहा हूं बाबा.पर आज तक आप जैसा कोई नहीं मिला!' मैंने हंसते हुए कहा 'होता है...होता है...यह पहले से ही तय होता है बाबू कि किसे..कब.कहां..किससे मिलना हैगा...आते-जाते खूबसूरत आवारा सड़कों पे..कितने अंजान लोग मिल जाते हैं, उनमें से कुछ लोग भूल जाते हैं..कुछ याद रह जाते हैं...!' इस पर भिखारी बोला-एक बात पूछूं बाबा...आप करते क्या हो?' मैंने अपने हाथ नचाते हुए कहा-कोई ऐसा-वैसा आदमी मत समझ लीजो बाबू....लेखक हूं. लेखक!' मेरी बात सुनते ही भिखारी अपना सिर पीटते हुए बोला-मेरे से ही गलती हो गई बाबा...मैंने ही गलत पार्टी के सामने हाथ फैलाया... वैसे एक बात बताऊं बाबा... मुझ पर भी एक बार जवानी में लेखक बनने का भूत सवार हुआ था.जिसे मेरे बाप ने अपनी जूतियों से उतारा था...बोला था...ससुरे.भीख मांगने के पुस्तैनी काम को छोड़कर भूखे मरने का काम करने जा रहा है.? बेटा. लक्ष्मी और सरस्वती का आपस में कोई मेल नहीं.तूं अपने बाप दादाओं के दिखाए नक्श-ए-कदम पर चल...भीख मांग और अपना जीवन सफल कर.! उस दिन मैंने अपने बाप की बात न मानी होती और लेखक बन गया होता तो बाबा...आपके जैसा हाल आज मेरा हो गया होता। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे बाबा...!' कहकर भिखारी वहां से चल दिया.

# सुकून



पिकनिक के दौरान महिला काव्य मंच की सदस्याएं, बातों के दौरान जुबां से निकलते रहे तकिया कलाम और यादगार बन गया दिवस.

भारतीय प्रवासी दिवस कल

## भारत के ब्रांड एंबेस्डर हैं ये एनआरआई

कल भारतीय प्रवासी दिवस है. वर्ष 2003 में प्रवासी भारतीय दिवस की शुरुआत की गई थी. दरअसल इसी दिन महात्मा गांधी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे थे. यह दिन प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों का सम्मान करने और भारत एवं वैश्विक भारतीय समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने का भी अवसर होता है. पीएम नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष एनआरआई दिवस पर कहा था कि प्रवासी भारतीय भारत के 'ब्रांड एंबेसडर' हैं. जब हमने झारखंड से जुड़े कुछ एनआरआई से बात की, तो इस कथन की सत्यता जाहिर हुई. आइए, भारत और भारतीयता के गर्व की कहानी, एनआरआई की जुबानी महसूस करें.

### कुर्ते, साड़ी में विदेशियों ने की आरती, लगाया तिलक



मेरा बेटा 2006 से ऑस्ट्रेलिया में रह रहा था. जब वह यहां ग्रैजुएशन करने आया था. 2018 में उसने एक अमरीकी लड़की से शादी का फ़ैसला किया. वह उसी साल अमेरिका से ऑस्ट्रेलिया काम करने आई थी. हम सब उससे मिल चुके थे और 2019 में भारत में परम्परागत विधि से विवाह समारोह की बात भी तय हो गई थी. अक्टूबर 2018 में उसके माता-पिता ऑस्ट्रेलिया घूमने के लिए आ रहे थे. हमने सोचा कि जब सब यहां हैं और विवाह की बात तय हो चुकी है तो छेका की रस्म यहीं कर लेते हैं. उन सब के लिए यह अपरिचित बात थी. अमरीकी समाज में तो बेटे-बेटी के विवाह में माता-पिता की कोई विशेष भूमिका नहीं होती. पर वे राज़ी हो गए. हमने उन्हें इस रस्म का अर्थ समझाया.

बेटे के कई विदेशी मित्र भी इसमें शामिल हुए. वे सभी भारतीय परिधान पहनने के लिए उत्सुक थे. हमने उन्हें अपने कपड़े दिए. लड़कियों को साड़ी पहनाई. सभी को आरती करना सिखाया. दाहिने हाथ का प्रयोग करना, टीका लगाना, आरती के थाल को क्लॉक वाइज़ घुमाना आदि कई बातें हम बताते रहे. रस्म तो सम्पन्न हुई, साथ ही भारत से सबका थोड़ा सा परिचय भी हुआ.

**- नुपूर अशोक, आस्ट्रेलिया**

### अमेरिकन-चायनीज का दिल लूट गए समोसे, छोले और खीर



मैं रांची झारखंड से हूं. पिछले दस साल से इंडियाना अमेरिका में रह रहा हूं. मेरी बेटी चार साल की है. प्ले स्कूल जाने लगी है. कम्युनिटी के कुछ अमेरिकन बच्चे उसकी क्लास में है. 4 नवम्बर को उसका जन्मदिन था. छोटी सी पार्टी हमने घर पर रखी थी. उसके दादी-दादू भी हमारे साथ थे, तो लाजिमी है कि आरना बहुत खुश थी. मेहमानों के लिए एक-दो अमेरिकन फूड के साथ-साथ हमने भारतीय व्यंजन में छोले, खीर एक चायनीज डिश चाऊमिन घर पर बनाए थे, और उसके साथ समोसे भी रखे थे जो रेस्टोरेंट से मंगवाए थे. हमारे मेहमानों में दो परिवार अमेरिकन और एक परिवार चायनीज थे. हम आश्चर्यचकित थे, क्योंकि जिन मेहमानों के लिए हम बहुत परेशान थे वे सभी खीर, समोसे, छोले, चाऊमिन ही खा रहे थे, और तारीफ पर तारीफ किए जा रहे थे. मेरी बहू ने उन तीनों परिवार को सारी सामग्री का पैकेट बनाकर दिया. वे बड़े चाव से अपने घर ले गए. तो क्यों न हम अपने भारतीय होने पर गर्व करें.

**- अनिमेष मिश्रा, इंडियाना, अमेरिका**

# बहुत मजेदार हैं तकिया कलाम



## बूझे, अथी, है ना, है कि नहीं

*तकिया कलाम वह शब्द या वाक्यांश हैं जो कुछ लोगों की ज़बान पर बातचीत करने पर प्रायः मुंह से निकला करता है, जैसे- बूझे, अथी, है ना, है कि नहीं, क्या नाम, जो है कि ... अक्सर ये तकिया कलाम बेहद मजेदार होते हैं और जाने-अनजाने हमारे मनोरंजन का साधन भी बनते हैं. तकिया कलाम की इसी अहमियत को बॉलीवुड ने भी पहचाना और जम कर उपयोग किया. फिल्में आती और जाती हैं, पात्रों के तकिया कलाम हमारी जबानों पर अरसे तक जीवंत रहते हैं. जब हमने इन्हीं तकिया कलामों के बारे में कुछ लोगों से बात की तो होंठो पर हंसी पसरी और साथ ही खुल गए किस्सों के खजाने...*

### "हललअऽऽऽ"



**बिंदु प्रसाद रिद्धिमा**

काकी आज आप और मैं चलिए गांधी मैदान घूम आते हैं. बढ़िया धूप बहुत दिनों के बाद निखरी है. क्यों न वहां खादी मेले का हम आनंद उठाएं? दोनों साथ अभी निकले ही थे कि काकी का स्वर फूटा- "हललअऽऽऽ बेटी बैगबा तऽ भूलिए गइलि." मैं भाग कर गई, तुरंत ताला खोला और बैग उठा लाई. अभी हाफं ही रही थी कि फिर से वही स्वर फूटा- "हललऽऽऽ उजरका वाला नाहिं बेटी, करियरका वाला." फिर मैं भागी पर इस बार सफल हुई. सही बैग देखकर काकी खुश हो गईं. अभी थोड़ी दूर चलकर रिक्शावाले को पुकार ही रही थी कि फिर से वही-"हललअऽऽऽ..."

अब क्या?

टूटी हुई चप्पल लेकर काकी खड़ी कभी मुझे कभी चप्पल को निहार रही थी.

अनायास ही मेरा स्वर फूटा - "हललअऽऽऽऽ."

### जाए द, रहे द



**रंगोली सिन्हा**

बात उन दिनों की है, जब मेरे ससुर जी छत्तीसगढ़ में कार्यरत थे. वह एक बहुत प्रतिष्ठित कवि भी हैं. वहां एक बार उन्हें राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया. सम्मान लेकर घर वे आए और अपनी खुशी हम लोगों के साथ साझा कर रहे थे कि कितने बड़े मंच पर कितने बड़े लोगों के सामने उन्हें इतना सम्मान मिला. मेरी सासू मां एक बहुत सीधी-साधी गृहणी हैं. उनका तकियाकलाम है किसी भी बात पर "जाए द ,रहे द" (जाने दो ,रहने दो) कहना. चाहे बात कितनी भी बड़ी क्यों न हो. वह बहुत देर से सारी बातें सुन रही थी फिर जबान तकिया कलाम के लिए मचल गई और वह बीच में ही बोल उठीं- सुनी जाए दिही ई सब रहे दीहूं, पहले घर में चावल ख़त्म बा उ देखू. उनकी बात सुनते ही हमसब हंसने लगे और मेरे ससुर जी सर पर हाथ रख बोल उठे, 'सौ चोट सोनार के एक चोट लोहार के.'

### माना...



**अभिषेक अब्र**

ईश्वरी आंटी हमारे घर आया करती थीं हमारी मम्मी को सिलाई सिखाने. बाद में मेरी मां और ईश्वरी आंटी मिल कर लड़कियों के लिए सिलाई स्कूल चलाने लगीं. उनसे हमारा काफ़ी घनिष्ट सम्बन्ध हो गया था. मेरे पापा को वो भैया बोलती थीं और राखी भी बांधती थीं. इसलिए हम उन्हें बुआ के रूप में देखते थे. ईश्वरी आंटी का एक तकियाक़लाम हुआ करता था, "माना". और वे एक वाक्य में कम से कम 3-4 बार माना-माना कहती थीं. जैसे - "माना" मैंने सोचा "माना" सोनू-मोनू (हम दो भाई) आज स्कूल क्यों नहीं गए, "माना' आज किस बात की छुट्टी है? "माना" पता नहीं बारिश कब होगी, "माना" इतनी गर्मी हो रही है कि "माना" पूछो ही मत हम दो भाई आपस में चुपके से उनका मजाक बनाते थे और हम भी "माना-माना" करके बातें करते थे. हमने उनका नाम "माना" फुआ रख दिया था. मां से उनके बारे में बात होती तो "माना" फुआ कह के कोई बात बताते, इसपर मां से डांट भी सुनते मग़र मां भी मन-मन मुस्कुरा ही देती थीं.



विनिता सिंह, स्मिता नारायण, नीतू दफ्तौर, मौसमी शुभेंदू शेखर व रीना बैनर्जी. अलग-अलग तकिया कलाम से ही एक दूसरे में पहचान रखती हैं ये सहेलियां

### चुप नहीं तो टिंगा देंगे ऊपरे



**डॉ रजनी शर्मा 'चंदा'**

वाकया मेरी शादी के तुरंत बाद का है. मेरे भाई, बहनों और दोस्तों के साथ मस्ती में बातें करते करते एक वाक्य मेरा तकिया कलाम हो गया था- "चुप नहीं तो टिंगा देंगे ऊपरे." गौना पर विदाई के समय मेरे भाई, बहन, दोस्त सभी मुझे छोड़ने स्टेशन आए थे और हमलोग एक दूसरे से बिछड़ने के दुख में बिलख-बिलख कर रो रहे थे. तभी मेरे पतिदेव ट्रेन में अपने आफिसर की पत्नी जो उसी ट्रेन से सफर कर रही थी, उन्हें मुझसे मिलवाने ले कर आए. मैं रो रही थी और अपनों से बिछड़ने के दुःख में भरी हुई बैठी थी. ये हंस रहे थे और मुझे छेड़ते हुए बोले अरे ये दुल्हनियां तो रोती भी है. अल्पायु में शादी होने के कारण कच्ची समझ के कारण मुझमें व्यवहारिक ज्ञान भी शून्य था, सो चिल्ला कर इन्हें पूरे तेवर में बोली- "चुप नहीं तो टिंगा देंगे ऊपरे." इनके साथ-साथ आफिसर की पत्नी और ट्रेन के सहयात्री सभी हक्के बक्के रह गए. मेरी नादानी पर सभी मंद मंद मुस्कुरा रहे थे. बेचारे पतिदेव ऑफिसर की पत्नी के सामने ठगे से खड़े रह गए. ये बात जब भी मैं मायके से आती तो ट्रेन में हमलोग जरुर याद करते हुए हंसते. मेरे पतिदेव कहते बचकर साथ चलना होगा नहीं तो ये दुल्हनिया टिंगा देगी.


### कीप दिस थिंग इन माइंड



**अनुराग अन्वेषी**

जीवन में दो टीचर ऐसे मिले जो एक ही बात क्लास में बार-बार दुहराते थे. कहें तो यह उनका तकियाकलाम था. 1987 में हरमू कॉलोनी के संत लुइस में पढ़ता था. वहां अंग्रेजी के टीचर थे एलेक्सजेंडर केरकेट्टा. बहुत सख्त टीचर. वे बात-बात पर कहते थे 'है कि नहीं'. मेरा साथ अजय करन (अब दिवंगत) और मैं क्लास में काउंट किया करते थे कि केरकेट्टा सर ने कितनी बार कहा 'है कि नहीं'. इन्हीं केरकेट्टा सर ने क्लास 8 की वार्षिक परीक्षा में मुझे चीटिंग करते पकड़ा था. उन्होंने कहा 'चीटिंग करता है. चीट का जादू काम नहीं करेगा. तुमसे बड़का जादूगर हैं हम. है कि नहीं?' तब मेरे मन में चीटिंग करने का अफसोस नहीं हुआ बल्कि आइडिया आया कि काश मैं जादू जानता तो चीट गायब कर देता. इसी के बाद मैंने जादू के ट्रिक सीखे और जादू का शो करना शुरू किया था. उनकी बात 'तुमसे बड़का जादूगर हैं हम' मेरे दिमाग में धंसी रही. दिमाग में किसी बात को रखने की बात दोहराती थीं हमारी पत्रकारिता की टीचर नीरू जौहरी. पब्लिक रिलेशन पढ़ाती थीं. बात 95 की है. वह अमूमन 80 प्रतिशत बात अंग्रेजी में कहती थीं, जो मेरे जैसे स्टूडेंट के पल्ले नहीं पड़ती. और हर बात समझाने के बाद वो कहतीं 'कीप दिस थिंग इन माइंड'. देखने में बेहद खूबसूरत और अंग्रेजी उतनी ही फ्लूएंट. एक तरह से वो हम सब की 'क्रश' थीं. बात-बात पर फ्रैंक जैफकिन और सैम ब्लैक को कोट करती थीं. हालांकि जब मैंने उन्हें बताया कि आपकी अंग्रेजी में कही बात समझ में नहीं आती और इसीलिए 'पीआर' सब्जेक्ट हमलोगों के लिए 'अंधों का हाथी' है, तो वो खिलखिला पड़ीं. क्लास के बाहर ही उन्होंने आधे घंटे मुझे हिंदी में 'पीआर' समझाया और उसके बाद के क्लास में वो 'हिंग्लिश' नहीं 'हिंग्रेजी' में पढ़ाया. यानी ज्यादातर वाक्य हिंदी के जिसमें कुछ शब्द अंग्रेजी के होते थे. लेकिन उनका 'कीप दिस थिंग इन माइंड' कहना कभी नहीं छूटा और हमने भी उनकी बातें 'माइंड' में रखना सीख लिया. दोनों टीचरों के ये दोनों तकियाकलाम आज भी याद कर हम मुस्कुरा देते हैं.

### गेम हो गया...



**अनंत महेंद्र**

मेरे एक परिचित मित्र का तकिया कलाम था - गेम हो गया. हर बात में या मिनटों में 'गेम हो गया' तकिया कलाम दोहराते थे. मेरे साथ अधिक समय व्यतीत करते थे सो इस तकिया कलाम के कारण कई बार हास्यप्रद तो कई बार शर्मिंदगी भरी स्थिति उत्पन्न होने का मैं साक्षी बन जाता था. ऐसे में एक दिन मित्र अपने रिश्ते के लिए एक लड़की देखने गया. स्वाभाविक रूप से मेरा जाना हुआ. पहले तो चाय नाश्ता हुआ. फिर लड़की के माता-पिता ने बातचीत शुरू की. मित्र की ओर घूमकर लड़की के पिता ने पूछा - अरे आपने तो नाश्ता किया ही नहीं! मित्र ने छूटते ही उत्तर दिया - नहीं, नहीं मेरा तो गेम हो गया. विस्मित नेत्रों से लड़की की मां ने परिवार का परिचय मांगा, तो मित्र ने अपने और अपने माता-पिता के बारे में बताया और कहा दादा रिटायर्ड हैं, और दादी का गेम हो गया. इस बार मैंने आँखें तरेरते हुए उसकी ओर देखा और इशारे में बातचीत में सावधानी बरतने को कहने की कोशिश की. मैंने हास-परिहास का माहौल बनाने का प्रयास किया कि चाय आ जाती तो बातचीत का आनंद आता. उन्होंने कहा कि बस बेटी आ ही रही है चाय लेकर. इस बीच मित्र की नौकरी के बारे में बात शुरू हुई. गर्वित भाव से मित्र ने कहा कि चार वर्ष पहले ही सरकारी शिक्षक की नौकरी में नियुक्ति हुई है. साथ ही और भी कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त हुई लेकिन उसमें ज्वाइन नहीं किया. इतनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय पाकर लड़की के पिता ने कहा, आपकी तैयारी इतनी अच्छी थी तो यूपीएसी के लिए प्रयास क्यों नहीं किया. मित्र थोड़ा सकपकाया और उसके मुँह से फिर निकल गया - जी, वो एक बार यूपीएससी बैठा था, फिर अगले साल गेम हो गया. इस बार मैंने बचाव करते हुए बात संभाली कि इसका मतलब है उम्र सीमा समाप्त हो गई. इस दौरान लड़की तश्तरी में चाय ले आई. लड़की पहली नजर में ही सुंदर और सुशील जान पड़ती थी. इस बार मेरे मन में बात उठी - लगता है मित्र का गेम हो गया.


ट्रे से हम सभी ने बारी-बारी चाय का कप उठाया और मैंने लड़की को सोफे की तरफ इंगित करते हुए कहा - जी, बैठिए. नमस्कार करते हुए लड़की बैठी ही थी कि मित्र ने लड़की से उसका नाम पूछा. लड़की ने सकुचाते हुए कहा – बुलबुल. फिर मैंने पूछा - कुछ पसंद-नापसंद बताएं अपनी. लडकी ने उत्तर दिया - मुझे पढ़ना, कविताएं लिखना और घूमना बहुत पसंद है, लेकिन मुझे कुछ कहना नहीं है.

मैं चौंका कि 'लेकिन मुझे कुछ कहना नहीं है' क्यों कह रही है लड़की, कहीं रिश्ता उसकी मर्जी के विरुद्ध तो नहीं हो रहा.

मैंने फिर पूछा - आप खुल के कहें, कैरियर को लेकर आपके क्या विचार हैं. लड़की ने इस बार थोड़े आत्मविश्वास के साथ हमें देखा और कहा - अभी तो निजी विद्यालय में पढ़ा रही हूं, लेकिन मुझे कुछ कहना नहीं है, और आगे अवसर मिला तो पीसीएस की तैयारी करना चाहती हूं. इस बार पीटी परीक्षा पास भी हुई थी, मेंस की तैयारी नहीं कर पाई, लेकिन मुझे कहना नहीं है.

इस उत्तर के बाद मेरा मित्र थोड़ा भौचक्का रह गया लेकिन मैं यह बात समझ चुका था कि लड़की भी तकिया कलाम का प्रयोग करती है - लेकिन मुझे कुछ कहना नहीं है.

आगे मित्र को मैंने कहा - कुछ और पूछना चाहते हो तो पूछ लो. मित्र ने मुझसे कहा - मेरा तो गेम हो गया, मुझे कुछ और नहीं पूछना है और थोड़ी उदारता दिखाते हुए लड़की से कहा कि आपको मुझसे कुछ पूछना हो तो बेहिचक पूछिए. इस पर लड़की ने नजरें झुकाते हुए और ना में सर हिलाते हुए कहा - मम्मी-पापा ने तो सब पूछ ही लिया होगा, लेकिन मुझे कुछ कहना नहीं है. चाय और बात एकसाथ समाप्त हुई, बाद में दोनों के परिवार आपस में एकाध बार और मिले और अंत में इन दोनों का गेम हो गया.



**डॉ कुमार संजय**

शिक्षाविद

मोटिवेशन

## शब्द कम, जिंदगी उत्तम

**पाब्लो नेरुदा की एक प्रसिद्ध कविता है कीपिंग क्वायट अर्थात शांत रहना. उनका कहना है कि विश्व की ज्यादातर समस्याओं का कारण है, जरूरत से ज्यादा भाग-दौड़. आदमी बेतहाशा भागा जा रहा है, जरूरत से ज्यादा बोल रहा है. इससे उसमें क्रोध आता है, हिंसा बढ़ती है और असंतोष जन्म लेता है. उन्होंने शांत रहकर काम करने पर जोर दिया है. शांत रहकर काम करने के बहुत फायदे हैं. आज हम उन्हीं फायदों को जानने और समझने जा रहे हैं.**

1. बोलने में ऊर्जा लगती है. जो जितना ज्यादा बोलता है वह उतनी ज्यादा ऊर्जा अनावश्यक रूप से वेस्ट करता है. बेहतर होगा आदमी कम बोले. अपनी ऊर्जा को अपने कामों में लगाए और बेहतर परिणाम पाए.

2. अमिताभ बच्चन, रतन टाटा, मुकेश अंबानी - इस ऊंचाई पर पहुंचाने वालों की लिस्ट बहुत लंबी नहीं है. सफलता की बुलंदियों को छूने वाले इन महान हस्तियों में एक बात कॉमन है. ये सभी रियल लाइफ में बहुत कम बोलते हैं. शायद उतना भी नहीं बोलते, जितना जरूरी है. आप कभी इन्हें खुद की तारीफ करते नहीं पाएंगे. क्यों न हम इन्हें अपना आदर्श बनाएं! कम बोलें, जमकर काम करें, सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं.

3. जो लोग ज्यादा बोलते हैं, वे अपनी बातों को अत्यधिक दोहराते हैं. अक्सर लोग उनकी बातों से ऊब जाते हैं. जितना कम बोलेंगे, दोहराने की गुंजाइश उतनी कम होगी.



4. ऐमी इफा का कहना है - आप कम बोलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं कि लोग आपको नोटिस नहीं करते. हकीकत तो यह है कि आप ज्यादा ध्यान खींचते हैं. ज्यादा बोलने वालों को लोग न तो गंभीरता से लेते हैं, और न सुनते हैं.

5. कम बोलना अच्छे व्यक्तित्व का गुण माना जाता है. कम बोलने से व्यक्तित्व में निखार आता है. इसके विपरीत ज्यादा बोलना कमजोर व्यक्तित्व की पहचान मानी जाती है.

6. कम बोलने वाले कम शब्दों में अपनी बात को अच्छे ढंग से व्यक्त करने की क्षमता रखते हैं. कम शब्दों में ज्यादा गहरी बात कहना इंटेलिजेंट लोग ही कर पाते हैं.

7. ज्यादा बोलने वाले जाने-अनजाने अपनी व्यक्तिगत तथा पारिवारिक समस्या पूरी दुनिया के साथ शेयर कर बैठते हैं. सभी लोग तो अच्छे होते नहीं. कुछ लोग इसका नाजायज फायदा उठाते हैं. कुछ बदनाम करने पर उतर आते हैं. कम बोलने वाला बुद्धिमान व्यक्ति कभी भी अपनी व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्या आम लोगों से शेयर नहीं करता.

8. कार्यक्रमों में वह वक्ता ज्यादा असर छोड़ता है, जो कम बोलता है, टू द पॉइंट बोलता है. ज्यादा बोलने वाला वक्ता अनावश्यक तालियों का शिकार होता है. लोग बेसब्री से उसके बैठने का इंतजार करते हैं. ऐसा वक्ता बनने से क्या फायदा!

9. इंटरव्यू में भी कम शब्दों में सही-सटीक बात कहने वाला बाजी मार ले जाता है. इंटरव्यू में हर कैंडिडेट के लिए समय निर्धारित रहता है. ज्यादा बोलने वाला अपनी बात खत्म भी नहीं कर पाता कि उसका समय समाप्त हो जाता है.

10. सुजैन कैन का कहना है - शांत रहकर आदमी कुछ नया सोच सकता है, कुछ नया कर सकता है. ज्यादातर आविष्कार और परिवर्तन शांत रहकर काम करने वालों की देन हैं.

### मूल मंत्र

पाइथागोरस ने कितनी सही बात कही है – शांत रहना बेहतर है या फिर कुछ ऐसा कहना जो शांत रहने से ज्यादा मूल्यवान हो. शांत रहना एक योगाभ्यास है. इससे व्यक्ति में सेल्फ कंट्रोल आता है. आइए, शांत रहकर हम काम करने का अभ्यास करें. कम बोलें. उतना ही बोलें जितना जरूरी है. जिंदगी ज्यादा खुशहाल और अर्थपूर्ण हो जाएगी.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# भाजपा के 'यादव कार्ड' ने राजद को चौंकाया

## मोदी मैजिक से हतप्रभ हैं लोग, दिख रहे हैं 'एम-वाई' के दरकने के लक्षण

ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना

भाजपा के पिछड़ा कार्ड से उपजी बिहार की सियासी सरगर्मी अचानक तेज हो गयी है. खास कर उन दलों में, जिनका यादव मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है. तीन राज्यों में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को मिली जबरदस्त सफलता और उसके बाद मुख्यमंत्रियों के चयन में 'मोदी मैजिक ने पूरे देश को हतप्रभ कर दिया. इससे बिहार भी अछूता नहीं रहा।कौन बनेगा सीएम किसी को पता नहीं था.

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर मोहन यादव को बिठाने की चौंकाने वाली घटना ने बिहार के सियासी काफी प्याले में एक प्रकार से उफान ला दिया है. राष्ट्रीय जनता दल में अधिक बैचेनी है. मोहन यादव के बहाने राजद के वोट बैंक में सेंधमारी की भाजपा की रणनीति को देख राजद भी चौकन्ना हो उठा है. 'एम-वाई' समीकरण पर अपने दल को मजबूती प्रदान करने वाले पार्टी के नेतागण 'एम' के जदयू की ओर खिसकने से पहले से ही चिंतित हैं अब 'वाई' को घेरने-तोड़ने में भाजपा के जुट जाने से राजद के अस्तित्व पर की संकट के काले बादल मंडराने लगे हैं. गौरतलब है कि मोहन यादव ने बुधवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसे 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है. ऐसा माना जा रहा इस मास्टर स्ट्रोक का प्रभाव पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और बिहार पर भी पड़ेगा। इस सियासी कदम से भाजपा ने उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव वोटों को साधने की कोशिश की है. जातीय सर्वे 2023 के अनुसार बिहार में यादव की आबादी करीब 14 प्रतिशत है, ये राज्य के दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर अपना प्रभाव रखते हैं. वहीं, उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ आबादी में यादवों की हिस्सेदारी करीब 9-10 फीसदी है. यूपी में 54 जिले हैं और इनमें से 12 जिलों में यादवों की आबादी लगभग 20 प्रतिशत है.

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) द्वारा किए गए एक चुनावी अध्ययन में कहा गया है कि 2022 के विधानसभा चुनावों में 83 प्रतिशत यादवों ने समाजवादी पार्टी को वोट दिया. वहीं, बिहार में यादवों का ज्यादातर वोट राजद के खाते में जाता है, ऐसे में भाजपा ने यादव वोटरों को अपने पक्ष लाने की रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, उसी रणनीति का एक हिस्सा है, मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाना. सियासी गलियारों में यह भी कयास लगाया जा रहा है कि यादव वोटरों को रिझाने के लिए बिहार में भाजपा नित्यानंद राय, नंदकिशोर यादव, रामकृपाल यादव, रामसूरत राय और नवल किशोर यादव, पवन कुमार यादव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती है.



### भाजपा ने पिछड़े वर्ग को हमेशा मान-सम्मान दिया है : नंदकिशोर

इस संबंध में पूछे जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि भाजपा ने पिछड़े वर्ग को हमेशा मान-सम्मान दिया है. पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए जितना काम हुआ, उतना किसी सरकार ने नहीं किया. पिछड़ा और वंचित वर्ग का उत्थान मोदी सरकार की प्राथमिकता है. छत्तीसगढ़ में आदिवासी वर्ग से आनेवाले विष्णुदेव साय को और मध्य प्रदेश में पिछड़े वर्ग के मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाना स्पष्ट जड़ता है कि पीएम मोदी की 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की यही अवधारणा है.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- अमीबा में कितनी कोशिका होती है – एक
- नौसेना अकादमी कहां पर स्थित है – गोवा
- पृथ्वी से दिखाई देने वाला सबसे चमकीला ग्रह – शुक्र
- अमेरिका का राष्ट्रीय खेल है – बेसबॉल
- यूपीएससी की प्रथम महिला अध्यक्ष – रोज बैथ्यू
- रेशम के कीड़े का भोज्य पदार्थ – शहतूत की पत्ती
- लक्षद्वीप में कौन सी भाषा बोली जाती है – मलयालम
- होपमैन कप किस खेल से संबंधित है – टेनिस
- अकबर का जन्म कहां हुआ था – अमरकोट
- यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां है – ब्रुसेल्स

## ब्रीफ खबरें

### बलान नदी किनारे मिला लापता युवक का शव

**दरभंगा।** घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के गोई मिश्र लगमा गांव में पांच दिनों से लापता युवक का शव कमला बलान नदी किनारे मिला. मृतक युवक के शव की पहचान उसके बड़े भाई शंकर यादव ने की. बताया जाता है कि मृतक मधेपुरा जिला के शंकरपुर थाना क्षेत्र के रायभीर गांव निवासी शीतल यादव का पुत्र है. उसके बड़े भाई शंकर यादव ने बताया कि उसकी पप्पू से एक जनवरी को बातचीत हुई थी. उसके बाद से पप्पू का कुछ पता नहीं चल रहा था. वह पांच दिनों से लापता था. हमलोग उसकी खोजबीन कर रहे थे.

### ईंट से कूचकर छात्र की हुई निर्मम हत्या

**पूर्वी चंपारण।** छौड़ादानो थाना क्षेत्र में तीसरी कक्षा के छात्र की निर्मम हत्या की घटना सामने आई है. बताया जाता है कि बिरत राम का सात साल का बेटा नीतेश कुमार शनिवार शाम से लापता था. जिसका रविवार को लोगों को उसका शव मिला. नीतेश की हत्या को बेहद ही निर्मम तरीके से अंजाम दिया गया था. ईंट से कूचकर और धारदार हथियारों से हत्या की गई थी. घटना के विरोध में ग्रामीणों ने नरकटिया मेन रोड पर जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया.

## लोजपा (आर) के सांसद चिराग पासवान ने नीतीश पर साधा निशाना, बोले
# जनता दल (यू) में बड़ी टूट होगी

संवाददाता। पटना

एक तरफ भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी है, वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में अभी तक संयोजक भी तय नहीं हो सका है. इसे लेकर महागठबंधन के विरोधियों ने निशाना साधना शुरू कर दिया है. नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन के संयोजक बनाए जाने के सवाल पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद चिराग पासवान ने तंज कसा. चिराग ने कहा कि जिससे बिहार नहीं संभल रहा वह संगठन क्या संभालेंगे, यही कारण है कि गठबंधन के दूसरे नेता भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक की जिम्मेदारी देने से कतरा रहे हैं. पटना पहुंचे चिराग पासवान ने दावा किया कि जल्द ही जदयू में बड़ी टूट होगी. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह दिखाई देने लगेगा. सांसद चिराग पासवान ने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को चिंता है संयोजक बनने की. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के गृह मंत्री भी हैं, ऐसे में अपराध का बढ़ना चिंता की बात है. सांसद चिराग पासवान ने सीट शेयरिंग के मुद्दे पर चल रहे वाद विवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि इतने दिन बीत चुके हैं लेकिन इन लोगों के बीच अभी तक सामंजस्य नहीं हो पाया है. मुझे नहीं लगता है कि यह लोग मिलकर चुनाव लड़ पाएंगे. चिराग ने कहा कि एनडीए में सीटों का तालमेल कोई चिंता की बात नहीं है.





### अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश की जाती है

दूसरी ओर एआईयूडीएफ प्रमुख और सांसद बदरुद्दीन अजमल की टिप्पणी पर लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई. चिराग पासवान ने कहा कि अनावश्यक भ्रम फैलाने की कोशिश की जाती है. लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश की जाती है. चिराग ने कहा कि केंद्र सरकार की कोशिश हमेशा सबका साथ की रही है. सबका विकास, सबका विश्वास, किसी को यात्रा करने से रोकना गलत है. वहीं पश्चिम बंगाल में ईडी टीम पर हुए हमले पर को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि जो बंगाल में हुआ है वे राज्य सरकार की संरक्षण में हुआ है. ऐसे में अगर बिहार में भी ऐसा होता है तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा. बिहार के भी कई नेताओं पर ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है. ये लोग ईडी से बचने के तमाम बहाने ढूंढने की कोशिश कर रहे तो कल को अगर ईडी यहां आती है तो यहां भी इस प्रकार की घटना घट सकती है. गौरतलब है कि आईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि बीजेपी हमारे धर्म की दुश्मन है. बदरुद्दनी ने मुसलमानों से कहा है कि वे 20 से 26 जनवरी के बीच घर पर ही रहें. रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ट्रेन से यात्रा करने से बचें. बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा. इसको लेकर उत्तर प्रदेश के अयोध्या में जोरों-शोरों से तैयारियां चल रही है. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण भी भेजे जा रहे हैं. वहीं दूसरी ओर इस मुद्दे पर जमकर बयानबाजी हो रही है.

### बोले चिराग

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के गृह मंत्री भी हैं
- इंडिया में इन लोगों के बीच अब तक सामंजस्य नहीं हो पाया
- एनडीए में कहीं सीटों का तालमेल कोई चिंता की बात नहीं है
- चिराग की अपने चाचा पशुपति कुमार पारस से लड़ाई चल रही है

### चिराग पासवान बिहार की जमुई सीट से सांसद हैं

जल्द सभी मामलों पर हमारी एक दूसरे दलों से बात होगी. मालूम हो कि चिराग पासवान बिहार की जमुई सीट से सांसद हैं. 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में वो बिहार में एक बड़ा फैक्टर हैं. लेकिन उनकी लड़ाई अपने ही चाचा पशुपति कुमार पारस से चल रही है. यही कारण है कि लोजपा दो गुटों में बंटकर बिहार में काम कर रही है जो कि एनडीए में भाजपा के लिहाज से फिलहाल परेशानी का सबब बना हुआ है.

## महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया: नीतीश

संवाददता। पटना

प्रदेश के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में शिष्टाचार मुलाकात की. राज्य के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में अपनी-अपनी समस्याएं रखीं. मुख्यमंत्री ने समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंच के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाएगी. नीतीश कुमार ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया. इसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं समाज का नेतृत्व करने को लेकर आगे आईं. गांवों तथा टोलों में पक्की गली नाली का निर्माण कराया गया. हर घर तक नल का जल पहुंचाया गया. हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है. सभी पंचायतों के वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है. पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें पंचायत के सभी लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो सकेगा.

## नवगछिया में सड़क हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

संवाददता। भागलपुर

जिले के नवगछिया के बाबा विश्व रावत सेतु संपर्क पथ के पास रविवार को भयानक सड़क हादसा हुआ. फोर लाइन श्री पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में तीन दोस्तों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस गश्ती के दौरान क्षतिग्रस्त बाइक को देखकर उनके करीब पहुंची, जहां पर तीनों युवकों का शव पड़ा हुआ था. पुलिस ने बताया कि तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी.

पुलिस ने मृत प्रिंस कुमार के पास से आधार कार्ड बरामद किया, जिसके आधार पर पुलिस ने युवकों की पहचान की. मिली जानकारी के अनुसार गोपालपुर थाना क्षेत्र के हरनाथचक में अंशु कुमार के बर्थडे पार्टी से तीन दोस्त बाइक से लौट रहे थे. इस दौरान सड़क हादसा हो गया. इस सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

## कारोबार

### मैक्रोटेक की बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने घरों की मांग में वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,300 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 9,040 करोड़ रुपये की रही थी. लोढ़ा ब्रांड के तहत कारोबार करने वाली मैक्रोटेक की मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में अच्छी उपस्थिति है. कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु के रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश किया है.

### 7500 से अधिक वैश्विक खरीदार लेंगे भाग

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सोमवार से शुरू होने वाले तीन दिन की खाद्य मेले में 1,200 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 से अधिक वैश्विक खरीदार हिस्सा लेंगे. भारतीय व्यापार संवर्द्धन परिषद (टीपीसीआई) की ओर से जारी बयान के अनुसार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 'इंडसफूड' 2024 के सातवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे.

## विनफास्ट तमिलनाडु के थूथुकुडी में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट ओपन करेगी
# विनफास्ट भारत में खोलेगी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

भाषा। नयी दिल्ली

दुनियाभर में जिस तरह से इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) का बाजार बढ़ रहा है उसे लेकर निवेशक गंभीर हैं. वे अपने देश से बाहर निवेश करने के लिए जगह तलाश रहे हैं. ऐसे में उनकी नजर भारत पर भी है, जो वैश्विक पटल पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश माना जाता है. ऐसे में अमेरिका के टेस्ला की तरह वियतनाम की विनफास्ट कंपनी भी भारत में निवेश करने में लगी है. इसी क्रम में शनिवार को वियतनाम की इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) बनाने वाली कंपनी विनफास्ट ने भारत में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट सेटअप करने के लिए एक एग्रिमेंट पर साइन किया है.

यह कंपनी दुनिया के तीसरे सबसे बड़े व्हीकल मार्केट भारत में एंटर करना चाहती है. जॉइंट स्टेटमेंट के मुताबिक, विनफास्ट और दक्षिणी राज्य तमिलनाडु ने इस प्रोजेक्ट के पहले पांच सालों के लिए 500 मिलियन डॉलर यानी करीब 4,160 करोड़ रुपए के कमिटमेंट के साथ 2 बिलियन डॉलर (16,638 करोड़ रुपए) तक के निवेश की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की है.

स्टेटमेंट में कहा गया है कि प्रोजेक्ट के ईवी और बैटरी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का कंस्ट्रक्शन इस साल शुरू हो जाएगा. इस प्लांट से लोकल लेवल पर 3,000 से 3,500 लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है. मिली जानकारी के अनुसार विनफास्ट भारत में तमिलनाडु के थूथुकुडी में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट ओपन करेगी, जहां वह ईवी बैटरी बनाएगी. साल 2017 में स्थापित और 2021 से ईवी बना रही विनफास्ट ने विदेशों में कई ईवी ग्रोथ प्लान्स की घोषणा की है.

कंपनी अगस्त 2023 में नैस्डैक पर लिस्ट हुई थी और इसके एक महीने बाद कंपनी ने पहली बार अपनी भारतीय विस्तार योजनाओं को हरी झंडी दिखाई. तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई, जिसे एशिया का डेट्रॉइट कहा जाता है और अन्य जिले कई ईवी कंपनियों की मेजबानी करते हैं. जिनमें भारतीय दोपहिया वाहन निर्माता ओला इलेक्ट्रिक और एथर और चीन की बीवाईडी शामिल हैं. विनफास्ट ने कहा कि तमिलनाडु प्रोजेक्ट के इस क्षेत्र में फर्स्ट-क्लास ईवी प्रोडक्शन हब के रूप में विकसित होने की उम्मीद है.

**3000** से 3500 लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद




### भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल के सेगमेंट में हो रहा है विस्तार

देखा जाय तो भारत में शुरुआती दौर में कुछ दिक्कतों के बाद इलेक्ट्रिक व्हीकल के सेगमेंट में लगातार विस्तार हो रहा है और खासकर ई-स्कूटर सेगमेंट में सबसे अधिक बढ़ोत्तरी हुई है. जिसे देखते हुए यह पता चलता है कि भारत 2030 तक पारंपरिक ईंधन और आईसीई इंजन से चलने वाले वाहनों से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है. सरकार को उम्मीद है कि भारत में 2030 तक ईवी सेगमेंट में बिक्री निजी ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में नए वाहनों के लिए 30% प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल के लिए 70 प्रतिशत और दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों के लिए 80 प्रतिशत होगी. जिससे भारत में तेल आयात की मात्रा में कमी आएगी और इससे पर्यावरण को साफ करने में मदद मिलेगी. देश में पिछले दो सालों में ईवी सेगमेंट की बिक्री में लगातार तेजी देखी गई है. साल 2020-21 में 48,179 इलेक्ट्रिक वाहन, साल 2021-22 में यह आंकड़ा बढ़कर 2,37,811 यूनिट्स और 2022-23 में 9 दिसंबर, 2022 तक 4,42,901 यूनिट्स हो गया. सरकार ने इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों को बढ़ावा देने के लिए फेम इंडिया फेज II यानि 'फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया फेज II' योजना लागू किया है.

### सफलता की पार्टी



**मुंबई :** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया शनिवार को मुंबई में फिल्म एनिमल की सफलता पर पार्टी में तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं. **(पीटीआई फोटो)**

## शेयर
## मार्केट का आत्मविश्वास इतना शक्तिशाली है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध भी मार्केट में मंदी नहीं ला सका
# निफ्टी के 25000 से 26000 तक जाने की भविष्यवाणियां हैं



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

सतत अच्छी तेजी दिखा. अब भारतीय शेयर मार्केट एक संघर्ष के क्षेत्र में है. यद्यपि इसका यह अर्थ नहीं है कि तेजी की दिशा, आवेग कुछ समय के लिए पूर्णतः परिवर्तित हो गया है. हां, तेजी के लिए अब अपेक्षाकृत थोड़ा अधिक संघर्ष की संभावना लगती है. पिछले सप्ताह एक समय निफ्टी अपनी सार्वकालिक ऊंचाई से 21834 से 334 अंक नीचे 21500 तक आ गया था. 21340 के नीचे बंद होने पर एक तीव्र गिरावट भी हो सकती थी. परंतु 21500 से पुनः तेजी आई तथा 21749 का ऊपर का स्तर बना निफ्टी 21710 पर सप्ताहांत में बंद हुआ. इसका एक संकेत यह भी था कि निचले भावों पर और बिकवाली नहीं है, बल्कि अच्छी खरीदारी ही है. ऊपरी स्तरों से निफ्टी में अधिकतम गिरावट 334 अंकों की ही थी परंतु ये गिरावट दबे पांव आई थी. निफ्टी फ्यूचर 22000 के ऊपर व्यापार कर रहा था, वहीं से एक तेज गिरावट दिखी. यह एक प्रकार की मंडाडियों का आक्रमण भी हो सकता था, व्यापारियों को घबराहट पूर्ण बिकवाली की ओर धकेलने का. एक समय ऐसा वातावरण बन भी गया था, परन्तु टिका नहीं. ऊपर से मध्यम तथा छोटे शेयरों में तेजी की अच्छी गतिविधि बनी रही.

इससे पूरे मार्केट का मनोभाव तथा मनोबल ऊंचा बना रहा तथा इसने भी मनोवैज्ञानिक रूप से मार्केट की पुनर्वापसी में सहायता की. इन स्तरों तथा वातावरण में मार्केट के लिए निफ्टी के अगले 100 अंकों की दिशा बहुत महत्वपूर्ण लगती है. 100 बढ़े तो फिर अच्छी तेजी, गिरे तो अच्छी मंदी संभव लगती है. क्योंकि मात्र चार दिनों में ही पहले दबे पांव मंदी आई, फिर दबे पांव तेजी आई. सामान्यतया इतनी लघु अवधि में ऐसा नहीं होता है. निफ्टी के वर्ष 2024 तक में 25000 से 26000 तक जाने की भविष्यवाणियां हैं. अतः गिरावट आने पर खरीदारी आ जाती है. चूंकि अमेरिका ने ब्याज दरों में कमी का युग लौटने की संभावना है तथा विश्व के प्रमुख वित्तीय संस्थाओं के पास बड़ी मात्रा में नकदी है जो शेयरों में निवेश की ओर प्रवृत्त होगी. इसलिए तेजी की अंतर्धारणा ही शक्तिशाली बनी रहेगी. कोई अत्यधिक प्रतिकूल घटनाक्रम ही मार्केट में सतत लंबी मंदी ला सकता है. मार्केट का आत्मविश्वास इतना शक्तिशाली है कि रूस यूक्रेन, इजराइल हमास युद्ध ,लंबे समय का युद्ध भी मार्केट में मंदी नहीं ला सका, बल्कि सार्वकालिक ऐतिहासिक ऊंचाई बनी. वैसे वर्ष 2024 में कई राष्ट्रों भारत, अमेरिका में चुनाव हैं. भारत के पड़ोसी राष्ट्रों में भी. ये चुनाव परिणाम भी शेयर मार्केट पर प्रभाव डाल सकते हैं. कुछ नए युद्ध चीन ताइवान आदि भी भड़क सकते हैं.

आर्थिक आधारों पर तो शेयर मार्केट में मंदी की संभावना कम ही लगती है. पिछले सप्ताह निफ्टी में 21 अंकों की गिरावट रही. विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 3290 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे जबकि स्टॉक फ्यूचर में 4960 करोड़ रुपए के शेयर बेचे. अर्थात किसी अप्रत्याशित मंदी की स्थिति होने की आशंका में उन्होंने हेज की स्थिति बनाई है. इंडेक्स फ्यूचर में एफआईआई में 692 करोड़ रुपए की बिक्री की. इंडेक्स को लेकर एफआईआई बहुत सक्रिय नहीं दिख रहे, अनिर्णय की स्थिति में लग रहे हैं. वैसे एफआईआई में पिछले सप्ताह के अंतिम दो दिनों में नकद संभाग में 3200 करोड़ रुपए की खरीदारी की. अतः अंतिम दो दिनों की दिशा तेजी की अधिक पक्षधर लग रही है. पिछले सप्ताह डाउ में 223 अंकों की गिरावट रही. वहां ऊंचे स्तरों पर बिकवाली दिख रही है. डॉलर इंडेक्स थोड़ी बढ़त के साथ 102.44 रहा. डॉलर इंडेक्स भी पुनः थोड़ा बढ़कर 4.051 हो गया है. वैसे थोड़ा बढ़ा है पर दीर्घ अवधि में ब्याज दरों कम होने की ही संभावना है. अतः इस छोटी वृद्धि से अधिक चिंतित नहीं होना चाहिए.

ब्रेंट क्रूड भी थोड़ा उछल 78.90 डॉलर प्रति बैरल हुआ है. इंडिया विक्स 12.63 के निचले स्तरों पर है जो यह दर्शाता है कि मार्केट के ट्रेंड में कोई बड़ी विपरित दिशा का संकेत नही है. यद्यपि छोटे तथा मझौले शेयरों में बड़ी उछाल आ रही तो कुछ अनुभवी कह रहे हैं कि इन क्षेत्र के शेयरों में अत्यधिक गर्मी आ रही है. अतः सावधान रहने के संकेत हैं. परंतु बड़ी संख्या में घरेलू निवेशक उत्साह के साथ मार्केट में आ रहे हैं, निवेश कर रहें हैं. यह एक गुणात्मक तथा प्रभावी परिवर्तन आया है. वित्त वर्ष 23 -24 में भारत की विकास दर 7.3 प्रतिशत रहने की बात है. विदेशी मुद्रा भंडार 2759 अरब डॉलर के 23 माह के उच्चतम स्तर पर है. निर्यात के बढ़ावा देने के लिए विशेष पग उठाए जा रहे हैं. आयकर विवरण भरने का रिकार्ड बना है. वर्ष 2024 के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार में एफपीआइ ने 4773 करोड़ रुपए का निवेश किया है. उनका आरंभिक रुख सकारात्मक है. अदानी पर भी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय उनके पक्ष में ही आया है. गिरावट पर खरीदारी करें. उचित मूल्यांकन पर मिल रहे शेयरों में ही निवेश करें.

## रिलायंस खोलेगी अब डेटा सेंटर : मुकेश अंबानी

एजेंसी। चेन्नई

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कनाडा की ब्रुकफील्ड के साथ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी. रिलायंस ने पिछले साल जुलाई में एक मौजूदा संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के लिए करीब 378 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसमें ब्रुकफील्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और अमेरिका के रियल्टी एस्टेट निवेश ट्रस्ट डिजिटल रियल्टी पहले से ही भागीदार थे.

इन तीनों की इस उद्यम में 33-33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है. 'तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका समूह नवीकरणीय ऊर्जा तथा हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ राज्य में एक डेटा सेंटर स्थापित करने में भी निवेश कर रहा है. उन्होंने कहा कि रिलायंस ने अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कनाडा की ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और अमेरिका स्थित डिजिटल रियल्टी के साथ साझेदारी की है. डेटा सेंटर अगले सप्ताह खोला जाएगा. भारतीय डेटा सेंटर बाजार हाल के महीनों में गौतम अडाणी के अडाणी समूह और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल लिमिटेड के बाद अब रिलायंस के प्रवेश के साथ गर्मा गया है. इसके सालाना 40 प्रतिशत की दर से बढ़ने और 2025 तक पांच अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने की उम्मीद है. व्यक्तिगत डेटा के बढ़ते स्थानीयकरण, डिजिटल सेवाओं तक बढ़ती पहुंच और अन्य चीजों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी डेटा-गहन प्रौद्योगिकी अपनाने से भारत में डेटा सेंटर और कंप्यूट क्षमता की आवश्यकताएं बढ़ने वाली हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन, लोगों ने जताया शोक

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार एरिया के राजधर साईडिंग मे कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मोहम्मद पप्पू का रांची के एक अस्पताल मे निधन हो गया.बताया जाता है कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और रांची के आर्किड अस्पताल मे उनका ईलाज चल रहा था.इसी दौरान इलाज के क्रम में बीती रात उनका निधन हो गया.वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गावं का निवासी था.उनके निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने दुख प्रकट किया है.

### धगजीवन में ट्रेन से कट कर अधेड़ की मौत

**ओरमांझी।** सदमा पंचायत के धगजीवन रेलवे पटरी में कटकर 43 वर्षीय युवक की मौत हो गई. ट्रेन से कटने से युवक का सर धड़ से अलग हो गया था. घटना रविवार की दोपर 1:05 बजे की है. हादसा की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी. घटना की जानकारी होते ही स्थानीय औरमांझी पुलिस टीम मौके पर पहुंची. शव को पटरी से हटाकर खोजबीन करने लगे, मृतक युवक के जेब से युवक का पता और फ़ोटो मिला मृतक युवक की पहचान मेसरा ओपी थाना क्षेत्र के होम्बई गांव के सहदेव करमाली के रूप में हुई.

### 22 जनवरी को दीपदान कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान

**चान्हो।** 22 जनवरी को अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर में भूतल गर्भगृह में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. इसे लेकर पूरे देश भर में तैयारी चल रही है. तैयारियों की कड़ी में चान्हो प्रखंड पीछे ना रह जाए,इसे लेकर मेयर आशा लकड़ा व युवा नेता सन्नी टोप्पो एवम जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने आम लोगों से आग्रह किया है कि, 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी जाति एवं धर्म के अपने घरों में स्वागत स्वरूप दिवाली की तरह दिए जलाएं.

### दो माह का अमीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ उदघाटन

**बुढ़मू।** सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान के तत्वावधान में बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय में अमीन प्रशिक्षण का उदघाटन रविवार को किया गया. दो माह के प्रशिक्षण का उदघाटन उपप्रमुख हरदेव साहु, मुखिया तारा देवी,प्रशिक्षक महादेव कुमार साहु ने किया. मौके पर उपप्रमुख ने कहा कि अमीन प्रशिक्षण लेने से प्रशिक्षणार्थी स्वावलंबी बनेंगे. पहले चरण में 60 युवक युवती प्रशिक्षण ले रहे हैं. मौके पर जहरुद्दीन अंसारी,प्रकाश महतो,गोवर्धन लोहरा समेत अन्य मौजूद थे.

### बचरा द. पंचायत में मतदाता पुनरीक्षण शिविर का आयोजन

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक शिविर का आयोजन किया गया . शिविर में पंचायत सचिवालय में मतदाता पहचान पत्र पुनरीक्षण का कार्य,नए मतदाताओ के नाम जोड़ने आदि कार्य संपन्न कराए गए .मतदाता पहचान पत्र के कुल 45 आवेदन प्राप्त किए गए. मतदाता पुनरीक्षण शिविर की अध्यक्षता बचरा द पंचायत मुखिया रीना देवी ने की. मुख्य रूप से बीएलओ गीता देवी बाला कुमारी शीला देवी डॉली कुमारी आदि शामिल थे.

### आजसू महिला प्रभारी का चयन किया गया

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के महेशपुर गांव में राहे आजसू महिला कमिटी के द्वारा बैठक आयोजित किया गया. बैठक में राहे पंचायत के लिए प्रभारी चयन करने का प्रस्ताव पारित हुआ. सर्वसम्मति से देवयानी शाहा एवं मंजुड़ा देवी का चयन राहे पंचायत प्रभारी के रूप में किया गया. बैठक में महिला प्रखंड अध्यक्ष मीरा महतो, कोषाध्यक्ष नीता देवी, ग्राम प्रभारी यशोदा देवी, करुणा देवी, जयंती देवी, बीना देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, पार्वती देवी आदि मौजूद थी.

### पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू भेलवाटांड़ मैदान में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन रविवार को किया गया. उदघाटन आजसू के प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर,कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठा,मुखिया पूजा किस्पोट्टा, समाजसेवी राजू नायक ने किया. मौके पर हसनैन अंसारी,मतीउर रहमान,फलिंद्र मुंडा समेत अन्य मौजूद थे.

देगादाड़ी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बन रही घटिया सड़क, कोई सुनने वाला नहीं

# सड़क निर्माण में संवेदक बरत रहे भारी अनियमितता

**संवाददाता। तमाड़**



प्रखंड के देगादाड़ी में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बन रही सड़क पर संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है. साथ ही बाल मजदूर से कार्य करवाया जा रहा है.देगादाड़ी के ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक तथा संबंधित अधिकारी को बार बार बोलने पर भी उनके कानों तक जूं नहीं रेंग रही है. उनका कहना है कि संवेदक द्वारा सामने के नदी से पत्थर चोरी कर बन रहे गार्डवाल पर लगाया जा रहा है.इतना ही नहीं मजदूरी बचाने के लिए बाल मजदूरों को सड़क निर्माण कार्य पर लगाया जा रहा है. ग्रामीण ने इसकी शिकायत स्थानीय मुशी एव विभागीय इंजीनियर को करने पर उल्टा ग्रामीणों को नेतागिरी न करने को कहा जाता है. स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने झंटगांव एवं ऐदलपीड़ी मोड पर दो अलग-अलग सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया.सबसे पहले दिऊड़ी से दलभगा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई लगभग 15.90 किलोमीटर का शिलान्यास झटगांव में एवम पुण्डीदीरी से बधाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई 3.800 किलोमीटर का शिलान्यास ऐदलपीड़ी मोड में किया. दोनों सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 12 करोड़ रूपया की लागत से कराया जाना है. इससे पूर्व दोनों जगहों पर विधायक का स्वागत ढोल नगाड़े के साथ जोरदार ढंग से किया गया. इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ,अरविंद यादव, मुखिया कमलेश मुंडा, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, शंकर सोनी, सुरेन्द्र साहु समेत सैकड़ो समर्थक के उपस्थिती कार्य गुणवत्ता के साथ करने का आदेश विधायक द्वारा दिया गया था. मगर ग्रामीणों का आरोप है कि आठ फीट गहरे गड्ढा में मिट्टी भर कर रोलिग नहीं किया गया और ऊपर से पीसीसी पथ का निर्माण जबरन कर दिया गया. जिससे ग्रामीण काफी खपा है. इस संबंध में पथ विभाग के एस डी ओ अजय राम का कहना है कि सड़क निर्माण का कार्य बेहतरीन ढंग से किया जा रहा.जिसे जो करना है करें. साथ ही पत्रकार को जो लिखना है लिखें. कोई फर्क नहीं पड़ता है.

**खास बातें**

- नदी से पत्थर निकालकर गार्डवाल पर लगाया जा रहा
- ग्रामीणों की शिकायत करने पर लगायी जाती है फटकार

खराब मौसम पर भारी पड़ी साईं भक्तों की श्रद्धा और आस्था

# लापुंग के साईं मंदिर के महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**संवाददाता। लापुंग**



चली आज धुमधाम से पालकी यात्रा शिरडी वाले साईं की.....तथा ... श्रद्धा सबुरी के दीप जला लो अपने साईं बाबा को मन में बसा लो ...... जैसे साईं भजनों और साईं मंत्रोच्चार से लापुंग का प्रसिद्ध सरसा साईं मंदिर गुंजायमान रहा. लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध सरसा साईं मंदिर में नववर्ष 2024 के पहले रविवार को श्री साई सेवा समिति एवं साईं परिवार रांची के तत्वधान में साईं महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. साईं महोत्सव के दौरान खराब मौसम कोहरे और कुहासे के ऊपर साईं भक्तों की श्रद्धा और भक्ति भारी पड़ी . साईं महोत्सव के दौरान साईं मंदिर में हजारों की भीड़ उमड़ी . महोत्सव का शुभारंभ कोहरे एवं कुहासे के बीच सुबह 5:00 बजे बाबा की काकड़ आरती से की गई वहीं सात बजे बाबा का पंचामृत,दूध, दही, घी, मधु और पवित्र जल के साथ बाबा का अभिषेक एवं मंगल स्नान किया गया. दिन के 12:00 बजे मध्याह्न आरती का भव्य आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा. साईं महोत्सव के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी विभीषण पांडेय एवं पंच्याक्षरी स्वामी सहित जगेश्वर भगत के द्वारा विधि पूर्वक साईं बाबा की पूजा अर्चना किया और हजारों श्रद्धालुओं को उन्होंने बाबा का दर्शन कराया .

### जागरण मंडली ने भक्तों को देर तक झुमाया

इस मौके पर साईं मंदिर में ओम साईं नमो नम: श्री साईं नमो नम: जय-जय साई नमो नम: के जाप से गूंज उठा. गिरिडीह के प्रसिद्ध भजन गायक आनंद पाठक की टीम सहित दुर्गा जागरण मंडली राधा कृष्ण मंदिर रातु रोड के प्रसिद्ध भजन गायक चंदन जी सरदाना ,केशर जी बवरेजा, मनोज किंकर, गौरी शंकर, सुशील,प्रवीण घई, नरेश खत्री, विनीत अरोड़ा,पवन सहित कई लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया. श्रद्धालुओं ने अखंड धूनी की परिक्रमा की और पीपल के पेड़ पर जल व नारियल फोड़ेते देखा गया.



### भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण

इस अवसर पर साईं बाबा के महाप्रसाद के रूप में दो हजार किलो चावल, दो हजार किलो सब्जी एक हजार किलो दाल से बाबा की खिचड़ी, चावल दाल, सब्जी, खीर का प्रसाद बनाकर बाबा को भोग लगाया गया. थाना प्रभारी ने श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया. संध्या 5 :00 बजे धूप आरती और रात्रि 10 :00 बजे सेज आरती के साथ साईं महोत्सव का समापन किया गया. महोत्सव को सफल बनाने में श्री साई सेवा समिति रांची के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, अंकज सेठ, प्रशांत पॉल, संजय साहु, अजय चौधरी, सुरेश मालाकार, पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, मंदिर के प्रबंधक मनोज उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई .

### चोरी कर भाग रहे हाइवा को पकड़ा, दो गिरफ्तार

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली पुलिस ने तेज गति से भाग रहे हाइवा को पकड़ लिया.चालक और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है. ये लोग इस हाइवा को ओडिशा के बड़बिल से चोरी करके भाग रहे थे. पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है. थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि जांच चल रही है आशंका है कि इस घटना में वाहन चोरी करने वाले बड़े गिरोह भी शामिल हो सकते हैं. जानकारी के मुताबिक यह हाइवा बड़बिल में आयरन माइंस में चलता है. इस हाइवा को इसके चालक ने शाम को काम समाप्ति के बाद गैरेज में खड़ा करके खाने चला गया था. खाना खाकर आने के पश्चात हाइवा अपने जगह से गायब मिला तो उसने इसकी सूचना अपने मालिक और मैनेजर को दी.

### बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**लापुंग।** लापुंग प्रखण्ड में बिरसा किसान रथ यात्रा का शुभारंभ कांग्रेस के युवा अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सह कृषक मित्र जन्मेंजय पाठक प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता एवं बी टी एम मोहन प्रजापति ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर बिरसा किसान रथ यात्रा को रवाना किया. इस दौरान सभी कृषक मित्रों ने अहम भूमिका निभाई तथा किसानों को रथ यात्रा द्वारा झारखंड सरकार के द्वारा चलाई गई हर योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान कृषक मित्र महावीर साहू, अजय साहू, धनेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, दुवराज साहू, अजय साहू, सुखु लोहरा तथा विभिन्न गांवों के किसान एवं जनप्रतिनिधि दुर्गा नाथ पाईक चरकु भगत डब्लू साहु, शुभम कुमार साहु भूमिका निभाई.

## विल्स प्रीमियर लीग का आगाज



**संवाददाता। कांके**

आईपीएल की तर्ज पर टी 10 विल्स प्रीमियर लीग सीजन 5 विल्स क्लब के सौजन्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को वेटनरी मैदान में उत्साह के साथ उद्घाटन हुआ. प्रतियोगिता का आगाज मुख्य अतिथि भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के बेस्ट सेंट्रल रेलवे के जोनल सेक्रेटरी राजू कुमार शर्मा व विशिष्ट तिथि वाइस प्रेसिडेंट शाहिद अफरीदी, साउथ ईस्टर्न रेलवे के प्रेसिडेंट नेसार अहमद बॉल को बल्ला से मारकर किया गया. उद्घाटन करते हुए अतिथियों ने क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए इस नई पहल की सराहना की. सभी ने आयोजनकर्ताओं और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया. इस दौरान राजू कुमार शर्मा ने सभी को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा दी. मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष मो इमरान, वसीम अंसारी, अजय कुमार गौतम, नफीस अख्तर, महमूद आलम ने आयोजन संबंधी व्यवस्थाएं संभाली. मैच की कमेंट्री व मैच का संचालन नफीस अख्तर ने किया.

### जेपीएस स्कूल में राजो देवी की पुण्यतिथि मनायी गयी

**डकरा।** श्रीमति राजो देवी सोशल एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्यों ने झारखंड पब्लिक स्कूल में एक सादे समारोह का आयोजन कर राजो देवी की पुण्यतिथि मनाईइस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. इस दौरान विद्यालय के निदेशक अभिषेक कुमार ने कहा यह विद्यालय ट्रस्ट राजो देवी सोशल एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा संचालित है.. अभिषेक ने बताया ट्रस्ट ब्लड डोनेशन कैम्प एवं निर्धन बच्चों की मुफ्त शिक्षा पर काम कर रहा है. इस मौके पर मौके पर नीरज सिन्हा,नीना सिन्हा,ज्योति चौहान ,अभिषेक चौहान, किरण देवी, राजेश कुमार, महेंद्र चौहान, साजिया परवीन, अनुष्का कुमारी, प्रिया कुमारी,मुकेश पासवान ,रमेश महतो, संदीप महतो, नाज़िया परवीन, किरण कुमारी, फरीदा खातून ,मनोज चौहान आदि उपस्थित थे.

## विहिप व बंजरग दल ने ओरमांझी में घर-घर जाकर बांटा पूजित अक्षत



**संवाददादाता। ओरमांझी**

रविवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल व मातृ शक्ति ओरमांझी के नेतृत्व में दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में अयोध्या से आएं पुनित अक्षत को लेकर गाजे बाजे के साथ महावीर हाथों में लेकर राम भक्तों की टोली के साथ भगवान गणेश व कार्तिक का वेशभूषा धारण किए. बच्चे जय श्री राम के जय कारे लगाते ओरमांझी गांव के सभी गली टोला में पहुंचकर लोगों को अक्षत देकर अयोध्या में 22 जनवरी को अपने घरों व आस पास साफ सफाई कर घरों में दिए जलाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया . इस कार्यक्रम में विहिप ओरमांझी प्रखंड मंत्री शशि मेहता, बजरंग दल कामेश्वर महतो व मातृ शक्ति के ललीता मेहता, गिरधारी महतो, मुखिया दीपक बडाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, संतोष कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, दिलीप मेहता, छाया देवी, सोनी देवी, गीता देवी , दालेश्वरी देवी, ममता देवी, कविता देवी, उषा देवी, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

**अजब प्रेम की गजब कहानी** कड़ाके की ठंड में रात भर दरवाजे पर बैठी रही, शादी करने की जिद

# प्रेमी के दरवाजे पर 24 घंटे से धरने पर बैठी प्रेमिका

**संवाददाता। तोपचांची**




आपने कई बार अनोखी लव स्टोरी सुनी होगी, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका साथ रहने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हो रहते हैं. कभी कोई सात समुद्र पार कर अपने प्यार के लिए आता है तो कभी कोई घर छोड़ कर भाग जाता है ताकि उसे प्यार मिल सके. वहीं, तोपचांची थाना से एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जहां अपने प्यार को पाने के लिए गर्लफ्रेंड अपने ब्वॉयफ्रेंड के घर के बाहर जाकर ही धरना पर बैठ गई.

तोपचांची थाना अंतर्गत रामाकुंडा के आमटांड में एक 20 वर्षीय युवती एक घर के दरवाजे पर धरने पर बैठी हुई है. युवती के धरने के लगभग 24 घंटे बीत चुके हैं. युवती से इस बाबत जब जानकारी ली गयी तो उसने बताया कि तोपचांची थाना क्षेत्र के आमटांड निवासी युवक रोहित कुमार जिससे उसका पिछले जनवरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था.

**प्यार पाने के लिए धरने पर बैठी गर्लफ्रेंड :** इस कड़ाके की ठंड में भी युवती रातभर उसके दरवाजे पर ही बैठी है और रोहित के घरवालों ने अबतक युवती के लिए दरवाजा नहीं खोला है और ना ही उसकी सुध ली है. वहीं युवती ने बताया कि स्थानीय तोपचांची थाना में नवंबर माह में शिकायत की गई थी, तब थाने के द्वारा शादी को लेकर फैसला किया गया, परन्तु लड़का का परिवार शादी से इन्कार कर दिया.

इस कारण वो धरने पर बैठी है. युवती ने बताया कि शादी की झांसा देकर रोहित ने कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया था लेकिन अब शादी करने से इनकार कर रहा है.उसने बताया कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता है धरने पर यूं ही बैठी रहूंगी, न्याय का इंतजार करूंगी.

### लड़के की मां ने कहा- नहीं होगी शादी



धरने पर बैठी युवती ने बताया कि वर्ष 2017 में हमारी जबरन शादी करवा दी गयी थी, परन्तु शादी की कुछ माह के बाद लड़का किसी अन्य लड़की के साथ शादी करके भाग गया. इधर लड़के के मां अंजनी देवी ने बताया कि इससे पूर्व कई बार शादी कर चुकी है प्रत्येक बार शादी करके लड़कों का इस्तेमाल करती है मैं अपने लड़के का भविष्य इस लड़की के साथ खराब नहीं करूंगी. यह शादी नहीं होगी.

## न्यूज अपडेट

### घासी राम महली स्मारक समिति की संयुक्त बैठक



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड के करकट गांव में महाकवि घासीराम महली की0 165वीं जयंती समारोह 17 जनवरी को धूमधाम से मनायी जाएगी. महाकवि के मेला को लेकर आयोजक समिति की बैठक हुई. बैठक में मेला कमिटी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि ऐतिहासिक महाकवि घासीराम महली का 165वीं जयंती 17 जनवरी को भव्य रूप से आयोजित होगी. मेले में परंपरागत सांस्कृतिक प्रतियोगिता,प्रचार प्रसार के पुनर्निर्माण आदि की उपस्थिति सहित अन्य तैयारियों को लेकर गहन रूप से चर्चा की गयी. इस मौके पर प्रखंड प्रमुख होलिका देवी ,डॉ उमेश नन्द तिवारी ,देवेन्द्र महली ,जय प्रकाश महली व अन्य उपस्थित हुए.

### पूजित अक्षत कलश का 17 पंचायतों के बीच हुआ वितरण



**बेड़ो।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से निमंत्रण हेतु आए पूजित अक्षत कलश का वितरण रविवार को महादानी मंदिर परिसर में प्रखंड के हिंदू जागरण मंच सदस्यो के द्वारा प्रखंड के 17 पंचायतों के रामभक्त के बीच में वितरण किया गया. अक्षत कलश का वितरण जरिया, नेहालु समेत कई पंचायत के बीच हुआ. इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रंजीत खत्री, विकास सिंह, विश्व हिंदू परिषद के शशि गोप, बालक गोप, मुकेश गोप, पवन बड़ाईक समेत दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे.

### विश्वकर्मा समाज का मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन



**पिपरवार।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति खलारी पिपरवार कि बैठक सह मिलन समारोह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन मानकी दामोदर नदी तट पर रविवार को किया गया. जिसमे खलारी,बहेरा,डकरा,राय बचरा, आदि क्षेत्र के विश्वकर्मा एवम राणा समाज के लोग शामिल हुए. बैठक सह मिलन समारोह की अध्यक्षता रामजीवन शर्मा एवं संचलन अजय विश्वकर्मा ने किया. बैठक के उपरांत सर्व सहमति से अखिल भारतीय विश्वकर्मा समाज समन्वय समिति से पुनर्गठन किया गया. इस मौके पर अजय विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा,संतोष विश्वकर्मा,राहुल विश्वकर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में कई लोग उपस्थित थे.

### ठाकुरगांव में अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का वितरण



**बुढ़मू।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित श्री राम मंदिर के उदघाटन कार्यक्रम को लेकर ठाकुरगांव व आसपास के क्षेत्रों में रविवार को अक्षत व निमंत्रण पत्रिका वितरण किया गया. मौके पर भाजपा के बैठक एवं कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश,भाजपा मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव के नेतृत्व में घर घर अक्षत वितरण किया गया. मौके पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने लोगों से 22 जनवरी के पश्चात अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करने का आह्वान किया. 21 जनवरी को नगर भ्रमण तथा 22 जनवरी को सभी मंदिरों में संध्या आरती,भजन कीर्तन समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया.

### भाजपा कार्यकर्ता नववर्ष मिलन समारोह में हुए शामिल



**पिपरवार।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के डेमोटांड स्थित ऋषभ वाटिका आवास पर नववर्ष कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन में पिपरवार भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के साथ कई कार्यकर्ता हुए शामिल. इस मौके पर उपस्थित टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात की. अभिवादन कर उनका स्वागत किया. इस दौरान प्रमुख रीना कुमारी एवं मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने पिपरवार क्षेत्र के कई ज्वलंत समस्याओं को उनके समक्ष रखा. जिसमें उन्होंने कारों से लेकर चौकीटांड होते हुए दो मोहन की रोड एवं पुल बनवाने की मांग की .

### रानी खटंगा पंचायत में जल जीवन मिशन योजना का शिलान्यास



**इटकी।** रविवार को रानी खटंगा पंचायत में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर जल नल जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से नारियल फोड़कर व शीलापट से पर्दा हटाकर मुखिया राजेन किस्पोट्टा पंचायत समिति सदस्य रांथु मिंज ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर प्रमुख किरण उरांव ,अबु माज, सुनील मिंज, बलराम गोप ,उरूज अंसारी , ताहिर अंसारी, लखन लकड़ा, रहमान अंसारी, मंजर अंसारी, मोहित गोप, शक्ति, मगदली मिंज, सूरज, अनिल सहित ग्रामीण उपस्थित थे .

### चटकपुर में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित



**नामकुम।** रविवार को प्रखंड के चटकपुर गांव में भाजपा कार्यकर्ता मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन अनुसूचित जाति ग्रामीण मंत्री अशोक नायक का नेतृत्व में किया गया । मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी रहें जिन्होंने अपने सम्बोधन में बताया कि देश की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व में देश विश्व का 5वां सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है 2047 तक भारत विश्व का विकसित देश बन जायेगा विश्व का तीसरा सबसे सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जायेगा उस दिशा में केंद्र की सरकार काम कर रही है .

आपका स्वागत है..

## चिली की टीम पहुंची रांची सेल्फी की मची होड़



**रांची।** रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन किया जा रहा है. ओलंपिक में जगह बनाने की उम्मीद से एक-एक करके टीम का रांची आना शुरू हो गया है. चिली महिला हॉकी टीम रविवार को रांची पहुंची. उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. सह-कप्तान कमीला कराम व मानुएला उर्रोज के नेतृत्व में व हेड कोच सेर्जियो विगिल के मार्गदर्शन में चिली ने अंतरराष्ट्रीय मैदान पर अपनी पहचान बनाने का लक्ष्य बनाया है.

आओ जानें

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर

### जानें कब कौन सी टीम करेगी प्रैक्टिस

- **7 जनवरी :** चेक 11:30 से 1:30, यूएसए 2:30 से 4:30, जर्मनी – 4:30 से 6, चिली – 6 से 7:30, इटली – 7:30 से 9
- **8 जनवरी :** जर्मनी – 8 से 9:30, इंडिया – 9:30 से 11, इटली – 10 से 11:30, यूएसए – 1 से 2:30, चिली – 2:30 से 4, जर्मनी – 4 से 5:30, जापान – 5:30 से 7, न्यूजीलैंड – 7:30 से 8:30, इटली – 8:30 से 10
- **9 जनवरी :** न्यूजीलैंड – 8:30 से 10, इंडिया – 9 से 10:30, जर्मनी – 10 से 11:30, चेक – 11:30 से 1, जापान – 1 से 2, चिली – 3:30 से 5, चेक – 3:30 से 5,
- **10 जनवरी :** इंडिया – 10 से 12, जर्मनी – 10 से 11, चेक 11 से 12:30, यूएसए – 12 से 1:30, इटली – 3 से 4, जर्मनी – 4 से 5:30, जापान – 7 से 8:30
- **11 जनवरी :** चिली – 10:30 से 12, जापान – 3 से 4:30, यूएसए – 4:30 से 6
- **12 जनवरी :** चेक रिपब्लिक – 9 से 10:30, इंडिया – 10:30 से 12, जर्मनी – 12 से 1:30, चिली – 1:30 से 3, जापान – 3 से 4, यूएसए – 3 से 4, इटली – 5 से 6:30, न्यूजीलैंड – 6:30 से 8
- **13 जनवरी :** इंडिया 7:30 से 9
- **प्रैक्टिस मैच : 8 जनवरी :** चिली बनाम यूएसए – 11:30 से 1
- **9 जनवरी : जापान बनाम यूएसए – 2 से 3:30, इंडिया बनाम जर्मनी – 5 से 7, चिली बनाम इटली – 7 से 8:30**
- **10 जनवरी :** चिली बनाम न्यूजीलैंड – 5:30 से 7
- **11 जनवरी :** जापान बनाम इटली 1:30 से 3, इंडिया बनाम चेक 6 से 8

### ब्रीफ खबरें

#### अबरार पर कार्रवाई कर सकता है पीसीबी



**कराची।** पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चिकित्सा टीम के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लेग स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई कर सकता है. अबरार तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे. अबरार तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे.

#### रियाल व एटलेटिको मैड्रिड अंतिम 16 में

**मैड्रिड।** रियाल मैड्रिड ने चौथे डिविजन के क्लब अरंडिना को आसानी से 3-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया. मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा. उसकी तरफ से जोसेलु, ब्राहिम डियाज और रोड्रिगो ने गोल किए. रियाल मैड्रिड के डिफेंडर नाचो फर्नांडीज ने अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल करके उसका खाता खोला. एटलेटिको मैड्रिड की अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहा.

#### ख्वाजा की अपील खारिज की गयी

**मेलबर्न।** आर्मबैंड (काली पट्टी) पहनने के कारण लगे प्रतिबंध के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की अपील को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खारिज कर दिया. यह दावा सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक रिपोर्ट में रविवार को किया गया. ख्वाजा ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दौरान गाजा में इस्राइल और फिलीस्तीन के बीच चल रहे संघर्ष से प्रभावित होने वाले बच्चों के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधी थी.

#### अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के तहत विश्राम



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में विश्राम दिया गया था. ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में शनिवार को पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया.

#### रोस ब्रांच ने जीता डकार रैली का पहला चरण

**अल हिनाकिया (सऊदी अरब)।** हीरो मोटोस्पोर्ट्स के राइडर रोस ब्रांच ने डकार रैली के बाइक वर्ग का पहला चरण शनिवार को यहां अपने नाम कर इतिहास रचा. ब्रांच की इस जीत से भारतीय बाइक निर्माता कंपनी पहली बार डकार रैली में किसी चरण की तालिका के बाद शीर्ष स्थान पर पहुंच गयी. डकार रैली का यह 46वां सत्र है. दुनिया के सबसे मुश्किल रैली रेस में से एक डकार रैली के बाइक वर्ग में 136 राइडर ने अल उला से अल हिनाकिया के बीच हुए पहले चरण में भाग लिया.

प्रतियोगिता संपन्न : ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट

# रयबाकिना-दिमित्रोव चैंपियन

**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

ऐलेना रयबाकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता. दूसरी वरीयता प्राप्त रयबाकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने करियर का छठा खिताब जीता और ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया. इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जो सात मुकाबले हुए थे उनमें से पांच में सबालेंका ने जीत दर्ज की थी, लेकिन रविवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी रयबाकिना के ग्राउंडस्ट्रोक्स का उनके पास कोई जवाब नहीं था.

सबालेंका ने पिछले साल रयबाकिना को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था, लेकिन यहां पहले सेट में उन्होंने अपनी तीन सर्विस गंवाई. रयबाकिना ने पहला सेट केवल 24 मिनट में जीता. रयबाकिना ने दूसरे सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने तुरंत ही अगले गंम में ब्रेक प्वाइंट लेकर हिसाब बराबर कर दिया. इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया.



### विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह करियर का नौवां खिताब


पुरुष एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता. यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी. पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला. दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया. उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रून की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता. विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह करियर का नौवां और 2017 में एटीपी फाइनल्स के बाद पहला खिताब है.

## चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे राफेल नडाल

**एजेंसी। मेलबर्न (आस्ट्रेलिया)**

- आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा


राफेल नडाल ने चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया, जबकि उन्होंने 12 महीने तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी में केवल एक ही टूर्नामेंट खेला था. नडाल ने कहा कि उन्हें अपने सर्जरी हुए कूल्हे की चिंता है, क्योंकि शुक्रवार को ब्रिसबेन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले के तीसरे सेट में उन्हें 'मेडिकल टाइम आउट' लेना पड़ा था, जिसमें वह जोर्डन थाम्पसन से हार गये थे. इस 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा था कि उन्हें शुरू में 'टेंडन मुद्दे' के बजाय यह मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या लगी थी. पिछले साल इसी दौरान उन्हें 'टेंडन' की समस्या से काफी दर्द झेलना पड़ा था. लेकिन उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेलबर्न से आने के बाद हुए स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशी में एक छोटा सा घाव है और इसके उपचार के लिए वह वापस स्पेन जा रहे हैं.



उन्होंने 'एक्स' पर कहा, इस समय मैं उच्चतम स्तर के पांच सेट के मैच में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं हूं. नडाल ने कहा, मैंने इस वापसी के लिए पूरे साल बहुत कड़ी मेहनत की थी और जैसा कि मैंने हमेशा जिक्र किया है कि मेरा लक्ष्य तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचने का है. उन्होंने कहा, मेरे लिए दुखद खबर है कि मैं मेलबर्न में दर्शकों के सामने नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत बुरी खबर भी नहीं है क्योंकि हम सत्र के लिए सकारात्मक बने रहेंगे.

## भारत विदेशों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली सर्वश्रेष्ठ टीमों से एकः अश्विन

**भाषा। नयी दिल्ली**



दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान की भारत को 'अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली टीम' की टिप्पणी खारिज करते हुए कहा कि भारतीय टीम समकालीन क्रिकेट में विदेशों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल है. वान ने हाल में कहा था कि भारतीय क्रिकेट टीम के पास जितने संसाधन हैं, उसे देखते हुए उसको विशेषकर आईसीसी की प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था. अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, माइकल वान ने हाल में बयान दिया था कि भारतीय टीम अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई है. यह सही है कि हमने पिछले कुछ समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है और हम खुद को इस खेल की महाशक्ति मानते हैं, लेकिन यह सिक्के का एक पहलू है. उन्होंने कहा, वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है. हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं. वान की टिप्पणी के बाद हमारे देश के ही कई विशेषज्ञ इस पर चर्चा करने लग गए थे कि क्या भारत अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम है.

## रोहित शर्मा और कोहली की भारतीय टी20 टीम में वापसी

**भाषा। नयी दिल्ली**

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है. इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है.

समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था. रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था. भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी. श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः इंदौर और बेंगलुरु में खेला जायेगा.

**भारतीय टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमा.

# 'कम मैच के लिए टी20 जिम्मेदार'

### दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रखी राय

**भाषा। डरबन**

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स इस बात से खफा हैं कि हाल में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच समाप्त हुई श्रृंखला में केवल दो टेस्ट मैच ही खेले गये, जिसके लिए उन्होंने दुनिया भर में धड़ल्ले से चल रही टी20 लीग को जिम्मेदार ठहराया. डिविलियर्स ने बड़ी श्रृंखला की वकालत करते हुए कहा कि अगर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम का पता करना है तो 'कुछ तो बदलना होगा'. भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली गयी टेस्ट श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर छूटी जिसमें मेजबान टीम ने सेंचुरियन में शुरुआती टेस्ट पारी और 32 रन से जीता जबकि मेहमान टीम ने केप टाउन में सात विकेट से दूसरा टेस्ट मैच जीता.

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मैं इससे खुश नहीं हूं कि श्रृंखला में तीसरा टेस्ट नहीं था. आपको इसके लिए टी20 क्रिकेट को



जिम्मेदार ठहराना होगा, जो दुनिया भर में खेली जा रही हैं.उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि किसे दोषी ठहराया जाये लेकिन मैं समझता हूं कि कुछ तो गलत है. अगर आप सभी टीमों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखना चाहते हो और दुनिया में कौन सर्वश्रेष्ठ टीम है, यह देखना चाहते तो कुछ तो बदलाव करना होगा. दक्षिण अफ्रीका अब फरवरी में न्यूजीलैंड का दौरा करेगी जो भी दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ही होगा, लेकिन जब क्रिकेट

**खास बातें**

- भारत-अफ्रीका टेस्ट सीरीज में खेले गए सिर्फ दो मैच
- एबी डिविलियर्स ने भी बड़ी श्रृंखला की वकालत की

दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम की घोषणा की तो सभी काफी हैरान हो गये क्योंकि इसमें 'अनकैप्ड' (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) नील ब्रांड टीम की अगुआई करेंगे. इस श्रृंखला की तारीखें एसए20 लीग (दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग) के दूसरे चरण के साथ पड़ रही हैं, जो 10 जनवरी से 10 फरवरी के बीच खेली जाएगी.

डिविलियर्स को लगता है कि टेस्ट क्रिकेट दबाव में है और उन्हें स्वीकार किया कि खिलाड़ी, और कोच उन्हीं टूर्नामेंट को चुनेंगे जिसमें अच्छी धनराशि मिल रही है.

#### यशस्वी को काफी मौके मिलेंगे : सौरव गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली को शामिल करने का समर्थन किया. इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है, पर दोनों ने खुद को खेल के सबसे छोटे प्रारूप के लिए उपलब्ध बताया है, जिससे यह देखना होगा कि उन्हें 11 जनवरी से मोहाली में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चुना जाता है या नहीं. गांगुली ने कहा, निश्चित रूप से रोहित को टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में टीम की कप्तानी करनी चाहिए. विराट कोहली को भी टीम में होना चाहिए. विराट शानदार खिलाड़ी हैं. 14 महीने बाद वापसी करने से कुछ नहीं होगा. टी20 विश्व कप में 10 नवंबर को इंग्लैंड से सेफा में भारत की हार इन दोनों खिलाड़ियों का छोटे प्रारूप का अंतिम मैच था.



## इगा स्वियातेक ने कर्बर को हराया

**सिडनी।** शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने रविवार को यहां यूनाइटेड कप फाइनल में एंजेलिक कर्बर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज करके जर्मनी के खिलाफ पोलैंड की टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी. चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पोलैंड की खिलाड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में कर्बर को 6-3, 6-0 से हराया. इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम ने इस मिश्रित (पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संयुक्त टीम) टूर्नामेंट के मैचों में अपने लगातार जीत के रिकॉर्ड को सुधार किया. टीम की यह 12वीं जीत है. अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद वापसी कर रही कर्बर ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की अजला टोमलजानोविक के खिलाफ दो मैच प्वाइंट बचाए थे लेकिन वह स्वियातेक की कड़ी चुनौती से पार नहीं पा सकी. कर्बर ने शुरुआती सेट में कड़ी टक्कर दी लेकिन 22 वर्षीय स्वियातेक ने आठवें गेम को ब्रेक करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं दिखा. उन्होंने पहला सेट 48 मिनट में 6-3 से जीता. दूसरे सेट में कर्बर पोलैंड की खिलाड़ी को कोई टक्कर नहीं दे सकी.

दिल की बात | 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने सिडनी में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेला

# कोच बनना चाहते हैं वार्नर, कहा- जल्द खत्म होगी छींटाकशी

**भाषा। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर भविष्य में कोचिंग से जुड़ना चाहते हैं और उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में आपस में ड्रेसिंग रूम सजा करने के कारण अगले एक दशक के अंदर क्रिकेट से छींटाकशी समाप्त हो जाएगी. इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने शनिवार को सिडनी में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेला.

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया था.

**खास बातें**

- डेविड वार्नर पहले ही वनडे से रिटायरमेंट ले लिया था
- आखिरी मैच में वार्नर ने यादगार पारी खेली
- ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को आठ विकेट ने हराया

वार्नर पहले ही एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं लेकिन वह टी20 अंतरराष्ट्रीय और विश्व भर की टी20 लीग में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे.

### टीम में आया तो मेरा काम विरोधी खिलाड़ियों को परेशान करना



वार्नर ने 'फॉक्स क्रिकेट' से कहा, हां मेरी भविष्य में कोचिंग से जुड़ने की इच्छा है. पहले मुझे अपनी पत्नी से बात करनी होगी कि क्या मुझे कुछ और दिन तक घर से बाहर रहने की अनुमति है. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2018 में केपटाउन में गेंद से छेड़छाड़ करने के मामले से पहले विरोधी खिलाड़ियों के प्रति आक्रामक रवैया अपनाने के लिए जाना जाता था. ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रकरण के बाद अपनी खेल संस्कृति में बदलाव किया. इस सप्ताह के शुरू में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने दावा किया था कि वार्नर के करियर के शुरुआती दौर में कोचिंग स्टाफ ने उन्हें विरोधी खिलाड़ियों पर छींटाकशी करने के निर्देश दिए थे. वार्नर ने कहा, जब मैं टीम में आया तो मेरा काम विरोधी खिलाड़ियों को परेशान करना और जब वह बल्लेबाजी कर रहे हों तो उनका ध्यान भंग करना था. उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी टी20 लीग में खिलाड़ी विरोधी देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करते हैं, जिसके कारण छींटाकशी जल्द ही अतीत की बात बन जाएगी.

## जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों का चयन किया

**भाषा। नयी दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में साईं परिसर में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 41 सदस्यीय टीम घोषित की. हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन 2023 में घरेलू चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया. एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच तुषार खांडेकर के पास रिपोर्ट करनी होगी. शिविर छह फरवरी को समाप्त होगा.

खांडेकर ने कहा, खिलाड़ियों का चयन हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप, क्षेत्रीय चैंपियनशिप के अलावा इनके अन्य प्रदर्शन के आधार पर किया गया है.

**चुने गए खिलाड़ी इस प्रकार हैं:** गोलकीपरः विद्याश्री वी, अदिति माहेश्वरी, निधि, एंगिल हर्षरानी मिंज, डिफेंडरः लालथंटलुआंगी, नीरू कुल्लू, ममिता ओरम, थौंजाओजम निरुपमा देवी, ज्योति सिंह, अंजलि बरवा, पवनप्रीत कौर, पूजा साहू, मिडफील्डरः प्रियंका डोगरा, रजनी करकेट्टा, एफ लालबी अक्सियामी, मनीषा, निराली कुजूर, हिना बानो, क्षेत्रमयुम सोनिया देवी, अनिशा साहू, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेमा, सुप्रिया कुजूर, जयसिकदीप कौर, बिनिमा धान, हुदा खान, साक्षी राणा, फॉरवर्डः सोनम , संजना होरो, देचम्मा पीजी, इशिका, हिमांशी शरद गवांडे, कनिका सिवाच, निशा मिंज, यमुन्ना, गीता यादव, गुरमेल कौर, लालरिनपुई, मुनमुनी दास, अश्विनी पंजाब कोलेकर, सुनेलिता टोप्पो.

## चिल्लई कलां से जमी नदी



अनंतनाग जिले के चंदनवारी में जमी हुई जलधारा, कश्मीर के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे दर्ज किया गया, क्योंकि चिल्लई कलां का असर घाटी में दिख रहा है. फोटो : पीटीआई

# चीन ने अमेरिका की पांच रक्षा कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए

**भाषा। बीजिंग**

**खास बातें**

- बड़ी अमेरिकी रक्षा कंपनियों पर चीन ने लगाया बैन
- यूएस द्वारा हथियार पैकेज को मंजूरी देने के बाद चीन का फैसला

चीन ने ताइवान को हथियार बेचने और चीनी कंपनियों तथा नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के जवाब में अमेरिका की रक्षा से जुड़ी पांच कंपनियों पर रविवार को प्रतिबंध लगाए. विदेश मंत्रालय ने ऑनलाइन जारी किए एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधों से चीन में इन कंपनियों की संपत्ति कुर्क हो जाएगी और चीन में स्थित संगठन और लोगों के उनके साथ कारोबार करने पर मनाही होगी. जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें बीएई सिस्टम्स लैंड एंड आर्मामेंट, एलियंट टेकसिस्टम्स ऑपरेशन, एयरोविरोनमेंट वियासैट एंड डेटा लिंक सॉल्यूशंस शामिल हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के कदमों ने चीन की संप्रभुत्ता और सुरक्षा हितों को नुकसान पहुंचाया है, ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है और चीनी कंपनियों तथा नागरिकों के अधिकारों व हितों का उल्लंघन किया है. मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि चीन सरकार राष्ट्रीय संप्रभुत्ता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा और चीनी कंपनियों तथा नागरिकों के कानूनी अधिकारों और हितों की रक्षा के हमारे संकल्प पर अडिग है. चीन उसके पूर्वी तट पर स्थित स्व:शासित ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है.

### बांग्लादेश मतदान : विपक्ष के बहिष्कार के बीच 40 प्रतिशत मतदान

# हजारीबाग में दो देसी बम विस्फोट

**भाषा। ढाका**

बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए मतदान रविवार को जारी है. देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी अपना वोट डाला. माना जा रहा है कि वह चौथी बार सत्ता में वापसी कर सकती हैं. बांग्लादेशी अभिनेता और बांग्लादेश अवामी लीग के उम्मीदवार, फिरदौस अहमद ने भी पूरा विश्वास जताया है. छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी और उसके सहयोगियों के बहिष्कार के बीच बांग्लादेशी रविवार को आम चुनाव में वोट डालने के लिए कम संख्या में पहुंचे, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के मुताबिक, मतदान लगभग 40 प्रतिशत था, उन्होंने कहा कि अंतिम गिनती के बाद यह आंकड़ा बदल सकता है. मतदान ख़त्म होने से एक घंटे पहले चुनाव आयोग ने कहा था कि दोपहर 3 बजे तक 27.15% मतदान हुआ था. 2018 के आम चुनाव में कुल मिलाकर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था. मतदान के बीच ढाका के हजारीबाग में एक मतदान केंद्र के पास अज्ञात लोगों ने दो देसी बम विस्फोट किए. विस्फोट में एक बच्चे सहित चार लोग घायल हुए. घायलों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. शनिवार को कुछ अज्ञात लोगों ने चार मतदान केंद्रों सहित पांच प्राथमिक विद्यालय को आग के हवाले कर दिया. यह घटना चटगांव और गाजीपुर सिटी इलाके में हुई. वहीं, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियों ने चुनावों के बहिष्कार की घोषणा की है. मुख्य विपक्षी दल ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए छह जनवरी को सुबह छह बजे से आठ जनवरी सुबह छह बजे तक 48 घंटे की देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है.

**दो मतदान केंद्रों पर मतदान रद्द कर :** खबरों के अनुसार, नरसिंगडी में एक और नारायणगंज में दो मतदान केंद्रों पर मतदान रद्द कर दिया गया. निर्वाचन आयोग ने नरसिंगडी में चुनावी धांधली के आरोपों पर उद्योग मंत्री नुरुल माजिद महमूद हुमायूं के बेटे को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है.

**1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में :** देश के निर्वाचन आयोग के अनुसार, मतदान 300 निर्वाचन क्षेत्रों में से 299 सीट पर हो रहा है. एक उम्मीदवार के निधन के कारण एक सीट पर मतदान बाद में कराया जाएगा. चुनाव में 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं. भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षक 12वें आम चुनाव की निगरानी में लगे रहें. मतदान के दौरान कानून व व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षाबलों के 7.5 लाख से अधिक सदस्य तैनात किए गए. निर्वाचन आयोग ने कहा कि नतीजे आठ जनवरी की सुबह से आने की उम्मीद है.

**आवामी लीग ने दिसंबर 2018 में पिछला चुनाव भी जीता था :** प्रधानमंत्री शेख हसीना (76) वर्ष 2009 से सत्ता में हैं और उनकी पार्टी आवामी लीग ने दिसंबर 2018 में पिछला चुनाव भी जीता था. उनके इस एकतरफा चुनाव में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटना तय है.



### रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग

बांग्लादेश के दक्षिणी तटीय जिले कॉक्स बाजार में एक रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग लग गई, जिससे 1,000 से अधिक आश्रय जलकर खाक हो गये और हजारों लोग बेघर हो गए. एक अग्निशमन अधिकारी और संयुक्त राष्ट्र ने रविवार को यह जानकारी दी. उखिया दमकल केंद्र के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि उखिया के कुटुपलोंग शिविर में शनिवार आधी रात को आग लग गई और हवा तेज होने के कारण आग ने कम समय में ही विकराल रूप ले लिया. उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. उन्होंने कहा कि आग काफी व्यापक थी और इससे शिविर में लगभग 1,040 आश्रय स्थल जलकर खाक हो गये. हमें उखिया और जिले के अन्य दमकल केंद्रों से 10 इकाइयों को बुलाना पड़ा. आग पर काबू पाने में लगभग दो घंटे लगे, घटनास्थल पर मौजूद 'एसोसिएटेड प्रेस' के एक संवाददाता ने बताया कि आग जब तेजी से फैलने लगी तो महिलाओं और बच्चों सहित हजारों शरणार्थी अपने सामान लेकर खुले मैदान में जाने लगे.

### भारत, बांग्लादेश का भरोसेमंद मित्र : हसीना



हसीना ने कहा कि भारत, बांग्लादेश का भरोसेमंद मित्र है. उन्होंने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं...भारत हमारा भरोसेमंद मित्र है. मुक्ति युद्ध (1971) के दौरान, 1975 के बाद उन्होंने न केवल हमारा समर्थन किया जब हमने अपना पूरा परिवार– पिता, मां, भाई, हर कोई (सैन्य तख्तापलट में) खो दिया था और केवल हम दो (हसीना और उनकी छोटी बहन रिहाना) बचे थे...उन्होंने हमें शरण भी दी. इसलिए हम भारत के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं. सैन्य अधिकारियों ने अगस्त 1975 में शेख मुजीबुर रहमान, उनकी पत्नी और उनके तीन बेटों की उनके घर में ही हत्या कर दी गयी थी. उनकी बेटियां हसीना और रिहाना उस हमले में बच गयी थीं क्योंकि वे विदेश में थीं. यह पूछने पर कि बीएनपी के बहिष्कार के कारण यह चुनाव कितना स्वीकार्य है, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी लोगों के प्रति है. बीएनपी ने 2014 के चुनाव का बहिष्कार किया था लेकिन 2018 के चुनाव में भाग लिया था. प्रधानमंत्री हसीना की सत्तारूढ़ आवामी लीग के लगातार चौथी बार जीतने की उम्मीद है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया (78) की पार्टी बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है. खालिदा भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद घर में नजरबंद हैं. जो 27 राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे हैं उनमें विपक्षी जातीय पार्टी भी शामिल है. बाकी सत्तारूढ़ अवामी लीग की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्य हैं जिसे विशेषज्ञों ने चुनावी गुट का घटक सदस्य बताया है.

## स्मृति ईरानी दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं

**जेद्दा।** अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी हज सम्मेलन में भाग लेने और भारत तथा सऊदी अरब के बीच हज समझौते 2024 पर हस्ताक्षर करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचीं. राजदूत डॉ. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी अरब के हज तथा उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने जेद्दा हवाई अड्डे पर ईरानी की अगवानी की. जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी हज सम्मेलन में भाग लेने और द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए जेद्दा पहुंच गयी हैं. इसने एक बयान में कहा कि ईरानी सऊदी अरब के हज और उमरा मामलों के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी.

# 'एनिमल' से कुछ को दिक्कत दर्शकों ने पसंद किया: रणबीर

**भाषा। मुंबई**

अभिनेता रणबीर कपूर ने कहा है कि उनकी फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, मगर इसे बॉक्स ऑफिस पर मिली कामयाबी साबित करती है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया है. 'एनिमल' को दर्शकों और आलोचकों के एक वर्ग ने स्त्रीद्वेषी और हिंसक बताया था, इसके बावजूद यह 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में शामिल है.

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म एक दिसंबर को रिलीज हुई थी और इसने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की. फिल्म के कामयाब होने के मद्देनजर शनिवार रात को एक पार्टी रखी गई थी जहां कपूर ने उन्हें फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए निर्देशक का आभार जताया. अभिनेता ने कार्यक्रम में कहा कि फिल्म 'एनिमल' की कामयाबी के जश्न के मौके पर आज यहां आने के लिए आप सबका शुक्रिया. फिल्म से लोगों के एक वर्ग को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है.

पार्टी में रेड्डी वांगा और 'एनिमल' के अन्य अभिनेता अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, प्रेम चोपड़ा, सुरेश ओबेरॉय, सौरभ सचदेवा और सिद्धांत कार्निक ने भी शिरकत की. निर्देशक ने इस फिल्म में योगदान के लिए कलाकारों और अन्य जुड़े लोगों का आभार जताया.

# न्याय यात्रा में सभी हों शामिल : कांग्रेस

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह न्याय के लिए तथा बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की रक्षा के लिए डटे लोगों, सामाजिक संगठनों और आंदोलनों को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है जो 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होकर मुंबई पहुंचेगी.

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लोगों से राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जाने वाली यात्रा में भाग लेने की अपील की. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा हर भारतीय के लिए आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाले जाने वाला कांग्रेस पार्टी का अभियान है. रमेश ने कहा कि देशभर में करोड़ों नागरिक, लाखों संगठन और हजारों आंदोलन ऐसे हैं जो जमीनी स्तर पर न्याय के लिए लड़ते हैं.

**आंबेडकर के संविधान की रक्षा करने वालों को निमंत्रण :** जयराम रमेश ने कहा कि वे रोजाना युवाओं के लिए बेहतर अवसर, महिलाओं को सशक्त बनाने, मजदूरों और किसानों के लिए, दलित, आदिवासियों तथा पिछड़े समुदायों और कई अनेक वंचित वर्गों एवं समूहों को समान अधिकार दिलाने के लिए काम करते हैं. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि पार्टी न्याय के लिए और बाबासाहब आंबेडकर के संविधान की रक्षा के लिए खड़े सभी लोगों, प्रत्येक सामाजिक संगठन और सभी आंदोलनों को मणिपुर से मुंबई तक निकलने वाली और 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करती है.

रमेश ने कहा कि हम सब मिलकर प्रत्येक भारतीय को न्याय दिलाने के संविधान के वादे की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करें.

## ब्रीफ खबरें

### अनधिकृत उत्खनन के आरोप में पांच गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को वन उपज के कथित अनधिकृत उत्खनन के लिए नेपाल के दो निवासियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि एक पुलिस दल ने गुलाबगढ़ में एक वाहन को रोका और उसमें बड़ी मात्रा में वन उपज से भरे पांच बैग बरामद किए. उन्होंने बताया कि पांच लोगों - कब्बन-पद्दार (किश्तवाड़) निवासी नवांग सेंटम, दिल्ली के क्षितिज भूटानी, उत्तराखंड के महावीर और नेपाल निवासी सागर तमांग और गण मगर (जो वर्तमान में देहरादून में रह रहे हैं) को गिरफ्तार किया और इनके वाहन जब्त कर लिए गए.

### अवैध रूप से रहने वाले तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**पालघर।** पुलिस ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में अवैध रूप से रहने के आरोप में तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने चार जनवरी को वसई इलाके में तलाश अभियान चलाया जिसमें पुलिस ने 23 से 45 वर्ष की आयु के तीन लोगों को गिरफ्तार किया. वसई पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपियों के पास भारत में रहने के लिए वैध दस्तावेज नहीं हैं. उन्होंने बताया कि इसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियमों और विदेशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया.

# कांग्रेस ने आस्था के साथ कभी नहीं किया खिलवाड़ : अविनाश

**भाषा। लखनऊ**

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के नवनियुक्त प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि पार्टी ने कभी भी भगवान राम या कृष्ण के नाम पर लोगों की आस्था से खिलवाड़ नहीं किया. पांडे ने कहा कि आगामी 15 जनवरी को वह निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएंगे लेकिन उनकी इस यात्रा का कोई राजनीतिक अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए और वह अपनी व्यक्तिगत आस्था के कारण वहां जा रहे हैं.

उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि चाहे भगवान राम हों या भगवान कृष्ण, कांग्रेस ने कभी भी लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया है और ना ऐसा कभी नहीं करेगी. पांडे ने कहा कि प्रभु श्री राम हमारे दिल में बसते हैं और हर दिन मैं उनके सामने दो बार सिर झुकाता हूं. पूछा गया कि क्या आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ कोई बातचीत चल रही है, तो पांडे ने कहा किराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय समिति इस पर काम कर रही है. बसपा के साथ उनकी क्या चर्चा हुई है, मुझे पता नहीं है.

हालांकि उन्होंने कहा कि जब सबका लक्ष्य एक ही है... और अघोषित आपातकाल से छुटकारा पाना है. इसके लिए भाजपा को हराना होगा और सभी समान विचारधारा वाले दलों को एक लक्ष्य के साथ एक साथ आना होगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचकर सरयू नदी में डुबकी लगाएंगे, राम मंदिर के दर्शन करेंगे और अयोध्या में हनुमानगढ़ी के भी दर्शन करेंगे.

## राजनीतिक चंदा घोटाले में पहली गिरफ्तारी हुई

**तोक्यो।** जापान के एक बड़े राजनीतिक चंदा घोटाले के सिलसिले में अभियोजकों ने रविवार को पहली गिरफ्तारी की है. इस घोटाले ने प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार को हिलाकर रख दिया है. अधिकारियों और स्थानीय मीडिया खबरों के अनुसार, तोक्यो डिस्ट्रिक पब्लिक प्रोसिक्यूटर ऑफिस ने पूर्व उप-शिक्षा मंत्री योशिताका इकेदा को सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर अपने गुट से चंदे के रूप में जुटाई गई धनराशि में घपला करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है. इकेदा का गुट किशिदा की सत्तारूढ़ पार्टी में सबसे बड़ा और प्रभावशाली माना जाता है. पहले इस गुट का नेतृत्व दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे करते थे. इस गुट पर चंदे के रूप में जुटाई गई धनराशि में घपला कर 60 करोड़ येन (4.15 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का लेखाजोखा साझा नहीं करने का आरोप है.

# रेप केस में फंसे पूर्व विधायक मेवाराम जैन कांग्रेस से सस्पेंड

**भाषा। जयपुर**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (आरपीसीसी) ने पूर्व विधायक मेवाराम जैन को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. पार्टी के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी. कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जैन के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया.

आदेश के अनुसार, बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया गया है. उनका आचरण कांग्रेस पार्टी के संविधान के तहत अनुशासन के उल्लंघन का स्पष्ट



संकेत है. एक महिला ने दिसंबर 2023 में बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन और राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी आनंद सिंह राजपुरोहित सहित नौ लोगों पर दो साल पहले उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और उसकी किशोर बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने बताया कि मामला जोधपुर के राजीव गांधी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था. महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसकी एक नाबालिग सहेली के साथ भी बलात्कार किया और उस पर अन्य लड़कियों को अपने पास लाने का दबाव डाला. प्राथिमिकी में बाड़मेर थानाधिकारी गंगाराम खावा, पुलिस उपनिरीक्षक दाउद खान और प्रधान गिरधारी सिंह सोढा भी नामित हैं.

महिला का आरोप है कि उसके पिता की बीमारी के कारण वह करीब पांच साल पहले बाड़मेर के रामस्वरूप के संपर्क में आई और उन्होंने उसे मदद का आश्वासन दिया था. उसकी कमजोरी का फायदा उठाते हुए आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, कृत्यों को रिकॉर्ड किया और उसका यौन शोषण करता रहा.

## कागजनगर जंगल में मृत पाई गई बाघिन

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर जंगल में बाघों के बीच लड़ाई के कारण एक बाघिन मृत पाई गई. रविवार को अधिकारियों ने जानकारी दी. मुख्य वन्यजीव वार्डन के कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि छह जनवरी को वन कर्मियों को बाघ का एक शव मिला जो मादा थी. इसके बाद जिला वन अधिकारी नीरज टी दो पशु चिकित्सक और अधिकारियों के साथ जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे. बाघिन की उम्र करीब डेढ़ साल थी. प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि जानवर की गर्दन और पेट पर चोटों के निशान थे और मृत बाघिन के मुंह में बालों के नमूने भी पाए गए, जो संभवतः किसी अन्य बाघ के थे, जिन्हें आगे की जांच के लिए भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि बाघिन की दाहिनी पिछली टांग भी टूटी हुई थी और चोटों से सूखे खून के निशान मिले हैं.

### यात्रा | रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से करेंगे मुलाकात

# 22 वर्षों में पहली बार भारतीय रक्षा मंत्री का ब्रिटेन दौरा

**भाषा। लंदन**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा पर होंगे. उनकी इस यात्रा को रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में भारत तथा ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय साझेदारी के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 22 वर्षों के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की यह पहली ब्रिटेन यात्रा होगी.

जून 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन की पूर्व नियोजित यात्रा को भारतीय पक्ष ने प्रोटोकॉल कारणों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया था. इसलिए सोमवार से शुरू होने वाली इस यात्रा को काफी अहम माना जा रहा है. इस दौरान राजनाथ ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यापक बातचीत



करेंगे. इसके अलावा वह औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' का निरीक्षण करेंगे तथा लंदन में स्थित महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. आंबेडकर स्मारक भी जाएंगे. रक्षा मंत्री सिंह के ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करने की उम्मीद है. लंदन स्थित विचार समूह 'इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज' में दक्षिण और मध्य एशियाई देशों के रक्षा, रणनीति और कूटनीतिक मामलों के वरिष्ठ फेलो राहुल रॉय चौधरी ने कहा कि राजनाथ सिंह की यह यात्रा रणनीतिक और सामरिक दोनों ही दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

**खास बातें**

- सोमवार से ब्रिटेन की तीन दिवसीय यात्रा पर होंगे
- जून 2022 में राजनाथ सिंह की ब्रिटेन की यात्रा हुई थी रद्द

### जॉर्ज फर्नांडिस ने की थी ब्रिटेन की यात्रा

बीते 22 वर्षों के बाद किसी भारतीय रक्षा मंत्री की यह पहली ब्रिटेन यात्रा होगी. पिछली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने 22 जनवरी 2002 को ब्रिटेन की यात्रा की थी. रॉय–चौधरी के अनुसार, राजनाथ सिंह की प्रस्तावित यात्रा ब्रिटेन के साथ भारत के राजनीतिक संबंधों में सुधार का संकेत देती है. इसके अलावा पिछले साल सितंबर में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भारत यात्रा के बाद दोनों देशों के रिश्तों में विकसित होती आपसी विश्वास की भावना का भी पता चलता है. उन्होंने कहा कि वास्तविक रूप से राजनाथ की यह यात्रा ब्रिटेन के साथ सैन्य सहयोग और रक्षा औद्योगिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में सार्थक प्रयास करेगी. नवंबर 2023 में दोनों देशों के बीच सचिव स्तर पर दिल्ली में रक्षा सलाहकार समूह (डीसीजी) की बैठक हुई थी. इसके अलावा अक्टूबर 2023 में संयुक्त सचिवों के स्तर पर भारत और ब्रिटेन के बीच 22 विदेश और रक्षा वार्ता की पहली बैठक हुई थी. रॉय–चौधरी ने कहा कि ब्रिटेन अब भारत के शीर्ष पांच रणनीतिक साझेदारों में से एक नहीं है.

# एएसपी सहित 6 पर दुष्कर्म व गर्भपात कराने का मामला दर्ज

**भाषा। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार थाना पुलिस ने आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राहुल श्रीवास्तव, उनकी पत्नी और चार अन्य करीबियों के खिलाफ कथित तौर पर दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और आपराधिक धमकी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी.

पुलिस के अनुसार एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही युवती की शिकायत के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस के एटीएस में तैनात एएसपी राहुल श्रीवास्तव, उनकी पत्नी डॉक्टर मानिनी श्रीवास्तव व चार अन्य दोस्तों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया गया. गोमती नगर विस्तार थाना के प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी ने बताया कि एक युवती की शिकायत पर शनिवार को एएसपी और अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी.

अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू कर दी गयी है और साक्ष्य मिलने पर कार्रवाई की जाएगी. करीब तीन महीने से पीड़िता राहुल श्रीवास्तव पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रही थी और जब उसने सोशल मीडिया पर आखिरी चेतावनी दी तो प्राथमिकी दर्ज की गयी.

### समारोह को अपने घर से टीवी पर देखेंगे और 22 जनवरी के बाद किसी भी दिन मंदिर जाएंगे

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खुश हैं मुस्लिम कारसेवक




एजेंसी। लखनऊ

मिर्जापुर के मोहम्मद हबीब तब भावुक हो गये, जब मीलों दूर अयोध्या से उनके लिए चावल के कुछ कच्चे दाने (अक्षत) और एक पत्र आया, जिसके साथ ही राम मंदिर की एक तस्वीर भी थी. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाई में विभिन्न पदों पर रह चुके 70 वर्षीय पूर्व ''कारसेवक'' हबीब ने बताया कि अक्षत पाकर मैं भावुक हो गया. अक्षत के साथ पत्र और राम मंदिर की तस्वीर अयोध्या से भेजी गई है क्योंकि 22 जनवरी को भव्य अभिषेक समारोह की तैयारी चल रही है. हबीब ने बताया कि वह समारोह को अपने घर से टीवी पर देखेंगे और 22 जनवरी के बाद किसी भी दिन मंदिर जाएंगे क्योंकि पिछले दिनों अयोध्या आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी के बाद लोगों से अयोध्या आने का आग्रह किया था. उनका कहना है कि वह एक ''कार सेवक'' थे और दो दिसंबर, 1992 से ''अपने लोगों के समूह'' के साथ चार से पांच दिनों के लिए अयोध्या में रुके थे. छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद गिरा दी गई थी.

हबीब ने बताया कि हिंदू और मुस्लिम पक्षों के बीच लंबी कानूनी लड़ाई नौ नवंबर, 2019 को सुलझी, जब उच्चतम न्यायालय के एक आदेश ने अयोध्या में विवादित स्थल पर एक सरकारी ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया और फैसला सुनाया कि अयोध्या में एक मस्जिद के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ का भूखंड होना चाहिए. मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को निर्धारित किया गया है. हबीब कहते हैं कि यह सभी के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा. उन्होंने कहा कि हमें यह तारीख बहुत तपस्या और बहुत सारी लड़ाइयों के बाद मिली है. मैं भाजपा का पुराना सदस्य हूं. लगभग 32 वर्षों के बाद मुझे परिणाम मिले और पुरानी यादें ताजा हो गईं. हबीब का कहना है कि वह भगवान राम को अपना पूर्वज मानते हैं और पूर्वजों को याद करना ही भारतीयता है.

मिर्जापुर के पड़ोसी जिले वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाला अपना मुस्लिम महिला फाउंडेशन चलाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नाजनीन अंसारी भी खुश हैं. उनकी सहयोगी नजमा ने अयोध्या से राम ज्योति (विशेष दीये) लाने और उन्हें वाराणसी में 400-500 परिवारों (हिंदू और मुस्लिम दोनों) के बीच वितरित करने का फैसला किया है. नाजनीन अंसारी ने कहा कि हम भगवान राम की ज्योति लाकर काशी में हिंदू और मुस्लिम परिवारों को देंगे और उनसे 22 जनवरी तक इसे निरंतर जलते रहने की अपील करेंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि यहां एक भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि भगवान राम हमारे पूर्वज नहीं हैं. नजमा ने कहा कि भगवान राम कण-कण में बसे हैं. हम सभी जानते हैं कि हम अपना धर्म बदल सकते हैं, लेकिन हम अपने पूर्वजों को नहीं बदल सकते.

## कभी राम मंदिर का नाम लेना भी डरावना था, आज वहां हर तरफ खुशी

नाजनीन अंसारी का कहना है कि उन्होंने नफरत का वह दौर देखा है जहां राम मंदिर का नाम लेना भी डरावना था और, आज हम राम मंदिर के निर्माण के कारण पूरे देश में खुशी भी देख रहे हैं. मैं इससे बहुत खुश महसूस कर रही हूं. अंसारी ने कहा कि उन्होंने 2006 में वाराणसी के संकट मोचन मंदिर में हुए विस्फोटों के बाद भगवान राम का अनुसरण करना शुरू किया था. मंदिर और छावनी रेलवे स्टेशन पर हुए बम विस्फोटों में कम से कम 20 लोग मारे गए थे. उन्होंने कहा कि मैं 70 मुस्लिम महिलाओं के साथ संकट मोचन मंदिर गई और हनुमान चालीसा का पाठ किया. उन्होंने कहा कि वह अभिषेक समारोह टीवी पर देखेंगी लेकिन राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले अयोध्या के इकबाल अंसारी उन दर्शकों में शामिल होंगे जो अभिषेक समारोह में उपस्थित होंगे. उन्हें प्रतिष्ठा समारोह के लिए अधिकारियों की ओर से आधिकारिक निमंत्रण मिल गया है.



## राम मंदिर के भूमिपूजन में शामिल हुए थे

मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले इकबाल अंसारी ने याद दिलाया कि उन्हें पांच अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमिपूजन में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला था और वह उस कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे. 55 वर्षीय अंसारी ने बताया कि जब नौ नवंबर, 2019 को शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुनाया तो पूरे देश के मुसलमानों ने इसका स्वागत किया. देश में कहीं भी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ और न ही कोई आंदोलन हुआ. ये सभी मुद्दे 9 नवंबर, 2019 को समाप्त हो गए हैं. अंसारी, जिनका परिवार पिछले 100 वर्षों से अयोध्या में रह रहा है, कहा कि अयोध्या में जो कुछ भी हो रहा है वह ऐतिहासिक है. उन्होंने कहा कि मंदिर शहर में विकास हो रहा है.

# राम मंदिर की थीम वाली साड़ियों के ऑर्डर, बुनकरों में उत्साह

एजेंसी। वाराणसी



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में इसी महीने होने वाले भगवन राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम मंदिर की थीम पर बनी बनारसी साड़ियां फैशन की दुनिया में धूम मचाने के लिये तैयार है और बुनकर इन साड़ियों के पल्लुओं को सुंदर बनाने के लिए काम कर रहे हैं. बुनकरों को साड़ियों पर विभिन्न डिजाइन के लिए 'ऑर्डर' मिले हैं, जिनमें साड़ियों के पल्लुओं पर राम मंदिर की आकृति, भगवान राम के जीवन से जुड़ी जानकारी वाले डिजाइन शामिल हैं. मंदिर का पहला चरण पूरा होने वाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे. उच्चतम न्यायालय ने 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए एक सदी से भी अधिक समय पुराने मंदिर-मस्जिद विवाद का निपटारा कर दिया था. अदालत ने विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का समर्थन किया था और फैसला सुनाया था कि मस्जिद के निर्माण के लिए वैकल्पिक पांच एकड़ जमीन दी जानी चाहिए. जैसे ही अयोध्या राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए तैयार हो रही है, देशभर के बुनकर अनूठी कृतियों के माध्यम से मंदिर के उद्घाटन के लिए अपना उत्साह व्यक्त कर रहे हैं. मुबारकपुर क्षेत्र के बुनकर अनीसुर रहमान ने कहा कि इस भव्य आयोजन को लेकर वाराणसी के बुनकर समुदाय में भारी उत्साह है. रहमान ने कहा कि ऐतिहासिक विशेषताओं के साथ डिजाइन वाली साड़ियों की हमेशा से काफी मांग रही है, लेकिन राम मंदिर के प्रति भावना पूरी तरह से अलग है. उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर थीम पर साड़ियां तैयार कर रहे हैं और ये जल्द ही फैशन की दुनिया में धूम मचाने को तैयार है. हमारे पास देश के विभिन्न हिस्सों से महिलाओं के ऑर्डर मिले हैं जो इन साड़ियों को पहनकर अपने-अपने स्थानों पर 22 जनवरी का जश्न मनाना चाहती हैं. राम मंदिर की 'थीम' पर तैयार की जा रही साड़ियों के प्रकार के बारे में बताते हुए रहमान ने कहा कि एक प्रकार की साड़ियों के पल्लू पर राम मंदिर का शिलालेख होता है; ये साड़ियां लाल और पीले रंग में बनाई जा रही हैं और शिलालेख सुनहरे रंग में है. दूसरी तरह की साड़ियां कई रंगों में उपलब्ध हैं और उनके बॉर्डर पर श्री राम लिखा हुआ है.

### अयोध्या की राजकुमारी भारत से गई थी कोरिया, कभी नहीं लौटी

# बीटीएस बैंड से मिलने कोरिया भागीं आठवीं की छात्राएं, चेन्नई से ही लौटीं

**बैंड के नाम 23 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड**

शिवेंद्र नाथ तिवारी। रांची

तमिलनाडु के करूर जिले के एक गांव की तीन स्कूली छात्राओं ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि संगीत और नृत्य के प्रति जुनून उन्हें एक दिन कम पैसे और बिना पासपोर्ट के दूसरे देश की यात्रा पर निकलने के लिए मजबूर कर देगा. लोकप्रिय कोरियाई पॉप बैंड बीटीएस की दीवानी तीन छात्राओं ने अपने प्रिय सितारों से मिलने के लिए दक्षिण कोरियाई राजधानी सियोल जाने का फैसला किया. वे सभी एक सरकारी स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा हैं और 13 साल की हैं. बाल कल्याण समिति के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने किसी भी तरह, बीटीएस सितारों से मिलने का फैसला किया और दक्षिण कोरिया जाने के लिए तमिलनाडु में तुतुकड़ी और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के बंदरगाहों का चयन किया. उन्होंने अंततः विशाखापत्तनम को चुना. चार जनवरी को लड़कियां चुपचाप घर से निकल गईं. बाद में जब लड़कियां घर नहीं लौटीं, तो उनके माता-पिता ने करूर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसने राज्य भर में अधिकारियों को सतर्क कर दिया और तलाश शुरू कर दी गई. हालांकि किशोरियों के पास कुल मिलाकर लगभग 14,000 रुपये थे, जो उनकी बचत थी. उन्हें विश्वास था कि वे अब भी दक्षिण कोरिया जा सकती हैं. उन्हें लगा कि वे बिना पासपोर्ट के जहाज से सियोल जा सकती हैं.

**इधर-उधर भटकती रहीं छात्राएं:** शुक्रवार को छात्राएं वे इधर-उधर भटकती रहीं और उनकी सारी ऊर्जा खत्म हो गई. जब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा तो वे अपने घर लौटने के लिए चेन्नई में एक ट्रेन में सवार हो गईं. कटपाडी रेलवे स्टेशन पर जब वे आधी रात को खाना खरीदने के लिए उतरीं, तो उनकी ट्रेन छूट गई. पुलिस कर्मियों ने बच्चों और चाइल्ड लाइन अधिकारियों से बात की और हमें सतर्क कर दिया गया. उन्हें वेल्लोर जिले में एक सरकारी केंद्र में रखा गया, उनके माता-पिता को बुलाया गया.

**बीटीएस : बैंगटन सोनीएंडन**



## भारत में मजबूरी से हुई शुरुआत, बना ट्रेंड

के-पॉप का भारत में प्रवेश 2000 के दशक में उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में कोरियाई सामग्री की आमद का पता लगाया जा सकता है. लोगों को मुख्यभूमि से अलग-थलग करने के प्रयास में, क्षेत्र के सबसे पुराने अलगाववादी समूहों में से एक, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट ने हिंदी फिल्मों और हिंदी सैटेलाइट चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया. बॉलीवुड पर प्रतिबंध के कारण मजबूरी में कोरियाई फिल्मों, शो और संगीत का उदय हुआ, जिनका मुख्य रूप से पायरेटेड तरीकों से प्रवेश हुआ. कोरियाई कलाकार पीएसवाई का वायरल ट्रैक गंगनम स्टाइल, मुख्यधारा की जनता का के-पॉप से पहला जुड़ाव था. इस गाने ने 2012 में इंटरनेट पर तहलका मचा दिया था, पार्टियों में सभी ने इसके हुक स्टेप्स पर डांस किया था और इसने तीन साल तक यूट्यूब पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो का स्थान बनाए रखा.

## इस कारण से फेमस हुआ बीटीएस

जहां बाकी बैंड्स दिल, दोस्ती, प्यार-व्यार, इश्क, बेवफाई को अपने लफ़्ज़ों मं पिरो रहे हैं. वहीं बीटीएस ने अपने गानों के लिए बुलिंग, खुद को एक्सेप्ट करने और मेंटल हेल्थ जैसे सेंसेटिव सब्जेक्ट को चुना. तभी उनका ये बेबाक अंदाज़ नई पीढ़ी को भा गया. तभी तो लैपटॉप हो या मोबाइल उनका वॉलपेपर बीटीएस बॉयज़ बन गए. टीशर्ट से लेकर कॉफी मग तक उनके प्रिंट आ गए. इनकी लोकप्रियता का ही ये कमाल था कि इस कोरियन बॉय बैंड ने डोनल्ड ट्रंप, मिशेल ओबामा, और सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान जैसे दिग्गजों को पछाड़कर टाइम पर्सन ऑफ द ईयर 2018 का खिताब अपने नाम कर लिया था.

### तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद भी कर चुके हैं तारीफ

कोरियाई संस्कृति ने 2017-18 तक देश में तूफान ला दिया था. इतना कि तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे के लिए एक कार्यक्रम में अपने भाषण में भी उनका उल्लेख किया था. उन्होंने कहा था कि कोरियाई लोकप्रिय संस्कृति ने भी हमें मंत्रमुग्ध कर दिया है. गंगनम स्टाइल से लेकर कोरिया के बैंड बीटीएस तक, हमारे युवा इन पॉप समूहों की धुनों से मंत्रमुग्ध हैं - भले ही उनमें से कई ने कभी गंगनम का दौरा नहीं किया हो! हमारे लोग, समान स्वाद साझा करते हैं, संगीत से लेकर व्यंजन तक.

### सबसे पहले अयोध्या की राजकुमारी गईं कोरिया

भगवान राम और अयोध्या से जुड़ी कई कथा हज़ारों साल से भारतीय लोककथाओं का हिस्सा हैं. भारत ही नहीं कोरिया में भी अयोध्या से पुराने ताल्लुक की कहानी प्रचलित है, कोरिया के इतिहास में झांके जो पता चलता है कि भारत का अयोध्या (उस वक़्त साकेत) से 2000 साल पहले अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्ना नी हु ह्वांग ओक-अयुता भारत से दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांग प्रांत के किमहये शहर गई थीं. लेकिन राजकुमार राम की तरह ये राजकुमारी कभी अयोध्या वापस नहीं लौटीं.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# कॉरपोरेट लॉ खोलता है कॅरियर के दरवाजे, कर सकते हैं कई कोर्स

**कॉरपोरेट लॉ आधुनिक समय का सर्वाधिक प्रभावी बिजनेस टूल है. कॉरपोरेट कानून शेयरधारियों, निदेशकों, कर्मचारियों, ऋणदाताओं तथा अन्य हिस्साधारियों, जैसे उपभोक्ताओं, समुदायों के आंतरिक नियमों के तहत एक-दूसरे के बीच के लेनदेन का अध्ययन होता है. कॉरपोरेट लॉ विस्तृत कंपनी कानून का एक हिस्सा होता है. इसके अंतर्गत बिजनेस से जुड़ी तमाम बातें जैसे पेंशन, चैरिटी, रजिस्ट्रेशन, लेबर लॉ, कॉन्ट्रेक्ट और बिजनस से जुड़े अन्य पहलू आती हैं. कॉर्पोरेट लॉ के अंतर्गत कंपनी लॉ और बिज़नेस की पूरी जानकारी आती है. एक कॉर्पोरेट लॉयर कंपनी को क़ानूनी तरीके से आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने में मदद करता है.**

## कॉर्पोरेट लॉ कोर्स

- हर कंपनी को एक कॉरपोरेट लॉयर की जरुरत होती है. इसलिए जैसे-जैसे भारत में नई-नई कंपनियां आती जाएंगीं, कॉरपोरेट लॉयर की मांग उसी हिसाब से बढ़ती जाएगी.
- कॉरपोरेट लॉयर की जॉब एक हाई प्रोफाइल जॉब है. इसमें अच्छी सैलरी के साथ मान-सम्मान भी मिलता है.
- कॉरपोरेट लॉयर बनने के बाद आप एक अच्छी सैलरी पा सकते हैं, अगर आप फ्रेशर भी हैं तब भी आप 6 लाख रूपये सालाना तक कमा सकते हैं.
- कॉरपोरेट लॉयर की विदेशों में भी बहुत मांग होती है. आप चाहें तो विदेश में जाकर भी जॉब कर सकते हैं.

## कॉर्पोरेट लॉ के फायदे

- कॉर्पोरेट लॉयर की प्रोफ़ाइल एक महत्वपूर्ण प्रोफ़ाइल है और कॉरपरेट लॉयर की मांग दिन पर दिन बढ़ती जा रही है. इसलिए कॉरपरेट लॉ का कोर्स करना एक फायदेमंद निर्णय है.
- कॉर्पोरेट लॉयर को कुछ बड़ी कंपनियां सैलरी और मेडिकल के अलावा अन्य सुविधाएं - जैसे रहने के लिए घर, कार और घूमने के लिए हॉलिडे पैकेज आदि भी देती है.
- कॉर्पोरेट लॉयर की जरुरत प्राइवेट और सरकारी दोनों सेक्टर की कंपनियों को होती है. यदि आप सरकारी जॉब करने के इच्छुक हैं तो आप कॉर्पोरेट लॉयर का कोर्स करने के बाद सरकारी जॉब भी कर सकते हैं.
- अगर आप अपना खुद का बिजनेस खोलने में दिलचस्पी रखते हैं तो आप कॉर्पोरेट लीगल एडवाइजर के तौर पर खुद का ऑफिस खोलकर भी काम शुरू कर सकते हैं.



## करियर स्कोप

- बैंकिंग सेक्टर
- बीमा कंपनियां
- मल्टीनेशनल कम्पनियां
- सरकारी क्षेत्र

## स्किल्स

- **बिजनेस की समझ :** आपके अंदर बिजनेस की समझ होना बहुत जरूरी है. एक कॉर्पोरेट लॉयर के तौर पर आपको बिजनेस से जुड़े नियमों के बारे में पता होना चाहिए.
- **कम्युनिकेशन स्किल्स :** एक कॉर्पोरेट लॉयर बनने के लिए आपके अंदर कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत जरूरी है. आपको कोर्ट में अपनी कंपनी का पक्ष रखना होगा. इसके लिए आपके पास अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत जरूरी है.
- **बिजनेस लॉ की समझ :** कॉर्पोरेट लॉ कोर्स करने के लिए आपके अंदर बिजनेस लॉ को समझने की क्षमता होना एक अनिवार्य मांग है.
- **आंकड़ों को याद रखने की क्षमता :** एक लॉयर को बहुत सारे एक्ट्स का उदाहरण देना पड़ता है. इसके लिए आपके अंदर आकड़ों को याद रखने की क्षमता होना जरूरी है.
- **कॉन्ट्रेक्ट ड्राफ्टिंग :** कॉन्ट्रैक्ट ड्राफ्टिंग भी कॉरपरेट लॉ कोर्स का एक जरूरी हिस्सा है. कॉर्पोरेट लॉ कोर्स करने के लिए आपको कॉन्ट्रेक्ट ड्राफ्टिंग करना आना बहुत जरूरी है.

## विदेशी विश्वविद्यालय

- यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिनबर्घ, यूके
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेलबोर्न, ऑस्ट्रेलिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेनचेस्टर, यूके
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिस्टल, यूके
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ ग्लासगो, यूके
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ शेफ़ील्ड, यूके
- ब्रुनेल यूनिवर्सिटी, यूके

## भारतीय विश्वविद्यालय

- नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बैंगलुरू
- नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ़ लॉ हैदराबाद
- नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, जोधपुर, भोपाल, गुजरात
- नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी गांधीनगर
- पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय न्यायिक विज्ञान विश्वविद्यालय, कोलकाता
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- सिम्बायोसिस सोसाइटीज लॉ कॉलेज पुणे

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

## जॉब अलर्ट



सूरत नगर निगम ने क्लर्क ग्रेड 3 के लिए 146 पदों पर रिक्तियां निकाली है. इच्छुक उम्मीदवार कर सकते हैं आवेदन. अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए. उमीदवार को गुजराती भाषा बोलने, लिखने और पढ़ने में सक्षम होना चहिये तथा कंप्यूटर पर 30 शब्द प्रति मिनट की गति से गुजराती में टाइप करने में सक्षम होना चाहिए.

- **संगठन** – सुरत नगर निगम
- **पद नाम** – क्लर्क ग्रेड-3
- **पद संख्या** – 146
- **योग्यता** – डिग्री
- **नौकरी का स्थान** – गुजरात
- **आवेदन मोड** – ऑनलाइन
- **ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि** – 15 जनवरी 2024
- **ऑफिसियल साईट** – suratmunicipal.gov.in
- **आयु सीमा** – अंतिम तिथि तक उम्मीदवार न्यूनतम 21 से 30 वर्ष

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)